आज जब विश्व तेजी से ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, तब उच्च शिक्षा केवल उपाधि प्राप्त करने का माध्यम न रहकर किसी भी राष्ट्र की प्रगति, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और बौद्धिक शक्ति का केंद्रीय आधार बन चुकी है। विश्वविद्यालय अब मात्र शिक्षण संस्थान नहीं हैं, अपितु वे नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक परिवर्तन के सशक्त केंद्र के रूप में स्थापित हो रहे हैं। यहीं से नए विचार जन्म लेते हैं, नई तकनीकों का विकास होता है और भविष्य के नेतृत्व का निर्माण होता है। इसी कारण आज विश्वभर के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता, उनकी शोध क्षमता और वैश्विक प्रभाव का आकलन करने के लिए अनेक रैंकिंग प्रणालियां प्रचलन में हैं। इनमें क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रतिवर्ष जारी की जाने वाली 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' को विशेष महत्व प्राप्त है। हाल में जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2027 ने भारतीय उच्च शिक्षा की उपलब्धियों, उसकी बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और उसके समक्ष उपस्थित संरचनात्मक चुनौतियों का एक महत्वपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत किया है।

भारतीय उच्च शिक्षा तंत्र का उभारः इस रैंकिंग के अनुसार, वैश्विक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका और ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों का अकादमिक वर्चस्व अभी भी कायम है। अमेरिका का 'मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी' (एमआइटी) लगातार पंद्रहवें वर्ष दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में अपने शीर्ष स्थान पर विराजमान है। इसके पश्चात इंपीरियल कालेज लंदन और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान आते हैं। अनुसंधान कोष, ऐतिहासिक प्रतिष्ठा और संसाधनों की प्रचुरता के कारण पश्चिमी संस्थान अभी भी वैश्विक शिक्षा के प्रतिमान तय कर रहे हैं। इस कठिन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक परिवेश के बीच भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली का निरंतर उदय एक अत्यंत सकारात्मक और ऐतिहासिक घटनाक्रम है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और जर्मनी के बाद भारत अब दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा उच्च शिक्षा तंत्र बनकर उभरा है।

'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2027' में कुल 52 भारतीय संस्थानों का शामिल होना देश की शैक्षिक क्षमता के व्यापक संस्थागत विस्तार का स्पष्ट संकेतक है। वर्ष 2010 और 2015 में क्यूएस रैंकिंग में भारत के केवल 11 संस्थान ही स्थान बना सके थे। आज लगभग डेढ़ दशक में भारत की उपस्थिति लगभग पांच गुना तक विस्तृत हुई है। यह परिवर्तन केवल संख्यात्मक वृद्धि नहीं, अपितु भारतीय उच्च शिक्षा की बढ़ती वैश्विक स्वीकृति, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और संस्थागत सुदृढ़ीकरण का भी परिचायक है। इन 52 संस्थानों में 33 सरकारी संस्थान हैं, जबकि 19 निजी अथवा गैर-लाभकारी विश्वविद्यालय हैं। निजी क्षेत्र की यह बढ़ती भागीदारी इसका संकेत है कि भारत में उच्च शिक्षा अब केवल राज्य के वित्तपोषण पर निर्भर नहीं है, अपितु निजी निवेश भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

गुणवत्तात्मक उत्कृष्टता का प्रश्न : यद्यपि इस मात्रात्मक विस्तार के समानांतर जब हम गुणवत्तात्मक उत्कृष्टता के मापदंडों पर भारतीय संस्थानों का मूल्यांकन करते हैं, तो एक विरोधाभासी स्थिति उत्पन्न होती है। इस वैश्विक सूची में शामिल 52 संस्थानों में से केवल आठ संस्थान ही दुनिया के शीर्ष पांच सौ विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठित श्रेणी में अपना स्थान बना सके हैं। यह आंकड़ा इस कठोर वास्तविकता को उजागर करता है कि भारत ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विस्तार तो अवश्य कर लिया है, लेकिन गुणवत्तात्मक उत्कृष्टता के मामले में अभी हमें और प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत के शीर्ष संस्थानों के प्रदर्शन का सूक्ष्म अवलोकन करने पर यह तथ्य उभरकर सामने आता है कि इस सूची में तकनीकी संस्थानों, विशेषकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आइआइटी) का एकाधिकार है। भारतीय संस्थानों में शीर्ष दस में से नौ स्थानों पर आइआइटी का काबिज होना भारतीय तकनीकी शिक्षा की सुदृढ़ नींव को तो प्रमाणित करता है, किंतु कला, मानविकी, समाज विज्ञान, विधि और चिकित्सा विज्ञान पर केंद्रित हमारे पारंपरिक और बहु-विषयक राज्य और केंद्रीय विश्वविद्यालयों का इस शीर्ष रैंकिंग से नदारद होना चिंता भी उत्पन्न करता है। वैश्विक रैंकिंग में समग्र उत्कृष्टता केवल तकनीकी शिक्षा के दम पर नहीं, अपितु सभी विषयों में समान निवेश और उन्नयन के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है।

रैंकिंग मानकों का संरचनात्मक पूर्वाग्रहः वैश्विक रैंकिंग में भारतीय संस्थानों के इस सीमित प्रतिनिधित्व का विश्लेषण करते समय एक प्रश्न यह उठता है कि क्या इन अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसियों के मानक भारत की जटिल और बहुआयामी शैक्षिक वास्तविकता के अनुकूल हैं? गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि इन वैश्विक रैंकिंग एजेंसियों की मूल्यांकन पद्धति में एक स्पष्ट 'संरचनात्मक पूर्वाग्रह' मौजूद है, जो पश्चिमी विश्वविद्यालयों के माडल को ध्यान में रखकर बनाया गया है और भारत जैसे विकासशील देशों के परिप्रेक्ष्य से सुसंगत नहीं है। इन वैश्विक मापदंडों में सबसे बड़ी विसंगति 'अंतरराष्ट्रीयकरण' के पैमाने को लेकर है। क्यूएस रैंकिंग में 'अंतरराष्ट्रीय संकाय अनुपात' और 'अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात' को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। पश्चिमी विश्वविद्यालयों के लिए अपनी आर्थिक संपन्नता के कारण दुनिया भर से छात्रों और शिक्षकों को आकर्षित करना अपेक्षाकृत आसान है। इसके विपरीत, भारतीय उच्च शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य अपनी एक अरब से अधिक की विशाल आबादी और करोड़ों युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करना है। भारत की मुख्य चुनौती अंतरराष्ट्रीय कक्षाएं बनाने से कहीं अधिक घरेलू स्तर पर शिक्षा की सुलभता सुनिश्चित करना है, जिसे ये वैश्विक रैंकिंग महत्व नहीं देती। इसके अतिरिक्त, क्यूएस रैंकिंग का लगभग आधा हिस्सा 'अकादमिक प्रतिष्ठा' और 'नियोक्ता प्रतिष्ठा' पर निर्भर करता है, जो मूलतः व्यक्तिनिष्ठ और धारणा-आधारित सर्वेक्षणों पर संचालित होता है। इस पैमाने पर आक्सफोर्ड, कैंब्रिज या हार्वर्ड जैसे पुराने और साधन-संपन्न पश्चिमी विश्वविद्यालयों को उनका लाभ मिलता है। भारत के नवोदित या क्षेत्रीय विश्वविद्यालय, जो स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, वैश्विक धारणा के इस तंत्र में पिछड़ जाते हैं, क्योंकि वैश्विक अकादमिक समुदाय में उनकी वैसी दृश्यता नहीं होती है।

भारतीय विश्वविद्यालय केवल ज्ञान सृजन के केंद्र नहीं हैं, वे भारत के सामाजिक-आर्थिक उत्थान और समावेशिता के सबसे शक्तिशाली उपकरण हैं। एक भारतीय विश्वविद्यालय का संकाय सदस्य जितना समय और ऊर्जा पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को मुख्यधारा में लाने और उन्हें प्रशिक्षित करने में लगाता है, वह पश्चिमी देशों के प्रोफेसरों की तुलना में बहुत अलग और चुनौतीपूर्ण है। वैश्विक रैंकिंग प्रणाली किसी भी विश्वविद्यालय के इस 'सामाजिक प्रभाव' और उसकी 'समावेशिता' को मापने में पूरी तरह से विफल रहती है।

शोध और अनुसंधान के मूल्यांकन में भी एक स्पष्ट भाषाई और विषयगत पूर्वाग्रह दृष्टिगोचर होता है। रैंकिंग में 'प्रति संकाय उद्धरण' का बहुत बड़ा महत्व होता है, जिसे अक्सर पश्चिमी और अंग्रेजी-प्रधान डाटाबेस के माध्यम से मापा जाता है। यदि कोई भारतीय विश्वविद्यालय भारतीय कृषि, स्थानीय साहित्य, ग्रामीण अर्थव्यवस्था या क्षेत्रीय भाषाओं में अत्यंत उत्कृष्ट शोध कर रहा है, तो उसे वैश्विक स्तर पर उतने उद्धरण नहीं मिलते जितने पश्चिमी देशों की प्राथमिकताओं वाले विषयों को मिलते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत का स्थानीय शोध गुणवत्ताहीन है, अपितु सत्य यह है कि वह शोध वैश्विक रैंकिंग के निर्धारित खांचे में फिट नहीं बैठता। अतः वैश्विक रैंकिंग में भारतीय शिक्षण संस्थानों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए हमें रैंकिंग के इन संरचनात्मक पूर्वाग्रहों पर भी ध्यान अवश्य देना चाहिए। उचित यही है कि हमारे संस्थान इन संरचनात्मक पूर्वाग्रहों को एक चुनौती की तरह लेकर देखें तथा वैश्विक रैंकिंग के अंधानुकरण की दौड़ में शामिल हुए बिना अपनी कमियों को दूर करने की दिशा में कार्य करें।

## वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने की राह

वैश्विक प्रतिस्पर्धा में स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए भारतीय संस्थानों को अपने शोध का व्यावसायीकरण करने तथा अकादमिक जगत और उद्योगों के बीच एक अत्यंत मजबूत संबंध स्थापित करने की आवश्यकता है। अकादमिक शोध को केवल पत्रिकाओं तक सीमित न रखकर उसे पेटेंट, स्टार्टअप्स और समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान से जोड़ना होगा। इसके साथ ही, भारत सरकार द्वारा स्थापित 'नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क' (एनआइआरएफ) को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है, जो भारतीय परिप्रेक्ष्य और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर संस्थानों का मूल्यांकन करता है।

अंततः भारत के नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को यह समझना होगा कि हमारा अंतिम लक्ष्य अपने विश्वविद्यालयों को पश्चिमी मानकों की कार्बन कापी बनाना नहीं है। इसके बजाय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' के अनुरूप हमारा उद्देश्य ऐसे उत्कृष्ट बहु-विषयक केंद्र स्थापित करना होना चाहिए, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होने के साथ-साथ हमारी स्थानीय चुनौतियों, समावेशिता और सामाजिक न्याय के प्रति भी पूरी तरह संवेदनशील हों। जब हम वैश्विक उत्कृष्टता और अपनी स्थानीय प्रासंगिकता के बीच एक परिपूर्ण सामंजस्य बैठाने में सफल होंगे, तभी भारतीय उच्च शिक्षा अपने वास्तविक स्वर्ण युग में प्रवेश करेगी और भारत एक सच्ची 'वैश्विक ज्ञान महाशक्ति' के रूप में स्थापित हो सकेगा।

खरी-खरी

## पुरस्कारों की श्रेणी

हरेराम वाजपेयी

पहले साहित्यकार रचना लिखते थे, फिर प्रकाशक ढूंढते थे। आज साहित्यकार पहले पुरस्कारों की सूची ढूंढते हैं, फिर उसी हिसाब से रचना लिखते हैं। वर्ष भर कलम कम और आवेदन पत्र ज्यादा चलते हैं। साहित्य की नई परिभाषा बन चुकी है-"जो पुरस्कार समिति तक पहुंच जाए वही साहित्य।"

इन दिनों पुरस्कार परिणाम घोषित होने का दृश्य किसी बोर्ड परीक्षा से कम नहीं होता। सुबह से साहित्यकार मोबाइल हाथ में लेकर ऐसे बैठे रहते हैं जैसे बारहवीं का रिजल्ट आने वाला हो। नाम सूची में आ जाए तो फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम और साहित्यिक समूहों में बधाइयों की सुनामी आ जाती है। फोटो के साथ लिखा जाता है-"यह सम्मान मेरा नहीं, साहित्य साधना का सम्मान है।" और अगले ही घंटे वही पोस्ट पांच अलग-अलग समूहों में पुनर्प्रकाशित हो जाती है।

उधर जिनका नाम सूची में नहीं आता, वे भी साहित्य सेवा में पीछे नहीं रहते। तुरंत एक नई गोष्ठी का आयोजन होता है, जिसका विषय होता है-"साहित्य में गिरते मानदंड और बढ़ता भाई-भतीजावाद"। वहां उपस्थित सभी वक्ता इस बात पर सहमत होते हैं कि चयन समिति ने इस बार भी साहित्य का गला घोंट दिया है।

आजकल पुरस्कारों की इतनी श्रेणियां हो गई हैं कि लगता है भविष्य में "सर्वश्रेष्ठ प्रतीक्षारत साहित्यकार सम्मान", "लगभग चयनित कवि पुरस्कार" और "बहुत अच्छे थे पर रह गए सम्मान" भी शुरू हो जाएंगे। साहित्यकारों ने भी आशा का दामन नहीं छोड़ा है। जो इस वर्ष नहीं मिला, वह अगले वर्ष की संभावित सूची में स्वयं को पहले ही देख चुके हैं।

फिर भी मानना पड़ेगा कि साहित्य जगत में हलचल तो आई है। लोग खूब लिख रहे हैं, छप रहे हैं, पढ़ रहे हैं और सबसे बढ़कर परिणाम घोषित होने तक जीवित आशा बनाए रखे हुए हैं। इसलिए इतिहासकारों से विनम्र निवेदन है कि इस युग को "साहित्य विकास काल" अवश्य लिखें। आखिर जिस युग में हर दूसरा व्यक्ति कवि, तीसरा कथाकार और चौथा पुरस्कारार्थी हो जाए, वह इतिहास में स्थान पाने का अधिकारी तो बनता ही है।

X पोस्ट



लखनऊ में हुआ अग्निकांड सिर्फ हादसा नहीं, आपराधिक कृत्य है। कब सत्ता में बैठे नेता ऐसी नजीर पेश करेंगे कि अगली बार फायर सेफ्टी नियमों को ताख पर रखकर निर्माण न हो और निर्माण के बाद भी उसका उचित रखरखाव हो रहा है या नहीं, इसके लिए प्रभावी तंत्र कैसे बने, इसका संज्ञान लेंगे। राजेश शुक्ला@astrora

लखनऊ अग्निकांड पर अभी खूब शोर हो रहा है। चार दिन बाद सब शांत हो जाएगा। फिर उसी जगह पर उसी तरह शासन/प्रशासन की धज्जियां उड़ाकर गतिविधियां चलेंगी, क्योंकि एनओसी कैसे मिलती है, सब जानते हैं। शासन/प्रशासन के लिए आम आदमी सिर्फ एक संख्या है।
नवनीत मिश्रा@navneetmishra99

बेहतर है कि चंपत राय और राम मंदिर ट्रस्ट के मुख्य प्रशासनिक अधिकारीगण पहले नैतिक आधार पर इस्तीफा दें। अन्यथा इतने शक्तिशाली लोगों के रहते जांच शायद ही अपने अंजाम तक पहुंच पाए। हो सकता है कि ये लोग व्यक्तिगत तौर पर ईमानदार रहे हों, लेकिन उनकी प्रशासनिक अक्षमता तो उजागर हो ही गई है।
सुशांत झा@jhasushant

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या उद्धव ठाकरे राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक होने के कगार पर हैं?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**
क्या केंद्र और राज्य सरकारें सूखे से निपटने की पर्याप्त तैयारी करती दिख रही हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

ममता का शासन गया बनी नई सरकार,
तो पड़ोस के हिंदु जन जाग गए इस बार।
जाग गए इस बार दे दिया अल्टीमेटम,
देवों का अपमान सहेंगे बिल्कुल ना हम।
बंगलादेशी बंधु जगाएं अपनी क्षमता,
है शुभेंदु का राज न हैं अब दीदी ममता!
-ओम प्रकाश तिवारी



अनुराग अग्रवाल
राज्य ब्यूरो प्रमुख, हरियाणा

हरियाणा डायरी

# शक्ति संघर्ष से जूझती कांग्रेस




राहुल गांधी की कोशिशों के बाद भी खत्म नहीं हो पा रही हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी। फाइल

राहुल गांधी की तमाम कोशिशों के बावजूद हरियाणा कांग्रेस में एकजुटता अभी भी दूर की कौड़ी बनी हुई है। हिसार के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा और उसके बाद शुरू हुई तथाकथित 'परमिशन पालिटिक्स' ने पार्टी के भीतर मौजूद शक्ति-संतुलन और नेतृत्व संघर्ष को खुलकर सामने ला दिया है। बृजेंद्र सिंह द्वारा शुरू की गई सद्भावना यात्रा को प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का अधिकृत कार्यक्रम मानने से इन्कार कर दिया था। यह विरोध केवल कार्यक्रम को लेकर नहीं था, बल्कि इसके पीछे नेतृत्व और राजनीतिक प्रभाव के सवाल भी जुड़े हुए थे। यात्रा को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि जब राहुल गांधी स्वयं इस यात्रा में शामिल हुए, तब अचानक इसका राजनीतिक महत्व बढ़ गया और इसे कांग्रेस की आधिकारिक गतिविधि के रूप में देखा जाने लगा, लेकिन दिलचस्प पहलू यह रहा कि राहुल गांधी की मौजूदगी के बावजूद हरियाणा कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने रुख पर कायम रहे। उन्होंने इसे कांग्रेस का अधिकृत कार्यक्रम नहीं माना। यह स्थिति केवल एक कार्यक्रम पर मतभेद नहीं दर्शाती, बल्कि यह बताती है कि राज्य इकाई में राजनीतिक वैधता और नेतृत्व की स्वीकृति को लेकर अलग-अलग धारणाएं मौजूद हैं।

दरअसल हरियाणा कांग्रेस लंबे समय से कई शक्ति केंद्रों में बंटी हुई है। एक ओर भूपेंद्र सिंह हुड्डा का मजबूत संगठनात्मक और राजनीतिक प्रभाव है, तो दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और राज्य प्रभारी बीके हरिप्रसाद के नेतृत्व में संगठन का एक अलग ढांचा काम करता है। इसके अलावा कुमारी सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, बीरेंद्र सिंह और बृजेंद्र सिंह के साथ कैप्टन अजय यादव के अपने-अपने समर्थक समूह रहे हैं। यही कारण है कि कांग्रेस में किसी भी राजनीतिक गतिविधि को अक्सर गुटीय चश्मे से देखा जाता है। राज्य में धड़ेबाजी का इतना अधिक प्रभाव काम कर रहा है कि कभी कांग्रेस में कद्दावर नेता रह चुके डा. अशोक तंवर कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

सद्भावना यात्रा विवाद के बाद जो घटनाक्रम सामने आया, उसने इस गुटबाजी को और स्पष्ट कर दिया। बीके हरिप्रसाद ने एक परिपत्र जारी कर निर्देश दिया कि कोई भी कांग्रेस नेता भविष्य में किसी भी कार्यक्रम, यात्रा, आंदोलन या सार्वजनिक आयोजन से पहले हरियाणा कांग्रेस कमेटी से अनुमति प्राप्त करेगा। संगठनात्मक दृष्टि से यह निर्देश अनुशासन स्थापित करने का प्रयास माना जा सकता है, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से इसे पार्टी के भीतर बढ़ती स्वायत्तता और समानांतर गतिविधियों पर नियंत्रण की कोशिश के रूप में देखा गया। हालांकि इस निर्देश को लेकर सबसे तीखी प्रतिक्रिया भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से आई। हुड्डा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सांसद और विधायक जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जाने वाले आंदोलनों और कार्यक्रमों के लिए उन्हें कांग्रेस संगठन से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। यही वह बिंदु है जहां से हरियाणा कांग्रेस में 'परमिशन पालिटिक्स' शब्द प्रचलन में आया। सवाल यह नहीं था कि अनुमति लेनी चाहिए या नहीं, बल्कि यह था कि पार्टी में अंतिम राजनीतिक अधिकार किसके पास है, संगठन के पास या जनाधार वाले नेताओं के पास।

स्थिति तब और दिलचस्प हो गई जब बीके हरिप्रसाद के निर्देशों का व्यापक असर दिखाई नहीं दिया। इसके बाद हरियाणा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने दोबारा उसी आशय का परिपत्र जारी करते हुए नेताओं को संगठनात्मक अनुशासन का पालन करने की सलाह दी, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस पत्र को भी उतनी गंभीरता से नहीं लिया गया, जितनी अपेक्षा की जा रही थी। इससे यह संदेश गया कि पार्टी के भीतर निर्देश जारी करना और उन्हें लागू करवा पाना, दोनों अलग-अलग बातें हैं।

भाजपा सरकार के खिलाफ बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, कानून-व्यवस्था, महंगाई और विकास जैसे अनेक विषय मौजूद हैं, लेकिन कांग्रेस का सार्वजनिक विमर्श बार-बार नेतृत्व संघर्ष और गुटबाजी की ओर मुड़ जाता है। इससे विपक्ष के रूप में उसकी प्रभावशीलता प्रभावित होती है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो भाजपा के लिए यह स्थिति स्वाभाविक रूप से लाभकारी है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सशक्त विपक्ष सरकार पर दबाव बनाता है, लेकिन जब विपक्ष स्वयं अपने अंतर्विरोधों में उलझा हो तो सत्तारूढ़ दल की राजनीतिक स्थिति मजबूत होती है। हरियाणा में फिलहाल कुछ ऐसा ही परिदृश्य दिखाई देता है।

उत्तराखंड डायरी



रविंद्र बड़थ्वाल
राज्य ब्यूरो प्रमुख, उत्तराखंड

# अब गुणवत्तापरक शिक्षा का लक्ष्य



पूर्ण साक्षर राज्य बना उत्तराखंड। फाइल

उत्तराखंड राज्य अपनी स्थापना के 26वें वर्ष में पूर्ण साक्षर होने का गौरव प्राप्त करने वाला देश का नौवां राज्य बन गया है। निरक्षरता के विरुद्ध ढाई दशक की इस लड़ाई में मिली इस सफलता के पीछे वह लंबा संघर्ष है, जिसमें निरक्षरों की संख्या को बढ़ने नहीं देने का हौसला काम आया। इसके लिए प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन शत-प्रतिशत रखने के प्रयासों में कमी नहीं आने दी गई। निरक्षर आबादी को साक्षर बनाने और इसके लिए व्यावहारिक मापदंड निर्धारित करने के केंद्र सरकार के कदम राज्य के लिए फलीभूत हुए। एक और सफलता अपने नाम दर्ज कराने में सफल पुष्कर सिंह धामी सरकार के सामने अब एकमात्र बड़ी चुनौती शिक्षा की गुणवत्ता और दूरस्थ क्षेत्रों में भी उसकी सहज उपलब्धता है। इससे निपटने की सरकार की रणनीति ही यह भी तय करेगी कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा नई रोशनी बनकर पलायन रोकने का कारण बनेगी और रोजगार को तरसते हाथों का सहारा देगी।

नौ नवंबर, 2000 को अलग उत्तराखंड राज्य गठित होने के बाद से गुणवत्तापरक शिक्षा की राज्यवासियों की चाह अब तक अधूरी है। साक्षरता दर में राज्य गठन से पहले से ही गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडलों का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसी के बूते पूर्ण साक्षरता और गुणवत्तापरक शिक्षा का लक्ष्य शीघ्र हासिल होने की उम्मीदें जताई जाती रहीं। राज्य गठन के समय वर्ष 2001 में राज्य की साक्षरता दर 71.62 प्रतिशत थी। वर्ष 2011 की जनगणना में यह दर बढ़कर 78.92 प्रतिशत हो गई। अब साक्षरता दर 98.2 प्रतिशत हो चुकी है। राज्य को पूर्ण साक्षरता का मुकाम पाने के लिए राज्य को खासा संघर्ष करना पड़ा है। साक्षरता दर में रिकार्ड अच्छा होने के बावजूद राज्य को यह सफर तय करने में 25 वर्ष छह महीने लगे हैं। बड़ी चुनौती निरक्षरों की संख्या बढ़ने नहीं देने और जितने लोग निरक्षर हैं, उन्हें साक्षर बनाने के प्रयास भी जारी रखने की रही। कक्षा एक में नामांकन की दर 100 प्रतिशत के आसपास रखकर राज्य के भविष्य को निरक्षरता के अंधेरे में गोते लगाने से रोकने में लगाया गया जोर, आखिरकार निर्णायक साबित हुआ। निरक्षर आबादी को साक्षर बनाने की चुनौती से निपटने में केंद्र के कदम राज्य के लिए सहारा बन गए।

केंद्र ने साक्षरता को मापने के लिए नए मानदंड निर्धारित किए। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लास (अंडरस्टैंडिंग लाइफलांग लर्निंग फार आल इन सोसायटी) को केंद्र में साक्षरता मापने की नई गाइडलाइन अस्तित्व में आई। इसमें सात वर्ष से कम आयु के बच्चों को इसके दायरे में सम्मिलित नहीं किया गया। साथ में किसी भी राज्य में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु की 95 प्रतिशत आबादी साक्षर हो जाती है तो उसे पूर्ण साक्षर का दर्जा दिया जा सकेगा। साक्षरता मापने के लिए जो मानक रखे गए, उनमें बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक समझ के साथ वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता एवं कानूनी एवं स्वास्थ्य साक्षरता को भी लिया गया। केंद्र सरकार का एक और मानक राहत देने वाला रहा है। इसमें माना गया कि वृद्धावस्था, गंभीर बीमारी और बौद्धिक अक्षमता जैसी परिस्थितियों के कारण वास्तविक रूप से शत-प्रतिशत साक्षरता संभव नहीं है। इन सभी बिंदुओं पर जब आंकड़ों को परखा गया तो सामने आया कि उत्तराखंड में साक्षरता दर 95 प्रतिशत को पार कर 98.7 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

आश्चर्यजनक ढंग से यहां भी डबल इंजन के रूप में केंद्र की भूमिका का उल्लेख करना उचित होगा। साक्षरता के नए मानकों के आधार पर छोटे राज्यों ने बड़ी पहल कर पूर्ण साक्षरता का डंका बजाया। इनमें त्रिपुरा, सिक्किम, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश हैं ही, गोवा भी शामिल है। उत्तराखंड अपनी अपेक्षाकृत बेहतर साक्षरता दर के कारण पूर्ण साक्षर प्रदेश बनने की दौड़ में माना जाता रहा है। केंद्र सरकार ने पूर्ण साक्षर घोषित करने वाले छोटे राज्यों का उदाहरण सामने रखते हुए उत्तराखंड को भी आगे बढ़ने को कहा। साथ में सात वर्ष से कम आयु और इससे अधिक आयु की आबादी से संबंधित आंकड़ों की राह भी सुझाई। 15 वर्ष से अधिक आयु की आबादी के आंकड़ों में पीएलएफएस यानी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के आंकड़े मददगार बने। पीएलएफएस डाटा-2023-24 के माध्यम से सात वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या की साक्षरता दर का आकलन किया गया। वहीं सात वर्ष से कम आयु की आबादी के आंकड़ों की राह आइसीडीएस यानी एकीकृत बाल विकास योजना ने आसान कर दी। अब सरकार के सामने अगला लक्ष्य गुणवत्तापरक शिक्षा है। इस दिशा में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम हुआ है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता को जनाकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना शेष है।

## आइआरएफसी में दो प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली:** सरकार बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये इंडियन रेलवे फाइनेंस कारपोरेशन (आइआरएफसी) में दो प्रतिशत तक की हिस्सेदारी बेचेगी। गैर खुदरा निवेशकों के लिए बोली बुधवार को खुलेगी। खुदरा निवेशकों को गुरुवार को इसमें हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। सरकार ने अभी तक ओएफएस के लिए न्यूनतम बिक्री मूल्य की जानकारी नहीं दी है। चालू वित्त वर्ष में सरकार ने पांच केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और बैंकों में अल्पांश हिस्सेदारी बेची है। (प्रेट्र)



भारत में चीन के निवेश और टेक्नोलाजी का स्वागत है। लेकिन बीजिंग के साथ व्यापार खोलने के मामले में देश को सावधानी और सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए।
**- आर मुकुंदन, सीआइआइ प्रेसिडेंट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 76,200.68 | ▼ 893.39 | |
| निफ्टी | 23,824.10 | ▼ 278.80 | |
| सोना | प्रति दस ग्राम | ₹ 1,49,300 | ▼ ₹ 3,000 |
| चांदी | प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,35,000 | ▼ ₹ 10,500 |
| डालर | | ₹ 94.76 | ▲ ₹ 0.13 |
| क्रूड | प्रति बैरल | $ 77.46 | |

## एक नजर में

### इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 109 करोड़ के पार

**नई दिल्ली:** मार्च 2026 तिमाही के अंत में देश में इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 109.27 करोड़ रही है। दूरसंचार नियामक ट्राई की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह दिसंबर 2025 तिमाही की 102.86 करोड़ से छह प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2026 के अंत में केवल वाले इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 4.65 करोड़ थी, जबकि वायरलेस सब्सक्राइबर्स की संख्या 104.62 करोड़ थी। मार्च के अंत में कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर 133.05 करोड़ थे। (आइएएनएस)

### ओरेकल ने 21 हजार कर्मियों की छंटनी की

**नई दिल्ली:** वैश्विक तकनीकी कंपनी ओरेकल कारपोरेशन ने पिछले 12 महीनों में अपने लगभग 21 हजार कर्मचारियों की संख्या कम की है। कंपनी ने माना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) को अपनाने से कुछ नौकरियों में कमी आई है। कंपनी ने कहा है कि 31 मई तक उसके वैश्विक कार्यबल में 141,000 पूर्णकालिक कर्मचारी थे। एक साल पहले इनकी संख्या 1,62,000 थी। कंपनी ने भविष्य में और कर्मचारियों को निकालने की बात भी कही है। रीस्ट्रक्चरिंग पर लगभग 1.8 अरब डालर का खर्च आया है। (आइएएनएस)

### आरबीआइ ने बैंकिंग प्रणाली में डाले 1.41 लाख करोड़

**मुंबई:** आरबीआइ ने मंगलवार को सात दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली में 1,41,171 करोड़ रुपये की नकदी डाली। यह नकदी 5.26 प्रतिशत के कट आफ और भारित औसत पर डाली गई। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि बैंकिंग प्रणाली में नकदी 21 जून को 30,685.11 करोड़ रुपये के सरप्लस से घटकर 22 जून को 19,971.89 करोड़ रुपये के घाटे (डेफिसिट) में चली गई। जानकारों का मानना है कि बैंकिंग सिस्टम से जीएसटी भुगतान के कारण नकदी में कमी आई है। (प्रेट्र)

# वैश्विक गिरावट से सेंसेक्स 893 अंक लुढ़का

## सूचना-प्रौद्योगिकी और धातु शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार को नीचे खींचने का काम किया

**मुंबई, प्रेट्र:** वैश्विक बाजार में गिरावट और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 893.39 अंक या 1.16% गिरकर 76,200.68 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह एक समय 1,011.56 अंक या 1.31% गिरकर 76,082.51 पर आ गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 278.80 अंक या 1.16% गिरकर 23,824.10 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के मुताबिक, एआइ आधारित तेजी के बने रहने को लेकर चिंता के चलते सूचना-प्रौद्योगिकी और धातु शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार को नीचे खींचने का काम किया।

11 जून के बाद से सेंसेक्स और निफ्टी में चार प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई थी और पिछले सात कारोबारी दिनों में से छह में बढ़त दर्ज की गई थी। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से इन्फोसिस और टीसीएस में तीन प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। भारत इलेक्ट्रानिक्स, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलाजीज और स्टेट बैंक आफ इंडिया भी गिरने वाले शेयरों में शामिल थे। पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, सन फार्मा और मारुति सुजुकी बढ़त बनाने वाले शेयरों में शामिल थे। सोमवार को सेंसेक्स 291.17 अंक या 0.38 प्रतिशत चढ़कर 77,094.07 पर बंद हुआ था। निफ्टी 89.80 अंक या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 24,102.90 पर बंद हुआ।

ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.67 प्रतिशत गिरकर 77.46 डालर प्रति बैरल हो गई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कास्पी, जापान का निक्केई225 इंडेक्स, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स भारी




बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### चांदी 10,500 तो सोने में 3,000 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** डालर के मजबूत होने से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 3,000 रुपये या दो प्रतिशत गिरकर 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पीली धातु को आखिरी बार 27 मार्च को इस स्तर के आसपास देखा गया था। उस समय सोने की कीमत 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी पर भी बिकवाली का असर पड़ा और इसकी कीमत 10,500 रुपये या 4.3 प्रतिशत गिरकर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह दो महीने से ज्यादा समय में इसका सबसे निचला स्तर है। तीन अप्रैल को चांदी 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 70.33 डालर या लगभग दो प्रतिशत गिरकर 4,121.10 डालर प्रति औंस पर आ गया।

## आइटी कंपनियों की जगह नहीं लेगा एआइ, उन्हें बेहतर बनाएगा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** इन्फोसिस के सह संस्थापक और चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने मंगलवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) सूचना-प्रौद्योगिकी (आइटी) कंपनियों की जगह नहीं लेगा बल्कि उन्हें और बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी 2030 तक 400 अरब डालर के एआइ-फर्स्ट सर्विस बाजार का फायदा उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कंपनी की 45वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) में नीलेकणि ने आइटी उद्योग के सामने खड़े 'अस्तित्व से जुड़े सवाल' पर बात की जो तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों के बीच पैदा हुआ है। उन्होंने कहा, 'जेन-एआइ के लांच होने के तीन साल से ज्यादा समय बाद भी इन्फोसिस पहले से कहीं ज्यादा अहम है और आने वाले दशक के लिए अच्छी स्थिति में है। हम बेहतरीन कोडिंग टूल्स अपना रहे हैं और अपनी उत्पादकता बढ़ा रहे हैं। नीलेकणि ने कहा, बड़ी कंपनियों (एंटरप्राइज क्लाइंट्स) में एआइ को लागू करने में कुछ बाधाएं हैं और उनको खत्म करना ही असली काम है।


नंदन नीलेकणि ● इंटरनेट मीडिया

**इन्फोसिस के सह संस्थापक बोले- आने समय में भी बना रहेगा हमारा अस्तित्व, हम बेहतरीन कोडिंग टूल्स अपना रहे**

## गोल्ड लोन में सरकारी बैंकों का दबदबा घटा

**मुंबई, प्रेट्र:** एक रिपोर्ट के अनुसार, गोल्ड लोन में सरकारी बैंकों को दबदबा धीरे-धीरे कम हो रहा है और निजी क्षेत्र के बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इसकी वजह तेजी से लोन मिलने की सुविधा, बेहतर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और ग्राहकों की बदलती पसंद है।

कारोबारी सेवाएं देने वाली फर्म एक्सपीरियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में गोल्ड लोन बाजार में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत थी। जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में यह 45 प्रतिशत थी। दूसरी ओर, एनबीएफसी की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में बढ़कर 44 प्रतिशत हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह मात्र 22 प्रतिशत थी।

## ट्रेड डील पर अमेरिका-भारत के बीच मंत्री स्तर की बातचीत शुरू

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी समकक्ष जैमिसन ग्रीर ने मंगलवार को यहां द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण से जुड़े मुद्दों पर बातचीत शुरू की। बैठक इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में हुई मुख्य वार्ताकार स्तर की चर्चाओं के बाद हो रही है। दोनों पक्ष 24 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। उस समय तक व्यापारिक साझेदारों से होने वाले आयात पर अमेरिका का अस्थायी 10 प्रतिशत टैरिफ खत्म होने वाला है।

ग्रीर का यह दो दिवसीय दौरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फ्रांस में जी7 सम्मेलन के दौरान 17 जून को हुई मुलाकात के कुछ दिनों बाद हो रही है। अमेरिकी शुल्क व्यवस्था में हुए इन बदलावों के कारण दोनों पक्षों के बीच यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भारत और अमेरिका ने 13 फरवरी 2025 को औपचारिक रूप से बीटीए वार्ता शुरू की थी। सात फरवरी 2026 को दोनों पक्षों ने पारस्परिक एवं लाभकारी अंतरिम समझौते के लिए एक ढांचा तैयार करने का एलान किया था।




**दो दिन होगी द्विपक्षीय बैठक, दोनों पक्ष 24 जुलाई से पहले एक अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की कर रहे कोशिश**

## डिजिटल धोखाधड़ी की जल्द करें शिकायत
## वापस मिल जाएगा पैसा

हाल के वर्षों के देश में डिजिटल लेनदेन में काफी तेजी आई है। इसके साथ ही डिजिटल धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनसे आर्थिक नुकसान होता है। इस नुकसान से बचने के लिए लोगों को डिजिटल धोखाधड़ी की जल्द से जल्द बैंक, पुलिस और संबंधित एजेंसी के पास शिकायत करनी चाहिए। आप जितनी जल्दी शिकायत करेंगे, धोखाधड़ी में शामिल पैसा वापस मिलने की उतनी ही संभावना रहेगी।



**1930 पर फोन करके नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं**

### कितनी अवधि में करनी चाहिए शिकायत

धोखाधड़ी के बाद 24-48 घंटों के भीतर शिकायत करना सबसे बेहतर है। आरबीआइ के नियमों के तहत, शून्य दायित्व का लाभ लेने के लिए धोखाधड़ी की पांच दिनों के अंदर शिकायत की जानी चाहिए।

### धोखाधड़ी के बाद क्या करें

**बैंक को सूचित करें:** बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र को फोन करें या मोबाइल से शिकायत करें। अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड को ब्लाक करें। यूपीआइ, नेटबैंकिंग या मोबाइल बैंकिंग को बंद करें। शिकायत में देरी से धोखेबाजों को पैसा विभिन्न खातों में भेजने का समय मिलता है जिससे वसूली में कठिनाई हो सकती है।

**साइबरक्राइम एजेंसी को सूचित करें:** बैंक को सूचना देने के बाद सरकार की साइबर क्राइम एजेंसियों को सूचित करें। इससे एजेंसी धोखाधड़ी वाले लेनदेन को फ्रीज करने का प्रयास करेंगी। साथ ही आपको बैंक में दावा करने में मदद मिलेगी।

**अपने खातों को सुरक्षित करें:** अक्सर धोखाधड़ी एक ही लेनदेन पर नहीं रुकती है। बैंकिंग, ई-मेल और यूपीआइ के पासवर्ड बदलें। सभी डिवाइस से लाग-आउट करें। संदिग्ध एप को अनइंस्टाल करें।



### कितना पैसा मिलेगा

**शून्य जिम्मेदारी:** अगर धोखाधड़ी बैंक की लापरवाही, सिस्टम की विफलता या किसी तीसरे पक्ष की गड़बड़ी (जिसमें आपकी कोई भूमिका न हो) की वजह से होती है और आप पांच दिनों में इसकी शिकायत करते हैं तो नुकसान के लिए आप जिम्मेदार नहीं होंगे। बैंक को वह रकम वापस देनी होगी।

**सीमित जिम्मेदारी:** आमतौर पर चार से सात दिनों के भीतर धोखाधड़ी की शिकायत करते हैं, तो लेनदेन के प्रकार और खाते के आधार पर आपकी जिम्मेदारी सीमित हो सकती है। इसमें पूरा पैसा मिलने की संभावना कम रहती है।

**पूरी जिम्मेदारी:** अगर धोखाधड़ी आपकी लापरवाही की वजह से हुई है या आप शिकायत करने में बहुत ज्यादा देरी करते हैं, तो पैसा वापस मिलने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

### इसका भी रखें ध्यान

- अपने बैंक विवरण को ध्यान से देखें और अनधिकृत कटौती पर नजर रखें। प्रत्येक संदिग्ध लेनदेन की शिकायत करें। सबूत के लिए बैंक विवरण को डाउनलोड कर लें।
- यदि धोखाधड़ी में शामिल अगर रकम बड़ी है तो पुलिस में शिकायत या एफआइआर दर्ज कराएं। इससे कानूनी कार्यवाही में मदद मिल सकती है और विवाद सुलझाते समय आपका पक्ष मज़बूत होता है।

जागरण इन्फो

## राष्ट्रीय फलक

# विजय अमृतराज, रोहित शर्मा, अलका याग्निक पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज, क्रिकेटर रोहित शर्मा, अभिनेताओं सतीश शाह व ममूटी और पार्श्व गायिका अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित समारोह में इन हस्तियों को सम्मानित किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस केटी थामस को जन-सेवा के लिए और मलयालम पत्रकार पी नारायणन को साहित्य व शिक्षा में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया। अलका याग्निक, ममूटी, अमेरिकी कैंसर रोग विशेषज्ञ दत्तात्रेयुडु नोरी, विजय अमृतराज, उद्योगपति एसकेएम मैइलानंदन और सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षाविद वेल्लापल्ली नटेसन ने राष्ट्रपति के हाथों पद्म भूषण पुरस्कार ग्रहण किया। जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के दिवंगत संस्थापक शिबू सोरेन का पद्म भूषण पुरस्कार उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने प्राप्त किया। रूपी सोरेन व्हीलचेयर पर पहुंची थीं। राष्ट्रपति ने मंच से उतरकर उन्हें पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने रोहित शर्मा और हाकी खिलाड़ी सविता पूनिया को पद्मश्री से सम्मानित किया। रोहित की कप्तानी में भारत ने 2024 का टी-20 विश्व कप का खिताब जीता था। सुशील कुमार, योगेश्वर दत्त और रवि दहिया जैसे भारतीय ओलिंपिक पदक विजेताओं के मेंटर रहे जार्जियाई कोच व्लादिमीर मेस्तविरीशिवली को मरणोपरांत पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी ने यह सम्मान प्राप्त किया। राष्ट्रपति ने अभिनेता सतीश शाह को मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किया। उनकी ओर से उनके भाई ने यह सम्मान ग्रहण किया। प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेम्पति को भी पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वह इस समय सीबीएफसी के चेयरमैन हैं।

समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम नरेन्द्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बाद में पीएम मोदी ने मलयालम अभिनेता ममूटी और उनके परिवार से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "हर पुरस्कार पाने वाला समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल है। उनकी जीवन यात्रा अनगिनत नागरिकों को प्रेरित करती हैं। सभी को कड़ी मेहनत करने की ताकत की याद दिलाती है।"

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 65 हस्तियों को प्रदान किए पद्म पुरस्कार
- शिबू सोरेन को पद्म भूषण, उनकी पत्नी ने ग्रहण किया सम्मान

### पारंपरिक पोशाक में ग्रहण किए पुरस्कार

नगालैंड के 83 वर्षीय लोक कलाकार गुरु सांग्युसांग पोंगेनर को पद्मश्री से नवाजा गया। वह राज्य की पारंपरिक पोशाक में पहुंचे, जिनका पीएम मोदी समेत तमाम लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के बस्तर में शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करने वाली बुधरी ताती को भी पद्मश्री से सम्मानित किया। वह भी पारंपरिक पोशाक में आई थीं। छत्तीसगढ़ का यह क्षेत्र एक समय नक्सल प्रभावित था।

### आपरेशन सिंदूर के लिए एयरोस्पेस विज्ञानी सम्मानित

पद्मश्री पुरस्कार पाने वालों में अभिनेता आर माधवन, आपरेशन सिंदूर के दौरान आकाश मिसाइल सिस्टम की तैनाती में अहम भूमिका निभाने वाले डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी के एयरोस्पेस विज्ञानी चंद्रमौली गड्डमानुगु और दलित लेखक अशोक कुमार हलधर को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। राष्ट्रपति ने समारोह में 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्मश्री शामिल हैं।


नई दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त करतीं पार्श्व गायिका अलका याग्निक। पीआइबी

## एमवी एक्ट में 'उचित मुआवजा' देने का सिद्धांत सांत्वना देने का प्रयास: सुप्रीम कोर्ट

- सीए (फाइनल) के एक छात्र की दुर्घटना में मौत पर मुआवजा घटाने से इन्कार
- कहा, यह मामला ऐसे युवा की मौत से जुड़ा है जिसमें उज्ज्वल पेशेवर क्षमता थी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत 'उचित मुआवजा' देने का सिद्धांत कोई सटीक गणितीय हिसाब-किताब नहीं है, बल्कि यह उन लोगों को सांत्वना देने का प्रयास है जिन्हें अपूरणीय नुकसान हुआ है। लिहाजा ऐसे दावों में मानवीय पहलू को भी ध्यान में रखना जरूरी है।

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने एक 20 वर्षीय युवक के माता-पिता को दिए गए मुआवजे में दखल देने से इनकार कर दिया। वह युवक सीए (फाइनल) की पढ़ाई कर रहा था और उसकी जून, 2013 में दिल्ली में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि यह मामला ऐसे युवा की मौत से जुड़ा है जिसमें उज्ज्वल पेशेवर क्षमता थी। अधिनियम के तहत मुआवजे का निर्धारण अंततः उचित मुआवजे के सिद्धांत पर आधारित था। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के अगस्त, 2022 के फैसले के विरुद्ध दायर अपीलों पर अपना फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के उस आदेश को सही ठहराया था जिसमें मारे गए युवक के माता-पिता को 81.21 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। माता-पिता ने अपने बेटे की असमय मौत के कारण मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुआवजे का दावा किया था। मुआवजे की रकम के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायाधिकरण ने मृतक की मासिक आय 55,500 रुपये तय की थी। इसके लिए उसकी शैक्षणिक प्रगति, पेशेवर संभावनाओं और भविष्य में करियर में होने वाली तरक्की को ध्यान में रखा गया था।

## सरकार ने इलेक्ट्रिकल स्टील के आयात के खिलाफ शुरू की डंपिंग रोधी जांच

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सरकार ने चीन, जापान, कोरिया और रूस से ट्रांसफार्मर में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिकल स्टील के आयात के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। यह जांच जेएसडब्ल्यु जेएफई इलेक्ट्रिक स्टील नासिक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) को दी गई शिकायत के बाद शुरू की गई है।

अगर डंपिंग के आरोप सही साबित होते हैं तो डीजीटीआर आयात पर शुल्क लगाने की सिफारिश कर सकता है। हालांकि, इस शुल्क को लगाने का अंतिम फैसला वित्त मंत्रालय करेगा। इस उत्पाद का इस्तेमाल पावर/डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर कोर बनाने में होता है। दोनों मटीरियल का इस्तेमाल एक ही तरह के उद्योग करते हैं। भारत ने चीन से सोडियम नाइट्राइट और रूस व ताइवान से 'पैरा नोनीलफेनोल' के आयात के खिलाफ जांच शुरू की है। भारत ने चीन समेत कई देशों से आयात से निपटने के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगा रखा है।

## रेलवे से माल की ढुलाई सस्ती, तीन माह नहीं लगेगा 'बिजी सीजन चार्ज'

**प्रेम नारायण द्विवेदी ● जागरण**

- उपभोक्ताओं को जुलाई से सितंबर तक माल यातायात पर मिलेगी 15% की छूट

**गोरखपुर:** रेल मंत्रालय ने माल ढुलाई को सस्ता करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण फैसला लिया है। रेलवे बोर्ड ने लीन सीजन (कम मांग वाले समय) की अधिसूचना जारी करते हुए जुलाई, अगस्त व सितंबर में माल यातायात पर 15 % 'बिजी सीजन चार्ज' (बीएससी) नहीं लेने का निर्णय लिया है।

बोर्ड के आदेशानुसार बंद डिब्बों वाली मालगाड़ी में परिवहन किए जाने वाले सभी सामान पर 'बिजी सीजन चार्ज' नहीं लगाया जाएगा। खुले डिब्बों में ढोए जाने वाले लौह अयस्क, लाइमस्टोन, डोलोमाइट, आयरन या स्टील श्रेणी के सामान इस दायरे से बाहर रहेंगे। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार का कहना है कि बोर्ड द्वारा लीन सीजन अधिसूचित कर दिया गया है जिसमें 'बिजी सीजन चार्ज' से अस्थायी छूट मिलती है। इस अवधि में माल लदान बढ़ने की उम्मीद है। रेलवे का मानना है कि शुल्क में उद्यमियों और व्यापारियों को राहत मिलेगी। रेलवे बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर, ट्रैफिक कमर्शियल (रेट्स) संजय झा ने 17 जून को पत्र भेजकर सभी जोनल रेलवे को नई व्यवस्था से अवगत करा दिया है। स्पष्ट किया है कि कंटेनर ट्रैफिक, टैंक कंटेनरों में बल्क सीमेंट (खुला सीमेंट), नमक ट्रैफिक को भी 'बिजी सीजन चार्ज' से मुक्त रखा गया है। आटोमोबाइल o बांस की ढुलाई पर 'बिजी सीजन चार्ज' लागू रहेगा। बोर्ड ने जोनल महाप्रबंधकों को उद्योग, व्यापारिक संगठनों और संभावित ग्राहकों से संवाद स्थापित कर योजना से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जुलाई से सितंबर के दौरान 'बिजी सीजन चार्ज' हटाने से सीमेंट, कंटेनर, नमक और अन्य सामान्य माल की रेल परिवहन लागत में कमी आएगी।

## एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी प्रदीप सिंह खरोला कंपनी में वापस आए

**नई दिल्ली, एएनआइ:** एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी और नागर विमानन मंत्रालय के पूर्व सचिव प्रदीप सिंह खरोला की कंपनी में वापसी हो गई है। कंपनी ने उन्हें कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है।

इससे पहले खरोला ने 2017 से 2019 तक एअर इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के तौर पर काम किया था। उस समय कंपनी का मालिकाना हक सरकार के पास था। बाद में उन्होंने नागर विमानन मंत्रालय में सचिव के तौर पर भी काम किया और विमानन कंपनी के निजीकरण प्रक्रिया से भी जुड़े रहे। एअर इंडिया का साल 2022 में निजीकरण कर दिया गया था और टाटा ग्रुप ने सबसे बड़ी बोली लगाकर एअर इंडिया का अधिग्रहण कर लिया था। खरोला की एअर इंडिया में वापसी ऐसे वक्त हुई है, जब कंपनी नेतृत्व के स्तर पर बड़े बदलाव से गुजर रही है। एअर इंडिया के एमडी और सीईओ कैंपबेल विल्सन पद छोड़ने का एलान कर चुके हैं।

## सेना के लिए बख्तरबंद वाहन व लेजर हथियार बनाएगा आइआइटी रोपड़

**जागरण संवाददाता, रूपनगर**

- आर्मी टेक्नोलाजी बोर्ड से मिले 120 करोड़ के दो महत्वपूर्ण रक्षा प्रोजेक्ट

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) रोपड़ को करीब 120 करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी परियोजनाएं मिली हैं। संस्थान भारतीय सेना के लिए स्वचालित बख्तरबंद वाहन (आटोनामस आर्म्ड व्हीकल) और डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (लेजर हथियार) बनाएगा। यह उपलब्धि रणनीतिक व रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में आइआइटी रोपड़ की बड़ी सफलताओं में से एक है। 27वें आर्मी टेक्नोलाजी बोर्ड (एटीबी) ने आइटीआइ रोपड़ को दोनों प्रोजेक्ट दिए। एटीबी भारतीय सेना के मिलिट्री आपरेशंस डायरेक्टोरेट के अधीन काम करता है व उन्नत तकनीकी समाधान विकसित करने में सक्षम संस्थानों को ऐसे प्रोजेक्ट सौंपता है।

सेना की ओर से आइआइटी रोपड़ का चयन रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियों और उन्नत फोटोनिक्स एवं लेजर तकनीक में उसकी मजबूत अनुसंधान क्षमता को दर्शाता है। ये दोनों परियोजनाएं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी रक्षा तकनीक की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी।

### एआइ आधारित नेविगेशन से लैस होंगे बख्तरबंद वाहन

स्वचालित बख्तरबंद वाहन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित नेविगेशन, खतरे की पहचान और युद्ध संबंधी निर्णय प्रणालियों से लैस होंगे। इससे युद्धक्षेत्र में सैनिकों के जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी। लेजर हथियार एंटी-ड्रोन अभियान, मिसाइल रक्षा और इलेक्ट्रानिक युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आइआइटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं संस्थान में विकसित मजबूत शोध पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमाण हैं।

## मसूरी से दिल्ली तक बम विस्फोट की धमकी, पुलिस अलर्ट

**जासं, देहरादून:** मसूरी नगर पालिका और मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण की अधिकारिक ई-मेल पर मंगलवार को धमकी भरा संदेश मिला है। ई-मेल में केंद्रीय गृह मंत्री व उत्तराखंड में मुख्यमंत्री कार्यालय, हरिद्वार, ऋषिकेश के रेलवे स्टेशन और केदारनाथ व बदरीनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसमें खालिस्तान का समर्थन करते हुए कई आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पोस्ट से संबंधित मोबाइल नंबर व उससे संबंधित हरियाणा के अंबाला निवासी जसप्रीत सिंह का विवरण प्राप्त हुआ है। पोस्ट को प्रसारित करने में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता भी प्रतीत हो रही है, जिसकी जांच की जा रही है।

हिन्दुस्तान 1936 सत्य • सार्थक • सदैव

# आगजनी से सबक

लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग की घटना बहुत दर्दनाक है। सोमवार को शहर के अलीगंज इलाके में एक कोचिंग सेंटर में जिस तरह से भीषण आग से पंद्रह युवाओं की जान गई है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। यह मात्र दुर्घटना नहीं है, यह नियम-कायदों के प्रति बरती गई आपराधिक लापरवाही का विस्फोट है। हादसे के बाद अब कुछ अधिकारी बता रहे हैं कि नियमों की वर्षों से अनदेखी की जा रही थी। लोग सवाल पूछ रहे हैं कि ऐसे अधिकारी पहले कहां थे? जब नियमों का उल्लंघन होता है, तब कड़ाई क्यों नहीं की जाती है? हम इसके लिए किसी हादसे का इंतजार क्यों करते हैं? एक आवासीय इमारत किसकी मंजूरी से व्यावसायिक केंद्र के रूप में संचालित हो रही थी? नियमों के प्रति हुए खिलवाड़ को देखिए, आवासीय परिसर में पालतू जानवरों की दुकान, पशु चिकित्सालय, गेमिंग जोन, एनिमेशन सेंटर और एक आईटी कार्यालय सहित कई व्यवसाय चल रहे थे। न जाने क्या-क्या जलकर इस आग में खाक हो गया, लेकिन जो चुभती हुई सच्चाई साफ नजर आ रही है, उसे भूलना नहीं चाहिए। क्या हम पैसे कमाने की अंधी दौड़ में सचमुच अमानवीय हुए जा रहे हैं?

जलकर खाक हुई यह इमारत स्थानीय प्रशासन के भ्रष्टाचार की मिसाल है। जिस परिसर को ढहाने का आदेश था, उसे करीब दस साल पहले अचानक मंजूरी कैसे मिल गई? दोषी अधिकारियों ने कागज पर अपना रिकॉर्ड तो ठीक कर लिया, लेकिन उन्होंने हादसे का जो दुखद रिकॉर्ड बनाया है, उसे कौन ठीक करेगा? ऐसी इमारत के संचालन के लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं? बहरहाल, लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस परिसर के विध्वंस का नोटिस जारी कर दिया है और जिम्मेदार अधिकारियों की जांच शुरू हो गई है। हालांकि, एक बड़ा सवाल यह है कि ऐसी कितनी खतरनाक इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल हो रहा है? विस्तार से देखना चाहिए, किन-किन इमारतों में नियमों का उल्लंघन हुआ है। केवल एक इमारत पर कार्रवाई से कुछ नहीं होगा। ऐसी बहुत सी इमारतें हैं, जहां प्रवेश और निकास का एक ही रास्ता है। ऐसी इमारतों में जब आग लगती है, तो सिवाय कूदने का जोखिम उठाने के कोई विकल्प नहीं होता है। आग लगते ही ऐसे अकेले रास्ते खुद बाधा बनकर खड़े हो जाते हैं। और तो और, परिसर में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान चल रहे थे, लेकिन वहां आग से सुरक्षा की बुनियादी व्यवस्था भी नहीं थी।

**अब असुरक्षित परिसरों के प्रति छात्रों, अभिभावकों को विशेष रूप से सजग होना पड़ेगा। लोग सजग होंगे, तभी उनकी सुविधा-सुरक्षा का घेरा मजबूत होगा।**

अब असुरक्षित संस्थानों या परिसरों के प्रति छात्रों और अभिभावकों को विशेष रूप से सजग होना पड़ेगा। जब तक लोग नहीं सजग होंगे, तब तक सुविधा और सुरक्षा का घेरा मजबूत नहीं होगा। आज कठघरे में सिर्फ एक शहर नहीं है, देश में ऐसे अनेक शहर हैं, जहां जानलेवा लापरवाही बरती जा रही है। ऐसे अनेक विकास प्राधिकरण हैं, जो मौका मिलते ही नियम-कायदे से खिलवाड़ करके विनाश की आशंकाएं पैदा करते रहते हैं। यह बात भी कतई छिपी नहीं है कि ऐसे प्राधिकरणों में कार्यरत कुछ रिश्वतखोरों से कोई भी काम कराया जा सकता है। आखिर लोगों के जिंदगी को क्यों खतरे में डाला जाता है? सावधान, यह सोचने का काम केवल सरकार का नहीं है, आम लोगों को भी इस विषय को गंभीरता से उठाना होगा। गांधीजी ने व्यवस्था की कमी-मजबूरी का एहसास बहुत पहले ही कर लिया था और तभी उन्होंने लोगों को चेताया था, अपने विकास के लिए केवल सरकारों पर निर्भर मत रहना। तय मानिए, हमारी सजगता ही हमारे लिए सुरक्षा घेरा बनाएगी।

# छीनने से ज्यादा देने जा रहा एआई

**दुनिया के दूसरे सबसे बड़े पेशेवर सेवा नेटवर्क 'पीडब्ल्यूसी' ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया है कि एआई इस्तेमाल कर रही कंपनियां वेतन भी बढ़ा रही हैं और नए अवसर भी।**

किंशुक पाठक | एसोसिएट प्रोफेसर, पंजाब केंद्रीय विवि

यहां स्कैन करें

वैश्विक स्तर पर सामाजिक-आर्थिक ढांचा तेजी से बदल रहा है। एक नई औद्योगिक क्रांति के रूप में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआई न केवल अप्रत्याशित रूप से उत्पादकता बढ़ा रहा है, बल्कि रोजगार के पुराने ढर्रे को भी पूरी तरह बदल रहा है। यह अब जटिल विश्लेषण के साथ-साथ निर्णय लेने और सृजनात्मक कार्यों में मानवीय भूमिका को चुनौती दे रहा है।

विश्व आर्थिक मंच की 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' के अनुसार, साल 2030 तक एआई और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के कारण दुनिया भर में लगभग 9.2 करोड़ नौकरियों के खत्म होने और 17 करोड़ नई नौकरियों के सृजन की संभावनाएं हैं। इस तरह, रोजगार के स्तर पर लगभग 7.8 करोड़ नौकरियों की बढ़ोतरी होगी। ये आंकड़े हमें आशान्वित करते हैं, पर नौकरियों के खत्म होने की वास्तविकता को नकारा नहीं जा सकता, जो अनगिनत परिवारों के लिए त्रासदी के रूप में सामने आ रहा है।

एआई के प्रभाव की चर्चा अक्सर अतिशयोक्तिपूर्ण होती है, मगर इससे जुड़ी कुछ प्रामाणिक रिपोर्टों पर अवश्य गौर किया जाना चाहिए। प्रसिद्ध अमेरिकी वित्तीय संस्था 'गोल्डमैन सैक्स' की रिपोर्ट के अनुसार, एआई के कारण दुनिया भर में 30 करोड़ रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। यह संख्या नए पद सृजन से बहुत अधिक है। वहीं, मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट का एक अध्ययन बता रहा है कि साल 2030 तक दुनिया भर के करीब 14 फीसदी कर्मचारियों को आधुनिक युग की मांग के अनुरूप अपने को बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है।

अमेरिका में तो एआई का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। नेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, करीब 30 फीसदी अमेरिकी कामगारों को अगले तीन साल में एआई के कारण मौजूदा नौकरी खोने का डर सताने लगा है। वहां की लगभग 23 फीसदी कंपनियों में चैट जीपीटी जैसी एआई टूल्स ने कई कर्मचारियों की जगह ले ली है। इन सबके बीच ब्रिटेन स्थित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय पेशेवर सेवा नेटवर्क 'पीडब्ल्यूसी' ने अपनी रिपोर्ट 'ग्लोबल एआई जॉब बैरोमीटर 2026' में एक सकारात्मक तस्वीर पेश की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, एआई इस्तेमाल कर रही कंपनियां उत्पादकता के साथ-साथ वेतन भी बढ़ा रही हैं और कर्मचारियों की संख्या में भी आवश्यकता के अनुरूप वृद्धि कर रही हैं। इसके भी दो परिणाम दिख रहे हैं। पहला, कुशल कर्मचारी लाभान्वित हो रहे हैं, वहीं कम दक्ष कामगारों की विदाई हो रही है। यूरोप व अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं में भी यही प्रवृत्ति दिख रही है।




'ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन ऐंड डेवलपमेंट' (ओसीईडी) की ताजा रिपोर्ट बता रही है कि उच्च-आय वाले देशों में एआई जनित जोखिम ज्यादा है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अध्ययन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 2.3 प्रतिशत नौकरियां एआई के कारण खतरे में हैं। उच्च आय वाले देशों में जहां यह जोखिम 5.1 प्रतिशत नौकरियों से जुड़ा है, तो वहीं कम आय वाले देशों में 0.4 फीसदी नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है। ये तमाम अध्ययन यही बता रहे हैं कि महिलाएं और अकुशल कामगार इससे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ये सभी एक बात पर सहमत हैं कि एआई नौकरियां खत्म करने से ज्यादा उनके स्वरूप में परिवर्तन कर रही हैं।

एआई का उपयोग करने वाली कंपनियां मानव क्षमता बढ़ा रही हैं, क्योंकि वे नए बाजारों में नए अवसरों के साथ प्रवेश कर रही हैं। फिर भी इस संक्रमण काल में बेरोजगारी, असमानता और सामाजिक अस्थिरता का खतरा वास्तविक है। इस बदलाव का असर भारत में भी दिख रहा है। हमारे देश में आईटी क्षेत्र में लगभग 54 लाख नौकरियां हैं, लेकिन अब एंट्री-लेवल प्रोग्रामिंग, बीपीओ और कई साधारण ग्राहक सेवाएं एआई से संचालित होने लगी हैं। फोनपे जैसी कंपनियों ने अपनी कार्यप्रणाली में एआई के इस्तेमाल के बाद 60 प्रतिशत सपोर्ट स्टाफ कम कर दिया। टीसीएस व इंफोसिस जैसी बड़ी कंपनियों में नई भर्तियों में भारी गिरावट देखी गई है। टीसीएस ने हाल के वर्षों में औसतन 40,000 के बजाय 25,000 भर्तियों की ही योजना बनाई है।

आईआईएम, अहमदाबाद के साल 2024 के अध्ययन में ही यह अनुमान लगा लिया गया था कि लगभग 68 प्रतिशत पेशेवर मानते हैं कि आगामी पांच वर्षों में उनके काम आंशिक या पूर्ण रूप से एआई द्वारा किए जाने लगेंगे। 40 फीसदी कर्मचारियों को लगता है कि उनका मौजूदा कौशल आगामी पांच वर्षों में अप्रासंगिक हो जाएगा। देश के आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 ने एआई के प्रभाव व प्रासंगिकता को यथार्थवादी तरीके से स्वीकार किया था और युवा बेरोजगारी के संदर्भ में एआई को एक बड़े खतरे के रूप में माना था। पीडब्ल्यूसी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2035 तक एआई भारत में 90 लाख नई नौकरियां जोड़ सकता है। सुखद बात है कि भारत एआई अपनाने में अग्रणी है। इसके 30 प्रतिशत से अधिक उद्यम एआई का उपयोग कर रहे हैं, जबकि वैश्विक स्तर यह दर 26 फीसदी है। साफ है, आने वाले दिन एआई के हैं, इसलिए इसे शत्रु नहीं, मित्र व सहयोगी मानकर इसके अनुरूप कार्यबल तैयार करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

हमारी सरकारों, उद्योग जगत और शिक्षण संस्थानों को मिल-जुलकर इस दिशा में काम करना होगा। अब हर शिक्षित को आजीवन सीखने की संस्कृति अपनानी होगी, क्योंकि एआई दुनिया में अप्रत्याशित रूप से बदलाव ला रहा है। अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए यह बहुत आवश्यक है। नौकरियां खत्म होने के विलाप का कोई औचित्य नहीं। एआई कुछ ले रहा है, तो बहुत कुछ दे भी रहा है और इतिहास गवाह है, हर औद्योगिक क्रांति ने प्रारंभ में कुछ रोजगार के अवसर खत्म किए, तो लंबे समय के लिए नए अवसर और समृद्धि भी प्रदान की है। दुनिया के आगे इस संक्रमण काल को सुगम और सकारात्मक बनाने की चुनौती है।

भारत जैसे युवा राष्ट्र के लिए यह परीक्षा का समय है। यदि हम कौशल विकास, नवाचारों के प्रोत्साहन और समावेशिता पर ठीक से ध्यान दें, तो एआई विकास का इंजन बन सकता है, वरना यह बेरोजगारी, असमानता और सामाजिक अस्थिरता बढ़ाएगा, जो साल 2047 तक विकसित भारत के हमारे लक्ष्य के लिए घातक होगा। हमें 'एआई फॉर ऑल' सुनिश्चित करना होगा, ताकि कोई भी पीछे न रह जाए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले | 24 जून, 1951

### दुनिया की आंखें तेहरान पर

इस समय सारी दुनिया की आंखें तेहरान पर केन्द्रित हैं। ब्रिटेन और ईरान के लिए वार्ता का परिणाम सिर मुड़ाते ही ओले पड़े वाली कहावत के रूप में प्रकट हुआ। आंग्ल-ईरानी तेल कम्पनी के प्रतिनिधि ज्यों ही एक गोलमेज के चारों ओर बैठे, ईरान सरकार की ओर से मांग की गई कि 20 मार्च के बाद उत्पादित तेल की आय का 75 प्रतिशत भाग ईरान के हवाले किया जाये। ब्रिटेन ईरान की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कुछ रकम देने को राजी हो गया था किन्तु मुसादिक सरकार न मानी। आगे बातचीत का कोई आधार न रहा तो वार्ता भंग हो गई। ब्रिटेन को पुनः अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की शरण लेनी पड़ी है। हालैंड-स्थित ब्रिटिश राजदूत ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को ब्रिटेन का वह प्रार्थनापत्र सौंप दिया है, जिसमें न्यायालय से ईरान को ऐसी कार्रवाई से रोकने की प्रार्थना की गई है, जिससे न्यायालय के इस संबंध के निर्णय को हानि पहुंचे। इधर, ईरान सरकार तेल के राष्ट्रीयकरण की योजना को कार्यान्वित करने के लिए आंग्ल-ईरानी तेल कम्पनी के कार्यालयों पर अधिकार करती जा रही है। इस सिलसिले में तेहरान तथा अबादान में भारी प्रदर्शन हुए। पुलिस को भी भीड़ को काबू करना कठिन हो गया। गनीमत यह है कि कोई अंगरेज कर्मचारी अभी तक कहीं घायल अथवा अपमानित नहीं हुआ है।...

आंग्ल-ईरानी तेल कम्पनी ने निश्चय किया है कि वह उस ईरानी आयोग की आज्ञाओं की अवज्ञा करेगी, जो कम्पनी का कार्यभार संभालने के लिए नियुक्त किया गया है। सूत्रों का कहना है कि कम्पनी यह वचन न देगी कि उसके अंगरेज कर्मचारी ईरानियों की आज्ञा का पालन करेंगे। वह अंगरेज कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करने की ईरान सरकार की प्रार्थना भी न मानेगी। यद्यपि ब्रिटिश लोकसभा में विदेश मंत्री श्री मारीसन ने कहा है कि ब्रिटिश सरकार अपने नागरिकों को ईरान से नहीं निकालना चाहती और उन्होंने कहा कि 'हम निश्चय ही तेल-क्षेत्रों को खाली नहीं करेंगे, किन्तु स्थिति किसी भी तरह अंगरेजों के अनुकूल नहीं। ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल के नेता जैकसन का कहना है कि जब तक डा. मुसादिक सत्तारूढ़ हैं, तब तक समझौते की कोई गुंजाइश नहीं, लेकिन वह यह भूल जाते हैं कि आज ईरान में ऐसा वातावरण व्याप्त है कि दूसरा प्रधानमंत्री भी तेल के राष्ट्रीयकरण को नहीं रोक सकता।

# पश्चिम एशिया नीति पर नए सिरे से गौर करना होगा

अश्विनी महापात्रा | प्रोफेसर, जेएनयू

यहां स्कैन करें

स्विट्जरलैंड में 14-सूत्रीय सहमति-पत्र के आधार पर अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति-वार्ता का नतीजा चाहे जो भी हो, तीन महीने तक चले खूनी संघर्ष ने भारत को अपनी पश्चिम एशिया नीति की समीक्षा का मौका दिया है। यह आकलन इसलिए जरूरी हैं, क्योंकि भारत अपनी सुरक्षित ऊर्जा आपूर्ति के लिए 80 प्रतिशत से ज्यादा इसी क्षेत्र पर निर्भर है, और वहां 90 लाख से ज्यादा भारतीय रहते व काम करते हैं, जो कुल मिलाकर हर साल 51 अरब डॉलर भेजते हैं।

इस संघर्ष के समुद्री सुरक्षा संबंधी व आर्थिक असर ने, खासकर 'होर्मुज जलमार्ग' के बंद होने से ऊर्जा की बढ़ी कीमतों को देखते हुए, विश्लेषकों के बीच 'मल्टी-अलाइनमेंट' नीति पर बहस छेड़ दी है। कई लोगों ने जहां संबंधों में संतुलन बनाने में नीतिगत विफलता को उजागर किया है, तो वहीं दूसरे लोग ऊर्जा मार्गों को हथियार बनाने और तेल आपूर्ति में रुकावट डालने जैसी अप्रत्याशित घटनाओं से निपटने के लिए नीति बनाने पर जोर देते हैं।

इस क्षेत्र में संघर्ष की आशंका व बदलते गठबंधनों को देखते हुए, नई दिल्ली की सभी सरकारों ने क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों से 'समान दूरी' बनाए रखने की नीति का सख्ती से पालन किया है। भारत की मौजूदा पश्चिम एशिया नीति में नजरिए के लिहाज से निरंतरता व फोकस में बदलाव आया है। दूसरे शब्दों में, यह एक 'मल्टी-अलाइनमेंट' नीति है। शीत युद्ध के दौरान गुटों में बंटी दुनिया में क्षेत्रीय दृष्टिकोण का महत्व था। शीत युद्ध के अंत ने न केवल पुरानी रणनीतिक पहचानों को खत्म किया, बल्कि विभिन्न देशों से बातचीत की गुंजाइश भी बढ़ाई, चाहे उनके भीतर की शासन व्यवस्था, विचारधारा या अपने पड़ोसी देशों से उनका संबंध कैसा भी हो।

**भारत को अब खाड़ी के मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्र के नीचे से वैकल्पिक ऊर्जा पाइपलाइन बिछाने की कोशिशों पर ध्यान देना चाहिए।**

पश्चिम एशिया में भारत की रणनीति बहु-ध्रुवीय क्षेत्रीय प्रणाली के तहत प्रमुख देशों के साथ संबंधों में संतुलन बनाने और उनमें से किसी के भी प्रति दुश्मनी से बचने की नीति से निर्देशित होती है। पश्चिम एशिया में अपनी स्थिति मजबूत करते हुए, भारत 'सभी का दोस्त' वाली छवि बनाए रखने की कोशिश करता है। खाड़ी के देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को केवल लेन-देन वाले रिश्तों से व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलने और क्षेत्रीय विविधता के अनुरूप हर देश के साथ अलग दृष्टिकोण अपनाने से भारत को फायदा हुआ है। यह बदलाव खासकर यूएई के साथ साफ दिखता है, जो आज हमारा तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

अमेरिका-ईरान जंग ने हमारी 'मल्टी-अलाइनमेंट' नीति के सामने चुनौती खड़ी की है, खासकर तब, जब भारत इजरायल और यूएई की ओर झुका हुआ दिखता है। असल में, मई 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईरान यात्रा के दौरान 'चाबहार समझौता' हुआ था, मगर 2018 में अमेरिका के ईरान के साथ शांति-वार्ता से हटने और उस पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण इसमें कोई खास प्रगति नहीं हो पाई। उस समय तक ईरान भारत को तेल आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में था। ईरान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध अमेरिका और ईरान के बीच कई मुद्दों पर जारी तनाव से प्रभावित होते रहे हैं। इनमें ईरान का विवादास्पद परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय शक्ति बनने की उसकी महत्वाकांक्षा, उस क्षेत्र में उसके उग्रवादी सहयोगी और छद्म नेटवर्क, बैलिस्टिक मिसाइलों के जखीरे, इस्लामी क्रांति की वैचारिकी और सबसे बढ़कर होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसके वास्तविक नियंत्रण के दावे प्रमुख हैं। इसलिए आगे बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष के बाद ईरान की सरकार कैसा व्यवहार करती है? इस शांति-समझौते में न केवल इजरायल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का, बल्कि पड़ोसी खाड़ी देशों की चिंताओं का भी समाधान होना चाहिए।

बहरहाल, भारत को अपनी ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने की जरूरत है, ताकि इस क्षेत्र पर और खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर अत्यधिक निर्भरता न रहे। साथ ही, भारत को खाड़ी के अपने मित्र देशों, खासकर यूएई और ओमान के साथ मिलकर समुद्र के नीचे से वैकल्पिक ऊर्जा पाइपलाइन बिछाने की कोशिशों पर भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए, ताकि ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# हम कैसा कर्म करें

कर्म का अर्थ है करना, गतिशील होना, लेकिन जब आप कोई धारणा लेकर चलते हैं, तब केवल एक मानसिक कल्पना आपके साथ चलती रहती है। यदि धारणा न हो, तब क्या होगा? आप जो हैं, वही रहेंगे। आप कृपण हैं, क्षमाशील नहीं हैं, निष्ठुर, मूर्ख, विवेकहीन हैं। क्या आप इन सबके साथ ठहर सकते हैं? यदि आप ऐसा कर सकते हैं, तब देखिए कि क्या होता है।

जब मैं अपनी कृपणता को पहचान लेता हूं, शाब्दिक या औपचारिक रूप से ही नहीं, बल्कि सच में जब मुझे यह एहसास हो जाता है कि मैं कृपण हूं, स्नेह-विहीन हूं, तो 'जो है' उसके प्रत्यक्ष दर्शन में ही क्या प्रेम नहीं समाया होता? तब क्या मैं तत्क्षण उदार नहीं हो जाता हूं? यदि मैं स्वच्छ होने की आवश्यकता महसूस करता हूं, तो बहुत सरल सी बात है, मैं जाऊंगा और हाथ-मुंह धो लूंगा। मुझे साफ-सुथरा रहना चाहिए, यह यदि एक आदर्श हो, तब क्या होता है? तब स्वच्छता या तो स्थगित कर दी जाती है या वह एक सतही मामला हो जाता है।

धारणा या विचार पर आधारित कर्म बड़ा सतही होता है, वह वास्तविक कर्म होता ही नहीं। यह महज एक कल्पना है। वह कर्म, जो मनुष्य के रूप में हमारा कायापलट कर दे, हममें नवजीवन का संचार करे, हमें पूरी तरह से रूपांतरित कर दे, मुक्त कर दे, धारणा पर आधारित नहीं होता। यह कर्म पुरस्कार और दंड के क्रम से अप्रभावित रहता है। ऐसा कर्म समय से परे होता है, क्योंकि मन जो कि समय की प्रक्रिया है, जो कि आकलन, विभाजन, अलगाव की प्रक्रिया है, उसकी ऐसे कर्म में कोई भूमिका नहीं होती।

कर्म क्या है, इस प्रश्न का इतना आसान हल संभव नहीं है। आप में से अधिकांश लोग प्रश्न करते हैं और हां या नहीं में किसी उत्तर की अपेक्षा रखते हैं। आपका इससे क्या आशय है? ऐसा कोई प्रश्न आप पूछ लें, आराम से बैठ जाएं और मैं फिर समझाता रहूं, यह सब तो बहुत आसान है, लेकिन उस उत्तर को खुद अपने लिए खोजना, उस समस्या का इतनी गहराई से, इतनी अधिक स्पष्टता और बिना किसी तोड़-मरोड़ के अन्वेषण करना कि वह समस्या रह ही न जाए, यह कहीं अधिक दुष्कर है। यह तभी संभव है, जब समस्या का सामना करते वक्त मन वास्तव में शांत हो, मौन हो। अगर उस समस्या से आप प्यार करते हैं, तो वह उतनी ही सुंदर है, जितना कि सूर्यास्त। यदि उस समस्या के प्रति आपका विरोध भाव है, तो उसे आप कभी समझ नहीं पाएंगे।

**वह कर्म, जो मनुष्य के रूप में हमारा कायापलट कर दे, हममें नवजीवन का संचार करे, हमें पूरी तरह से रूपांतरित कर दे, हमें मुक्त कर दे, धारणा पर आधारित नहीं होता।**

हममें से अधिकतर व्यक्ति विरोधग्रस्त होते हैं, क्योंकि हम परिणाम से भयभीत रहते हैं। हम इस एहसास से डरे हुए रहते हैं कि यदि हम इसमें आगे बढ़े, तो न जाने क्या होगा? अतः हम समस्या के महत्व को, उसकी व्याप्ति को खो बैठते हैं।

जे कृष्णमूर्ति

**शिवराज सिंह चौहान | केंद्रीय कृषि मंत्री**



सम्मान में लोग बुके, दुपट्टा, शॉल-श्रीफल देते हैं, लेकिन इनका कोई उपयोग नहीं होता। इसलिए मेरा भाव है कि सम्मान करना ही हो, तो किसी को एक अच्छी किताब दिला दीजिए, किसी गरीब बेटी के विवाह में एक साड़ी भेंट कर दीजिए।

## अनुलोम-विलोम

### सुहरावर्दी बनाम गोपाल




# नाम बदलने की कुत्सित राजनीति

विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकारों ने शहरों, सड़कों और मोहल्लों के नाम बदलने के लिए सक्रिय रूप से अभियान चला रखा है। इस पहल में इस्लामी इतिहास और मुगल काल से जुड़े स्थानों व ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है।

यह छद्म राष्ट्रवाद ही है कि उसके नेता देश के बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों का भय दिखाकर डराते रहते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कुछ तबकों को खतरनाक समुदाय घोषित किया जाता है, ताकि समाज का ध्रुवीकरण हो और विभाजन की खाई गहरी होती जाए। इससे कुछ पार्टियों के वोटों में इजाफा होता रहे। इन लोगों ने इलाहाबाद, उस्मानाबाद, मुगलसराय और औरंगाबाद जैसे शहरों के नाम बदल दिए। इतना ही नहीं, नई दिल्ली की कई सड़कों के भी नाम बदल दिए गए। सरकार और पार्टी के अधिकारी इन परिवर्तनों को पूर्व-इस्लामिक, स्वदेशी विरासत को बहाल करने, भारतीय इतिहास को 'गुलामी से मुक्त' करने और उन प्रतीकों को मिटाने के प्रयास के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जिन्हें वे सदियों पुराने अत्याचार और गुलामी का प्रतीक मानते हैं। मगर अंग्रेजों ने भी तो हम पर शासन किया। लंबे समय तक भारत को अपना उपनिवेश बनाया था। वर्तमान सरकार उसके विरासत को नष्ट करने की बात कभी नहीं करती। जैसे विक्टोरिया मेमोरियल, रॉयटर्स बिल्डिंग या इंडिया गेट को तोड़ने के बारे में कभी ये लोग कुछ नहीं बोलते। आखिर क्यों नहीं बोलते? इसलिए नहीं बोलते, क्योंकि फिरंगियों के साथ इनके पूर्वजनों का दोस्ताना रिश्ता था।

इंडियन नेशनल कांग्रेस जब आजादी की लड़ाई अंग्रेजों से लड़ रही थी, तब हिंदू महसभा अंग्रेजों के बचाव में ढाल बनकर खड़ी थी। बहरहाल, नाम बदलने के इस क्रम की नवीनतम घटना कोलकाता की है, जहां के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता की ऐतिहासिक 'सुहरावर्दी एवेन्यू' सड़क का नाम बदलकर 'गोपाल मुखर्जी रोड' करने का फैसला किया है। उनके द्वारा इसकी सराहना करने के बाद एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जिन सुहरावर्दी का नाम बदला गया है, वह सड़क बंगाल के विद्वान, महान शिक्षाविद् हसन शाहिद सुहरावर्दी के नाम पर थी। मुख्यमंत्री ने जानकारी के अभाव में उस नाम को 1946 के 'डायरेक्ट एक्शन डे' (कलकत्ता दंगों) के मुख्य आरोपी और बंगाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री हुसैन शाहिद सुहरावर्दी समझ लिया। मुझे नहीं लगता की पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री अपनी इस भूल को कभी सुधारेंगे। सच यही है कि वह ज्ञान, शिक्षा और देश के लिए शहादत देने वालों का कतई सम्मान नहीं करते।

जंग बहादुर सिंह, टिप्पणीकार

# ऐतिहासिक गलतियां सुधारना सही

कोलकाता के सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम बदलकर गोपाल मुखर्जी (गोपाल पाठा) रोड करने का निर्णय ऐतिहासिक दृष्टिकोण, राजनीतिक विचारधारा और तथ्यों को सही करने का मुद्दा बन गया है। नाम बदलने का पक्ष लेते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने इसे ऐतिहासिक सुधार बताया है। वर्तमान पश्चिम बंगाल सरकार का मानना है कि यह 1946 के कलकत्ता दंगों के दौरान हिंदू परिवारों की रक्षा करने वाले स्थानीय नायक 'गोपाल पाठा' को सम्मानित करने और एक ऐतिहासिक विसंगति को सुधारने का प्रयास है। सड़क का नाम बदलने का यह निर्णय देशभक्तों के लिए 'ऐतिहासिक न्याय' का प्रतीक है।

सुहरावर्दी एवेन्यू कोलकाता में पार्क सर्कस इलाके की एक प्रमुख सड़क है। नाम बदलने का समर्थन करने वाले और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का कहना है कि शहर की एक मुख्य सड़क का नाम ऐसे व्यक्ति को समर्पित था, जिसने सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए राज्य की सत्ता का हथियार के तौर पर गलत इस्तेमाल किया और बेगुनाह नागरिकों के नरसंहार की साजिश रची। अब इसका नाम बदलकर गोपाल मुखर्जी के नाम पर रखा जा रहा है। वह निडर व्यक्ति थे, जिन्होंने 1946 के दंगों में हजारों बेगुनाह लोगों की जान बचाने के लिए मुख्य रक्षक के तौर पर कदम उठाया था। इस तरह एक सच्चे रक्षक और बचाने वाले का सम्मान करके ऐतिहासिक न्याय बहाल किया गया है।

देखा जाए, तो भारत पर हजार साल से अधिक तक विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आक्रांताओं का शासन रहा है। ऐसे शासकों ने देश की स्थानीय आबादी पर न केवल जोर-जुल्म किए, बल्कि देश के संशाधनों का भी बेजा इस्तेमाल किया। ऐसे शासकों के नाम पर कालक्रम में बहुत सी विरासतों के नाम आ गए। इनमें दिल्ली सल्तनत काल, मुगल काल प्रमुख हैं। इन आक्रांता विदेशी शासकों के नाम हमारी सभ्यता-संस्कृति के लिए कलंक है और इनसे जितनी मुक्ति मिले, वह हमारे समाज और इतिहास के लिए सुखद होगा। इसलिए जरूरी है कि ऐसे नामों को तुरंत बदलकर देशभक्तों के नाम पर उनका नामकरण हो। अतीत में भी कोलकाता में ही 'ब्लैक हॉल' नामक कुख्यात जगह का नाम बदला गया, जिसे अंग्रेजों ने भारतीयों को बदनाम करने के लिए गलतबयानी का सहारा लेकर बना रखा था।

कोलकाता की इस प्रवृत्ति को पूरे देश में अपनाए जाने की जरूरत है और 'कलकत्ता का कसाई' कहे जाने वाले सुहरावर्दी के नाम की तरह ही देश भर में बचे-खुचे 'जल्लादों' के नाम बदल देने की मुहिम चलनी चाहिए। भाजपा सरकारें ही इस काम को बखूबी कर सकती हैं।

रवि कुमार, टिप्पणीकार

मानसून या बारिश की राह में अल नीनो बाधक बन खड़ा हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान अगर गलत साबित न हुए, तो इस साल कम बरसेंगे बादल। ऐसे में, अनेक सवाल खड़े होने लगे हैं। हम कृषि और उपज को कैसा बचाएंगे? जल संकट से कैसे बचेंगे? आने वाले दिनों में हमें सेहत के लिए क्या सावधानियां बरतनी पड़ेंगी? आइए, विशेषज्ञों से जानें कि हमें कैसे सचेत रहना है…

# अब के बरस कितना कम बरसेंगे बादल






मौसम वैज्ञानिकों ने अल नीनो के आगमन की पुष्टि कर दी है। अगर हालात में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया, तो इस बार अपने देश में बारिश कम होगी। अल नीनो वास्तव में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में होने वाली गर्मी है, जो विश्व भर में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करती है। भारत में यह कमजोर मानसून की आशंका को बढ़ाती है। इस वर्ष का अल नीनो दशकों में सबसे मजबूत रहने की आशंका है और यह 2027 की शुरुआत तक जारी रह सकता है।

11 जून को अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय व वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) ने भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में अल नीनो के उभरने की घोषणा कर दी। पूर्वानुमान के अनुसार, अल नीनो प्रभाव पूरे वर्ष मजबूत रहेगा। नवंबर-दिसंबर के आसपास चरम पर पहुंचेगा और फरवरी-मार्च 2027 तक जारी रहेगा। अल नीनो की वजह से समुद्र की सतह के तापमान में सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक वृद्धि होने की 63 प्रतिशत संभावना जताई गई है। इस बार अल नीनो को बहुत प्रभावी श्रेणी का माना जा रहा है। साल 1951 के बाद से ऐसी केवल छह या सात घटनाएं देखने में आई हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने भी अल नीनो के उभरने की पुष्टि की है और कहा है कि जून-सितंबर में दक्षिण-पश्चिमी मानसून के आगे बढ़ने के साथ इसके और मजबूत होने की आशंका है।

## भारत पर क्या होगा प्रभाव?

अल नीनो आमतौर पर प्रशांत महासागर के ऊपर चलने वाली हवाओं को कमजोर करके भारतीय मानसून को दबा देता है। इसके परिणामस्वरूप, भारत की ओर बढ़ने वाली नमी से भरी मानसूनी हवाओं की गति धीमी पड़ जाती है। 1951 से अब तक, 16 अल नीनो वर्षों में से 12 वर्षों में सामान्य से कम या अपर्याप्त वर्षा हुई, जबकि छह या सात वर्ष स्थिति ज्यादा खराब रही। वर्षा को सामान्य से कम तब माना जाता है, जब यह दीर्घकालिक औसत का 90-95 प्रतिशत हो और अपर्याप्त तब माना जाता है, जब यह उस मानक से 10 प्रतिशत से अधिक कम हो। आशंका है कि इस साल 2015 के बाद सबसे कमजोर मानसून रहेगा।

4 जून को केरल तट पर तीन दिन देरी से पहुंचने के बाद, 14 जून तक मानसून में 28.4 प्रतिशत की वर्षा की कमी दर्ज की गई। यदि अगले महीने भी यह कमी बनी रहती है, तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो जाएगी। उपज पर असर पड़ेगा।

तब भी सुधार की कुछ उम्मीद जरूर है। एक सुखद संभावना यह बन सकती है कि हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) की सकारात्मक स्थिति, जिसमें पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में पश्चिमी हिंद महासागर का पानी अधिक गर्म होता है, मानसून पर अल नीनो के कुछ प्रतिकूल प्रभावों को कम कर सकती है।

खाद्य उत्पादन पर असर पड़ सकता है। एक बार फिर, बहुत कुछ मानसून की बारिश पर निर्भर करेगा। कुछ इलाकों में ज्यादा बारिश होती है, तो कुछ इलाकों में कम। वैसे, ज्यादा चिंता की बात नहीं है, भारत के पास चावल का पर्याप्त सरकारी भंडार है और वह मुख्य खरीफ फसल में कमी को पूरा कर सकता है। हालांकि, बारिश पर निर्भर दालें और तिलहन के उत्पादन पर असर पड़ेगा।

भारत में वार्षिक वर्षा का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा चार महीने के मानसून के मौसम में प्राप्त होता है। इसलिए कमजोर मानसून के परिणाम कृषि से परे भी होंगे। मानसून की बारिश भूजल को रिचार्ज करती है, जलाशयों को भरती है और घरों और उद्योगों के लिए जल आपूर्ति सुनिश्चित करती है। यह जलविद्युत उत्पादन के लिए भी महत्वपूर्ण है।

अल नीनो के सर्दियों में और मजबूत होने और 2027 तक जारी रहने की आशंका के साथ, अगले साल उच्च तापमान का खतरा बना रहेगा। भारत के कुछ हिस्सों में पीने के पानी की कमी हो सकती है, जैसी कि 2015-16 के शक्तिशाली अल नीनो के आगमन के बाद 2016 की गर्मियों में हुई थी।

### ला नीना बनाम अल नीनो

अल नीनो हो, तो कम बारिश और ला नीना हो, तो ज्यादा बारिश। आइए जानें साल 1950 से 2025 के बीच हुई वर्षा का हाल।




### दस्तक : अनेक आशंकाएं लिए आ पहुंचा अल नीनो

इस वर्ष मई के महीने में ही अल नीनो को लेकर विश्व स्तर पर चिंता शुरू हो गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएमओ) के नए अल नीनो/ला नीना अपडेट के अनुसार, जून-अगस्त 2026 के दौरान अल नीनो की घटना होने की 80 प्रतिशत आशंका बन गई है। इसके नवंबर तक जारी रहने की आशंका लगभग 90 प्रतिशत या उससे भी अधिक है। हालांकि, अल नीनो की चरम तीव्रता और समय को लेकर कुछ अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन अधिकांश पूर्वानुमान मॉडल बताते हैं कि यह कम से कम मध्यम तीव्रता का होगा-और संभवतः तीव्र भी हो सकता है।

### देश : बचाव की कितनी तैयारी

भारत में खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी में 2.1 प्रतिशत से बढ़कर मई में 4.8 प्रतिशत हो गई है। वैसे, ईरान में युद्ध थमने से भारत में महंगाई का दबाव घटेगा, लेकिन अल नीनो का दबाव बढ़ेगा। भारत में जल और अन्य जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही सेहत पर भी ज्यादा ध्यान देना होगा। भारत के पास अनाज भंडार पर्याप्त हैं, लेकिन तिलहन और दलहन पर असर पड़ सकता है। सब्जियों के कीमतों को भी गरीबों की पहुंच में रखना बड़ी चुनौती होगी।

### दुनिया : 50+ देशों पर असर

अल नीनो के प्राथमिक और प्रत्यक्ष प्रभाव विश्व भर के कम से कम 30 से 50 देशों पर पड़ते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, साल 2015 के अल नीनो में भी ऐसा ही हुआ था और करीब छह करोड़ लोग इससे सीधे प्रभावित हुए थे। दुनिया में कहीं सूखा पड़ेगा, तो कहीं भारी बारिश भी होगी। ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, भारत, श्रीलंका, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान सहित कम से कम तीन महादेशों में इसका असर दिखेगा। सजग देश तैयारी में लग गए हैं।

# खेती-बागवानी को जरूरत मुताबिक बदलना पड़ेगा



एस.के. सिंह
कृषि वैज्ञानिक, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर

भारत की कृषि व्यवस्था पहले से ही जलवायु परिवर्तन की अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में, वर्ष 2026 के लिए विभिन्न मौसम एजेंसियों और भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी दीर्घकालीन पूर्वानुमान चिंताजनक हैं। अनेक आकलनों के अनुसार, देश में कुल मानसूनी वर्षा दीर्घकालीन औसत का मात्र 90-92 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा, वर्षा का असमान वितरण, लंबे शुष्क अंतराल और मानसून की अपेक्षाकृत शीघ्र वापसी के हालात बन सकते हैं।

ऐसे समय में वैज्ञानिक खेती और जलवायु-स्मार्ट कृषि तकनीकों को अपनाना ही जोखिम को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है। वर्ष 2026 जैसे संभावित सूखा प्रभावित मौसम में किसानों को कम अवधि वाली किस्मों का चयन करना चाहिए।

भारत में ऐसे बीज उपलब्ध हैं, जिनसे कम समय में उपज ली जा सकती है। किसानों को अपने नजदीकी विज्ञान केंद्रों से जरूर संपर्क करना चाहिए। प्रतिकूल मौसम के अनुकूल धान, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, ज्वार, बाजरा की कम अवधि वाली किस्मों का चयन करना चाहिए। ऐसे में, बुवाई में जल्दबाजी करना अक्सर नुकसानदायक साबित होता है। विशेषज्ञों की सर्वसम्मति है कि कम से कम 75-100 मिमी प्रभावी वर्षा होने का इंतजार करें। मिट्टी में पर्याप्त नमी बनने की पुष्टि करें। समय पर बुवाई के अनेक लाभ हैं। इससे बेहतर अंकुरण दर - 85-90 प्रतिशत तक हो जाती है। सिंचाई की आवश्यकता में कमी आती है। करीब 15 से 20 प्रतिशत तक जल बचाया जा सकता है।

कुछ कृषि तकनीकें अपनाई जा सकती हैं : न्यूनतम जुताई और शून्य जुताई। परंपरागत गहरी जुताई मिट्टी में मौजूद नमी को तेजी से वाष्पित करती है, जबकि शून्य जुताई में मिट्टी की सतह पर बीती फसल के अवशेष सुरक्षा-परत का काम करते हैं। पिछली फसल के अवशेषों को खेत में ही रहने देने से मिट्टी की सतह पर छाया रहती है और वाष्पीकरण भी 25 से 30 प्रतिशत तक कम होता है। साथ ही, मिट्टी में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ जाती है।

आने वाले समय में किसी भी नुकसान से बचने के लिए किसानों को स्थानीय कृषि विशेषज्ञों और विज्ञान केंद्रों के साथ जुड़े रहना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### तापमान वृद्धि का प्रभाव

पिछले तीन दशक में भारत के औसत तापमान में 0.7 से 1.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। यह एक छोटा-सा अंतर लगता है, लेकिन कृषि पर इसके प्रभाव असाधारण हैं। तापमान में वृद्धि के साथ पौधों की जल आवश्यकता भी बढ़ती जाती है। कम वर्षा और अधिक तापमान का संयुक्त प्रभाव मिट्टी की नमी को तेजी से कम करता है। इस स्थिति को नमी तनाव कहा जाता है। जब पौधे नमी तनाव के संपर्क में आते हैं, तब निम्नलिखित प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं :

**प्रकाश संश्लेषण में कमी**
पत्तियों के रंध्र बंद हो जाने से ऊर्जा का अवशोषण कम होता है।

**पुष्पन में विलंब**
पौधों का प्रजनन चक्र बाधित होता है।

**फलन में गिरावट**
फूल और फल झड़ने की घटनाएं बढ़ती हैं।

**उपज में नुकसान**
कभी-कभी 30-50 प्रतिशत तक नुकसान।



# सेहत सलामत रखने के लिए बहुत सावधान रहना होगा



जुगल किशोर
वरिष्ठ चिकित्सक एवं जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ

अल नीनो का खतरा अगर बढ़ा, तो सबसे पहले पेयजल का अभाव बढ़ेगा। सामान्य तौर पर गर्मी के दिनों में हर किसी तक शुद्ध पेयजल की पहुंच नहीं रहती है, पर अब शुद्ध जल के लिए लोगों को ज्यादा जूझना पड़ेगा।

बारिश कम होगी, तो तापमान बढ़ेगा। लू लगने के मामले बढ़ेंगे। अक्सर बच्चे जरूरत से कम पानी पीते हैं और उन्हें लू जल्दी लगती है। थोड़ी भी देर वह खुले में खेलते हैं, तो लू के शिकार हो सकते हैं।

जो लोग धूप में रहकर काम करते हैं, उन्हें खास तौर पर सावधान रहना होगा। मजदूरों से धूप में काम लेने वालों को भी काम के तरीके और समय में बदलाव के लिए सोचना होगा। जो लोग पहले से ही बीमार हैं, उन्हें भी सावधानी बढ़ानी पड़ेगी। ज्यादा तापमान का असर शरीर के सभी अंगों पर पड़ता है। वैसे, अपने देश में यह कोई पहली बार नहीं है, जब बारिश कम होने की आशंका है। फिर भी ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है, सचेत रहना जरूरी है।

जल के अभाव से जीवनशैली खराब हो जाती है। लोग साफ-सफाई में कमी करने लगते हैं। बर्तन के ठीक से साफ न होने, खाद्य सामग्री में स्वच्छता न होने से तरह-तरह के संक्रमणों को बल मिलता है। कुछ संक्रमण थोड़ी भी लापरवाही होने पर जानलेवा हो जाते हैं। कम वर्षा के समय दूषित जल-जनित बीमारियां बढ़ती हैं, जो लंबे समय तक शरीर को बीमार या कमजोर रखती हैं।



जल के अभाव में सार्वजनिक रूप से भी गंदगी बढ़ती है, इससे जन स्वास्थ्य प्रभावित होता है। मान लीजिए, आप घर में साफ-सफाई के प्रति पूरी तरह सचेत व आश्वस्त हैं, पर घर से बाहर खतरा बना रहता है। बाहर खाने का चलन भी बढ़ रहा है, लेकिन जल की जब कमी होगी, तब बाहर खाने-पीने की हर चीज की गुणवत्ता प्रभावित होगी। अतः बहुत सोच-समझकर ही बाहर खाना फायदेमंद होगा। यह ठीक से समझ लेना होगा कि अल नीनो का असर हमारी सेहत पर पड़ेगा, लेकिन हम इंतजाम से चलें, तो अपना बचाव कर पाएंगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के योग बन सकते हैं। विदेश जाने के योग भी बन रहे हैं।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं विवाद से बचें। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। सेहत के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार के लिए माता-पिता से धन मिल सकता है। कारोबार में भागदौड़ भी अधिक रहेगी। सेहत के प्रति सचेत रहें।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में अफसरों के सहयोग से तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। खर्च भी बढ़ेंगे।

**सिंह :** मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। जीवन-साथी और पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**कन्या :** वाणी में मधुरता रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से आय में भी वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का सान्निध्य मिलेगा। कारोबार का विस्तार होगा। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्च बढ़ेंगें।

**धनु :** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**मकर :** किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। खर्च में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ :** किसी अज्ञात भय से मन परेशान हो सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**मीन :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में बढ़ोतरी होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे, परंतु माता की सेहत का ध्यान रखें।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**24 जून**, बुधवार, **शक संवत्**: 03,आषाढ़, (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग**: 10, आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 08,मोहर्रम,1448 **विक्रमी संवत्**: द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि सायं 06.13 मिनट तक, पश्चात एकादशी तिथि, चित्रा नक्षत्र दोपहर 01.59 मिनट तक पश्चात स्वाती नक्षत्र परिघ योग प्रातः 10.23 मिनट तक पश्चात शिव योग, चंद्रमा तुला राशि में (दिन रात)
**सूर्य उत्तरायण**। ग्रीष्म ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। श्री गंगा स्नान।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**निर्जला एकादशी के दिन क्या करें, क्या न करें :**

- साल की सबसे बड़ी एकादशी में से एक निर्जला एकादशी के दिन उपवास करना और सामर्थ्यनुसार दान करना बहुत शुभ फलदायक होता है। इस दिन जल, छाता, मटका, अनाज, फल आदि का दान कर सकते हैं, चावल नहीं खाने चाहिए। इस दिन भगवान विष्णु को तुलसी माला चढ़ाना और ठाकुरजी को एक बांसुरी चढ़ाना भी शुभ फल देता है। अबकी बार इस दिन पीले वस्त्र पहनने चाहिए। इस दिन विष्णु सहस्रनाम का जाप करना शुभ होता है। साथ ही 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जाप निरंतर करना चाहिए। इस दिन कोई अपशब्द न बोलें। मौन रहकर जप कर पायें तो सर्वोत्तम है।

### वर्ग पहेली : 8369



**बाएं से दाएं**
1. परिवार का; परिवार से संबंधित (5)
5. इठलाना; गर्व से ऐंठना; सफलता पाकर फूला न समाना (4)
6. अपूर्व; नया; ताजा (3)
8. आपे में न रहना; पथभ्रष्ट होना; भटकना (4)
9. धोने वाला; धोबी (3)
11. बेटी की बेटी; धेवती (3)
13. नटखट; पाजी; शरारत करने वाला (4)
15. कक्ष; कोठरी (3)
16. चौखट; देहली; किसी सिद्ध पुरुष का समाधिस्थल; मकबरा; मजार (4)
17. वह संज्ञा जिससे किसी पदार्थ का भाव, धर्म, या गुण आदि सूचित हो; भावसूचक (5)

**ऊपर से नीचे**
1. पालने वाला; परमात्मा (5)
2. आने-जाने का साधन; वहन करने वाला; गाड़ी; सवारी (3)
3. काम बनाना; व्यर्थ लंबी चौड़ी बात करना; बढ़ा-चढ़ा कर कहना (2,3)
4. चुनने का कार्य; निर्वाचन (3)
7. कलपना; आह खींचना (2,3)
10. कश खींचना; कश मारना (2,3)
12. जिसे स्वीकार न किया जाए; गलत; खराब; जो सकारात्मक न हो (5)
14. ऊपर सामान रखना; ढोने के लिए सामान भरना; भार रखना (3)
15. पेड़ विशेष के पीसे बीजों को उबाल कर बना पेय; काफी (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8368

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 का | ■ | 2 पा | ■ | 3 उ | 4 प | वा | 5 स |
| 6 का | र्य | दि | व | 7 स | ■ | न | ■ | म |
| ■ | क्ष | ■ | 8 स | म | यो | प | रां | त |
| 9 स | म | ता | ■ | झौ | ■ | ना | ■ | ल |
| ■ | ता | ■ | 10 प | ता | का | ■ | 11 डू | ■ |
| 12 य | ■ | 13 मा | ■ | क | ■ | 14 द | ब | ना |
| 15 म | न | न | क | र | 16 ना | ■ | म | ■ |
| दू | ■ | सि | ■ | 17 ना | श | क | र | ना |
| 18 त | म | क | ना | ■ | क | ■ | ना | ■ |

### सुडोकू : 8351

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | |
| 2 | | | 7 | | 9 | | | 8 |
| | 3 | 5 | 4 | | 1 | 2 | 7 | |
| 5 | | | 3 | | 8 | | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 1 | | | 2 | | 4 | | | 7 |
| | 6 | 3 | 9 | | 2 | 5 | 4 | |
| 7 | | | 1 | | 6 | | | 3 |
| | | 2 | | | | 7 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 1 | 4 | 2 |

# कामयाबी: दुनिया के कारोबार की कमान भारतीय पेशेवरों के हाथ में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की बड़ी कंपनियों में भारतीयों का दबदबा पहले से ही रहा है, इस लिस्ट में अब कुणाल शाह का नाम भी शामिल हो गया है। फिनटेक प्लेटफॉर्म क्रेड के फाउंडर शाह, मेटा की ग्लोबल लीडरशिप टीम में शामिल होकर इस बड़ी टेक कंपनी के मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को संभालेंगे।

इसके साथ ही शाह उन खास प्रोफेशनल्स के ग्रुप में शामिल हो गए हैं जो अरबों यूजर्स और खरबों डॉलर की मार्केट वैल्यू वाली कंपनियों को संभालते हैं। यह नियुक्ति इस बढ़ते ट्रेंड को और मजबूत करती है कि वैश्विक डिजिटल सेवाओं के नेतृत्व के लिए आवश्यक रणनीतिक सोच के मामले में भारतीय टैलेंट की मांग लगातार बढ़ रही है।

### सिलिकॉन वैली में भारतीयों की अहम भूमिका

सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के पेशेवरों का दबदबा लगातार बढ़ रहा है। इस नेतृत्व यात्रा को नई पहचान देने वालों में सत्य नडेला और सुंदर पिचाई प्रमुख हैं। नडेला ने 2014 में माइक्रोसॉफ्ट की कमान संभाली, जबकि पिचाई 2015 में गूगल और 2019 में उसकी मूल कंपनी अल्फाबेट के सीईओ बने। शांतनु नारायण 2007 से एडोब का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं, नील मोहन यूट्यूब के सीईओ हैं, रवि कुमार एस कॉग्निजेंट का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि आशा शर्मा और राहुल पाटिल भी वैश्विक तकनीकी कंपनियों में अहम जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। कुणाल शाह इस सूची में नया नाम है।

### हाल में ग्लोबल टेक कंपनियों में नियुक्त हुए भारतीय



वर्ष 2026 — कुणाल शाह, ग्लोबल सीईओ, व्हाट्सएप
2026 — आशा शर्मा, सीईओ, माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग
2025 — राहुल पाटिल, चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, एंथ्रोपिक
2023 — नील मोहन, सीईओ यूट्यूब
2023 — रवि कुमार एस, सीईओ, कॉग्निजेंट

### केवल तकनीक के क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं भारतीय

भारतीयों का प्रभाव केवल तकनीक तक सीमित नहीं है। वित्तीय क्षेत्र में अजय बंगा विश्व बैंक का नेतृत्व कर रहे हैं। लीना नायर दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित लग्जरी ब्रांडों में से एक चैनल की वैश्विक मुख्य कार्यकारी हैं। चिप डिजाइन और सेमीकंडक्टर उद्योग में जयश्री उल्लाल का नाम प्रमुख है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गिरीश ऋषि जैसे भारतीय मूल के पेशेवरों ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं, जबकि पुनीत रंजन ने डेलॉयट का नेतृत्व किया।

### इन सेक्टरों में सबसे ज्यादा

- टेक्नोलॉजी–एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर और चिप डिजाइन, उपभोक्ता वस्तुएं, लग्जरी ब्रांड, वैश्विक परामर्श सेवाएं, बैंकिंग और वित्त , स्वास्थ्य सेवाएं एवं लाइफ साइंसेज

### आईआईटी के छात्र छाए

आईआईटी दिल्ली की इसी साल जारी रिपोर्ट के अनुसार 54 फीसदी पूर्व छात्र भारत से बाहर, मुख्य रूप से अमेरिका, यूरोप और सिंगापुर में बड़े पदों पर जॉब कर रहे हैं। एक हजार से अधिक पूर्व छात्र वैश्विक कंपनियों में सीईओ, सीटीओ, सीएफओ या बोर्ड मेंबर्स के पदों पर कार्यरत हैं। 15 फीसदी छात्र सीनियर पदों पर काम कर रहे हैं।

## आईटी में बिकवाली से सेंसेक्स टूटा

**मुंबई, एजेंसी।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और आईटी एवं धातु कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को खासी गिरावट आई।

सेंसेक्स 893.39 अंक टूटकर 76,200.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,011.56 अंक तक गिरकर 76,082.51 अंक के निचले स्तर पर आ गया था।इसी तरह, निफ्टी 278.80 अंक गिरकर 23,824.10 अंक पर बंद हुआ।इससे पहले सेंसेक्स और निफ्टी में 11 जून से छह कारोबारी सत्रों के दौरान चार प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी देखी जा चुकी थी।वहीं इन्फोसिस और टीसीएस के शेयर में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

### बाजार 30s

**शेयर बाजार**



सेंसेक्स
76,200 -893.39

निफ्टी
23,824 -278.80

**सर्राफा**



| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 1,49,300 | –3,000 |
| चांदी | 2,35,000 | –10,500 |

### ‘सोल्स इन सिम्फनी’ कलेक्शन पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलर तनिष्क ने अपना सबसे नया, प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन, ‘सोल्स इन सिम्फनी’ पेश किया है। तनिष्क की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पेल्की त्शेरिंग ने कहा, इस कलेक्शन को आज के दौर की महिलाओं के आपसी जुड़ाव और दोस्ती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह कलेक्शन 18 कैरेट सोने में तैयार किया गया है। इस कैम्पेन में अनन्या पांडे, सुष्मिता सेन और राधिका आपटे को पहली बार एक साथ लाया गया है।

### जेएम फाइनेंशियल का एनएफओ आज से

**मुंबई।** जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने जेएम मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। मुख्य निवेश अधिकारी (इक्विटी) सतीश रामनाथन ने कहा, यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है, जो इक्विटी एवं इक्विटी से संबंधित साधनों में निवेश करेगी। इसका नया फंड ऑफर 24 जून से आठ जुलाई के बीच खुला रहेगा।

### अदाणी मुंद्रा हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू हुईं

**मुंद्रा (गुजरात)।** अदाणी मुंद्रा हवाई अड्डे से मंगलवार को गोवा से पहली उड़ान के आगमन के साथ वाणिज्यिक संचालन शुरू हो गया। अदाणी समूह ने कहा कि स्टार एयर के साथ रणनीतिक साझेदारी में शुरू की गई यह हवाई सेवा कच्छ क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई गति देगी।

### भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम जल्द शुरू करेगा नई सुविधा

# एक ही यूपीआई ऐप पर सभी ऑटो-पे दिखेंगे

**तैयारी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपीआई से भुगतान करने वाले लोगों को जल्द नई सुविधा मिलने वाली है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ऐसा फीचर तैयार कर रहा है, जिसके तहत ग्राहक अपने सभी यूपीआई ऑटोपे भुगतान (ई-मैंडेट) को किसी भी एक यूपीआई ऐप पर एक साथ देख और उन्हें ट्रैक कर सकेंगे।

वर्तमान में यदि किसी व्यक्ति ने बिजली-पानी बिल, ओटीटी सब्सक्रिप्शन या कर्ज की ईएमआई चुकाने के लिए अलग-अलग यूपीआई ऐप पर ऑटो भुगतान सक्रिय किए हैं तो उसे हर बार उसी ऐप पर जाकर उसकी स्थिति जांचनी पड़ती है। नई सुविधा शुरू होने के बाद सभी ई-मैंडेट एक ही जगह दिखाई देंगे, चाहे उन्हें किसी भी यूपीआई ऐप के जरिए बनाया गया हो। बताया जा रहा है कि एनपीसीआई ने भुगतान सेवा प्रदाता कंपनियों को इसके लिए अपने नेटवर्क में जरूरी बदलाव करने का निर्देश दिया है।

**दोहरे भुगतान से बचाव :** इस बदलाव के बाद ग्राहकों को अपने सभी ऑटोपे भुगतान की जानकारी एक ही मंच पर मिल जाएगी। वे यह देख पाएंगे कि उनके कौन-कौन से ऑटो-पे भुगतान सक्रिय हैं और किस ऐप से रकम कट रही है। जरूरत पड़ने पर वे इन्हें किसी दूसरे ऐप पर ट्रांसफर कर सकेंगे। इससे वित्तीय प्रबंधन आसान होगा और गलती से दोहरी या अनजाने में होने वाली भुगतान से भी बचाव होगा।

### उसी ऐप से भुगतान होगा

हालांकि, अगर ग्राहक कोई सब्सक्रिप्शन रद्द करना चाहते हैं या उसमें बदलाव करना चाहते हैं, तो उन्हें उसी ऐप पर जाना होगा, जिसके जरिए शुरू में उन्होंने ऑटो पेमेंट की सुविधा शुरू की थी। मामले से जुड़े अधिकारी के मुताबिक, यह फीचर ऐसा है कि सभी ऐप्स ई-मैंडेट की सूची तो दिखाएंगी, लेकिन लेनदेन के लिए उन्हें उसी यूपीआई ऐप पर भेज दिया जाएगा।




### तेजी से बढ़ा ई-मैंडेट

यूपीआई ऑटोपे सुविधा का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, मई 2026 में शीर्ष 10 बैंकों ने करीब 1.6 अरब ऑटोपे लेनदेन प्रोसेस किए, जबकि एक साल पहले यह संख्या 57 .7 करोड़ थी। ऑटोपे का इस्तेमाल ईएमआई, बीमा प्रीमियम, एसआईपी, मोबाइल-बिजली बिल जैसे नियमित भुगतानों के लिए किया जाता है।

### क्यों पड़ रही है जरूरत

ऑटोपे लेनदेन बढ़ने के साथ कई ग्राहकों को यह याद नहीं रहता कि उन्होंने किन-किन सेवाओं के लिए ऑटो भुगतान की अनुमति दे रखी है। कई बार खाते में पर्याप्त राशि न होने से भुगतान असफल हो जाते हैं। एनपीसीआई का मानना है कि यदि सभी ऑटोपे एक ही स्थान पर दिखेंगे तो ग्राहक उन्हें बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकेंगे।

## दो इस्तीफों से गूगल को 26 लाख करोड़ का झटका

- दो एआई विशेषज्ञों ने कंपनी छोड़ी
- इस कदम ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** एआई क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट को बड़ा झटका लगा है। कंपनी के दो प्रमुख एआई विशेषज्ञों के इस्तीफे के बाद निवेशकों की चिंता बढ़ गई, जिसके चलते अल्फाबेट के शेयरों में तेज गिरावट दर्ज की गई।इससे कंपनी का बाजार पूंजीकरण करीब 270 अरब (लगभग 25.65 लाख करोड़ रुपये) डॉलर घट गया।

यह गिरावट 2026 में कंपनी के सबसे खराब कारोबारी दिनों में से एक मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गूगल के एआई कार्यक्रमों से जुड़े दो प्रमुख नाम कंपनी छोड़कर प्रतिद्वंद्वी एआई कंपनियों में शामिल हो गए हैं। इनमें जेमिनी एआई मॉडल से जुड़े वरिष्ठ शोधकर्ता नोआम शेज़ीर और अल्फाफोल्ड परियोजना का नेतृत्व कर चुके जॉन जम्पर शामिल हैं। इन दोनों के जाने से निवेशकों के बीच यह चिंता बढ़ गई कि एआई की दौड़ में गूगल अपनी महत्वपूर्ण प्रतिभाओं को खो रहा है।

## स्पेसएक्स ने एक हफ्ते में ₹95 लाख करोड़ गंवाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत के बाद एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिल रही है। मंगलवार को कंपनी का शेयर करीब 149 डॉलर तक फिसल गया, जो 16 जून को बने 277 डॉलर के उच्चतम स्तर से 30 प्रतिशत से अधिक नीचे है। बीते एक सप्ताह में कंपनी का पूंजीकरण 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 95 लाख करोड़) घट गया है।

12 जून को आए ऐतिहासिक आईपीओ के बाद निवेशकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था। शेयर अपने निर्गम मूल्य 135 डॉलर से तेजी से उछलकर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। इससे कंपनी का बाजार मूल्य 2.7 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच गया था और यह दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों में शामिल हो गई थी।

हालांकि, उत्साह अब ठंडा पड़ रहा है।सोमवार को शेयर में 16% से अधिक की गिरावट आई, जिससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में एक ही दिन में करीब 400 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई।

**राहत**

## ईरानी तेल की बिक्री पर छूट से भारत को फायदा

**कच्चे तेल पर लगे प्रतिबंधों में अस्थायी छूट के फैसले के तहत ईरान बिक्री, परिवहन, बीमा और भुगतान संबंधी सेवाओं की अनुमति मिल गई है। यह राहत 60 दिन की है।**



### सबसे बड़ा फायदा: सस्ता तेल

भारत 2019 तक ईरान से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता था, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद उसे खरीद बंद करनी पड़ी थी। ईरान आमतौर पर एशियाई खरीदारों को आकर्षक शर्तों और छूट पर तेल उपलब्ध कराता रहा है। भारत का आयात बिल 2016 में 231 अरब डॉलर था जो कि ताजे संकट की वजह से बढ़कर 388 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।

### ऊर्जा सुरक्षा मजबूत

भारत लगभग 85% कच्चा तेल आयात करता है। जितने अधिक स्रोत उपलब्ध होंगे, ऊर्जा सुरक्षा उतनी मजबूत होगी। ईरान की वापसी से रूस, सऊदी अरब, इराक और यूएई पर निर्भरता कुछ कम हो सकती है।

### पांच शीर्ष आपूर्तिकर्ता

| | |
|---|---|
| रूस | 270.39 |
| सऊदी अरब | 55.89 |
| यूएई | 52.78 |
| ब्राजील | 21.46 |
| वेनेजुएला | 20.97 |

(मिलियन बैरल में)

### महंगाई में राहत

कच्चे तेल की कीमत में गिरावट से आयात बिल कम होता है। चालू खाता घाटा घटता है। महंगाई पर भी सकारात्मक असर हो सकता है।

### अभी सावधानी जरूरी

राहत फिलहाल 60 दिनों के लिए है और अंतिम शांति समझौते पर निर्भर है। यदि वार्ता विफल होती है तो प्रतिबंध फिर लागू हो सकते हैं।

भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

**भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पद के लिए आवेदन**

दूरसंचार विभाग में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22.07.2026 को 15.00 बजे तक है।

जानकारी के लिए वेबसाइट पर लॉग इन करें
**http://www.dot.gov.in**

सीबीसी 06201/11/0001/2627

# अपना देश

### ममता ने दायर की थी याचिका, सुनवाई से पहले जज ने कहा- मैं भाजपा नेता का भाई

# वीवीपैट सुरक्षित रखने के निर्देश

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश गौरांग कांत ने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका पर आदेश दिया कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के चार मई के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखा जाए।

इससे पूर्व जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई जज ने टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के वकील व टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी से कहा कि वह यह बिल्कुल साफ कर देना चाहते हैं कि उनके बड़े भाई भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। यह याचिकाकर्ता के लिए चिंता की बात हो सकती है और वह पूरी जानकारी देने के बाद ही सुनवाई करेंगे, ताकि आपको बाद में कोई दिक्कत न हो।

इस पर कल्याण बनर्जी ने अदालत से कहा कि उन्हें जज पर पूरा भरोसा है और उनके प्रति सम्मान भी। इसके बाद जज ने अपना आदेश दिया। ममता की याचिका पर शुरुआती सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने आदेश दिया कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के चार मई के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखा जाए।

### तृणमूल नेत्री के घर से तीन किलो सोना जब्त

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सब्यसाची दत्ता के खिलाफ वसूली के मामले में तलाशी के दौरान पार्टी की एक जिला परिषद सदस्य के घर से 4.3 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया गया है। जब्त सोना करीब तीन किलोग्राम का बताया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह जब्ती नदिया के करीमपुर इलाके के किशोरपुर में जिला परिषद सदस्य टीना भौमिक साहा के पैतृक घर में सोमवार देर रात की गई छापेमारी के दौरान हुई। साहा को दत्ता की करीबी माना जाता है। दत्ता फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं।

## टीएमसी ने आठ नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया



**कारण बताओ नोटिस के 24 घंटे के भीतर निर्णय**

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर गहराते आंतरिक संकट के बीच मंगलवार को आठ वरिष्ठ नेताओं को दल से निष्कासित कर दिया।

इनमें फिरहाद हकीम, अरूप बिश्वास, जावेद अहमद खान, अरूप रॉय, रथिन घोष, बिप्लव मित्रा, सबीना यास्मीन और स्नेहाशीष चक्रवर्ती जैसे कद्दावर नाम शामिल हैं। यह कार्रवाई तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व द्वारा इन नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के 24 घंटे के भीतर की गई है। ममता ने यह कदम इन नेताओं के विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट से कथित जुड़ाव को देखते हुए उठाया गया है। ऋतब्रत का गुट खुद को वास्तविक तृणमूल कांग्रेस होने का दावा कर रहा है। इससे पहले बागी गुट ने सोमवार को एक बैठककर पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यसमिति की घोषणा की थी।

**मदन मित्रा को मुख्य सचेतक बनाने का प्रस्ताव रखा :** ममता बनर्जी के खेमे ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक के पद पर मदन मित्रा की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय ने अनुरोध पर कार्रवाई से इनकार कर दिया।

## क्रॉस वोटिंग के मामले में भाजपा नेतृत्व ने पेच कसे

**कर्नाटक**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कर्नाटक विधान परिषद चुनाव में भाजपा के चार विधायकों की क्रॉस वोटिंग के मामले में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली तलब किए राज्य के प्रमुख नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व ने नीतिगत मामलों में केंद्र के फैसलों को गंभीरता से लेने की सख्त हिदायत दी है।

केंद्रीय नेतृत्व ने दो टूक कहा कि ऐसा हुआ, वैसा हुआ कहकर अपनी कमजोरी को छिपाया नहीं जा सकता। अभी तक क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की पहचान न कर पाने को लेकर भी नाराजगी जताई गई। भाजपा के लिए दक्षिण भारत की राजनीति में कर्नाटक सबसे अहम है। पार्टी वहां हीलाहवाली बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है।

इस मसले पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी वाय विजयेंद्र, विधानसभा में नेता विपक्ष आर अशोक और प्रभारी महासचिव राधामोहन दास अग्रवाल की पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ दो घंटे से ज्यादा बैठक चली।

इसमें केंद्रीय नेतृत्व ने साफ किया कि नीतिगत फैसले केंद्र के स्तर पर लिए जाते हैं और उनका हर हालात में पालन होना चाहिए। किस दल में क्या हुआ, उससे ज्यादा अहम अपनी पार्टी है और उसमें क्रॉस वोटिंग जैसी स्थिति गंभीर है।

### राज्य की हर स्थिति पर केंद्र की नजर

प्रदेश के नेताओं ने जद (एस) की अंदरूनी हालात और राज्य की बदली राजनीतिक स्थिति खासकर कांग्रेस सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को क्रॉस वोटिंग का एक अहम कारण माना। साथ ही कहा कि जद (एस) खुद अपना यहां क्रॉस वोटिंग नहीं रोक पाया। इसपर केंद्रीय नेतृत्व ने कहा कि यह कारण हो सकते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं हो सकता है कि पार्टी के फैसले के खिलाफ वोटिंग की जाए। राज्य की हर स्थिति पर केंद्र की नजर है और उचित समय पर उचित फैसला लिया जाएगा।

**प्रवेश घोषणा – शैक्षणिक वर्ष 2026–2027**

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वर्ष 1956 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है, शैक्षणिक सत्र 2026–2027 हेतु निम्नलिखित शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

- जनसंख्या अध्ययन में एम.ए. / एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्तिः ₹5,000 / –]*
- जैव–सांख्यिकी एवं जनांकिकी में एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्तिः ₹5,000 / –]*
- सर्वेक्षण अनुसंधान एवं डाटा विश्लेषकी में एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्तिः ₹5,000 /]*
- जनसंख्या अध्ययन में पीएच.डी. [भारत सरकार–आईआईपीएस, यूजीसी–जेआरएफ छात्रवृत्ति आदि]
- जनसंख्या अध्ययन में अंशकालिक पीएच.डी.
- पोस्ट–डॉक्टोरल छात्रवृत्ति (पीडीएफ) कार्यक्रम [मासिक छात्रवृत्ति रु. 50,000 / – + आवास भत्ता (एचआरए)]

[* छात्रावास सुविधा उपलब्ध है]

**आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथिः 30-06-2026 (सुबह 11.00 बजे)।**
अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: www.iipsindia.ac.in

निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (अतिरिक्त प्रभार)

## एआई मदद कर सकता है, फैसला नहीं : सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मंगलवार को कहा कि न्याय प्रदान करने की व्यवस्था मूल रूप से मानवीय कोशिश ही रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यद्यपि एआई जज की मदद कर सकता है, लेकिन यह न तो फैसले तय कर सकता है और न ही न्यायिक विवेक का इस्तेमाल कर सकता है।

मॉस्को में रूस के सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख इगोर क्रासनोव के साथ बैठक के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी अदालतों की क्षमताएं बढ़ाती है, तो लोगों में किया गया निवेश ही यह तय करता है कि उन क्षमताओं का कितना प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाता है। संस्थाएं विकसित हो सकती हैं, प्रौद्योगिकी बदल सकती है और नई चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन अदालतों का मूल उद्देश्य न्याय को इस तरह से बनाए रखना है कि जनता का भरोसा कायम रहे। कहा कि एआई जानकारी को व्यवस्थित करने, अनुवाद में मदद करने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आसान बनाने में न्यायाधीशों की मदद कर सकता है, यह नतीजों का फैसला नहीं कर सकता, गवाहों की विश्वसनीयता नहीं परख सकता।



**रूस के सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख के साथ की बैठक**

## जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल गंभीर मामला : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक कार्यवाही में जालसाजी और नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल गंभीर अपराध हैं और इन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता।

पीठ ने कहा कि ‘इसमें कोई शक नहीं है कि न्यायिक कार्यवाही में नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल गंभीर अपराध हैं। भारतीय दंड संहिता की धाराएं 467 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के मकसद से जालसाज़ी) और 471 उन अपराधों से संबंधित हैं, जो सार्वजनिक और कानूनी दस्तावेजों की प्रमाणिकता और शुचिता को कमजोर करते हैं। अदालत के सामने नकली दस्तावेजों के इस्तेमाल को हल्के में नहीं लिया जा सकता।’

## मंत्रिपरिषद विस्तार की सुगबुगाहट

**संभावना**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की
- राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने पर केंद्रीय मंत्री कुरियन का इस्तीफा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विस्तार की सुगबुगाहट तेज हो गई है।इसके पहले सुबह केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा भी राष्ट्रपति ने मंजूर कर लिया।

कुरियन ने राज्यसभा कार्यकाल पूरा होने और फिर से न चुने जाने के बाद इस्तीफा दिया है। इस बीच, भाजपा संगठन की उत्तर प्रदेश की नई टीम के भी घोषित होने के आसार हैं। प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति से यह मुलाकात मंगलवार शाम को राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित समारोह के ठीक बाद हुई। यह बैठक इसलिए अहम है क्योंकि राजनीतिक हलकों में मंत्रिपरिषद में फेरबदल को लेकर चर्चा जोरों पर है।राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। हालांकि, इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, जो प्रधानमंत्री विदेश दौरे के बाद करते हैं। इससे पहले दिन में, केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता जॉर्ज कुरियन ने राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। कुरियन अल्पसंख्यक मामलों के साथ-साथ मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। राष्ट्रपति मुर्मु ने कुरियन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। हालांकि, रवनीत सिंह बिट्टू राज्यसभा कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी पद पर बने हुए हैं। साथ ही पंकज चौधरी और हर्ष मल्होत्रा भी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद केंद्र में मंत्री बने हुए हैं।

इस बीच, पार्टी में संगठन की टीम को लेकर भी चर्चा रहीं।सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश की नई टीम तैयार है और एक-दो दिन में उसे घोषित किया जा सकता है। नई टीम को अगले विधानसभा चुनावों की तैयारी के हिसाब से तैयार किया जा रहा है, जिसमें व्यापक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

UPSIDA

कार्यालय महाप्रबन्धक (सि0),
उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण
ए–1/4, लखनपुर, कानपुर

**ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के अन्तर्गत विकास/अनुरक्षण/उच्चीकरण कार्यो हेतु सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/प्राधिकरणों/परिषदों/नगर निकायों में कार्यरत फर्मो/ठेकेदारों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसको अपलोड करने की समयसीमा निम्नवत् है–

**अंकित कार्य की निविदा दिनांक 24.06.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 01.07.2026 को अपरान्ह 5.00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं, जिन्हें दिनांक 01.07.2026 को अपरान्ह 5.30 बजे खोला जायेगा (अल्पकालिक)**

निविदादाताओं द्वारा केवल शपथपत्रों की मूल प्रतियॉ निविदा प्रपत्रों में उल्लिखित दिनांक तक कार्यालय में जमा की जा सकेंगी। ई–निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत रू0 (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance work For I.A. EPIP Kasna Distt. G.B. Nagar | 121.14 |
| 2 | Annual Maintenance work For I.A. Surajpur Site-4 Distt. G.B. Nagar | 110.33 |
| 3 | Annual Maintenance work For I.A. Site-5 Kasna Distt. G.B. Nagar | 166.20 |
| 4 | Annual Maintenance work For I.A. Surajpur Site-B Distt. G.B. Nagar | 124.75 |
| 5 | Annual Maintenance work For I.A. Surajpur Site-C Distt. G.B. Nagar | 159.18 |
| 6 | Annual Maintenance work for I.A. Sikandrabad Distt. Bulandshahar. | 319.74 |

**नोटः– निविदादाता अपनी निविदाओं में समस्त कर सहित दरें अंकित करें। जी0एस0टी0 अलग से देय होगा।**

निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की **website: https://beta.upsidamarketplace.com** पर स्थित ई–लिंक एवं यूपीएलसी की **website: http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय के वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल) के श्री प्रवीण कुमार सलोनियां मोबाइल नं0 9871090103 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

महाप्रबन्धक (सि0) उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, कानपुर

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 24 जून, 2026

कल्पमेधा

*सच्चा दोस्त दर्पण की तरह होता है, जो आपकी खूबियां और खामियां एक साथ बताता है।*

*– बर्नार्ड शा*

## संकट के बीच

पश्चिम एशिया में हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाने की वजह से देश में बढ़ती महंगाई के बीच अब इसका असर औद्योगिक उत्पादन पर भी दिखने लगा है। हालत यह है कि देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर बीते मई में सुस्त पड़कर सात महीने के निचले स्तर 0.5 फीसद पर पहुंच गई। जबकि, अप्रैल में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 1.8 फीसद और पिछले वर्ष मई में 1.2 फीसद थी। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कोयला, कच्चा तेल और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट के कारण इन उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ी है। इससे स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट उत्पादन में कमी का प्रमुख कारण है और अगर अमेरिका-ईरान के बीच समझौता वार्ता किन्हीं कारणों से पटरी से उतरती है या लंबी चलती है, तो आने वाले दिनों में उद्योगों की स्थिति और कमजोर हो सकती है। मगर, सवाल है कि सरकार के उन दावों का क्या हुआ, जिनमें कहा जा रहा था कि संभावित संकट का सामना करने के लिए समय रहते वैकल्पिक उपाय तलाश लिए जाएंगे।

दरअसल, होर्मुज जलमार्ग के बाधित रहने से वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई है, जिससे भारत समेत दुनिया के कई देशों में ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया है। भारत पर इसका ज्यादा असर इसलिए पड़ रहा है, क्योंकि यहां आयात पर निर्भरता अधिक है। ऊर्जा के वैश्विक संकट की वजह से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार इजाफे के बाद सरकार ने पिछले दिनों घरेलू रसोई गैस के दामों में भी 29 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी थी। यानी महंगाई की आंच अब आम लोगों की रसोई तक पहुंच गई है, जो आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है। इस बीच बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच जाने का मतलब है कि ऊर्जा संकट की वजह से उद्योगों के उत्पादन पर गहरा असर पड़ा है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक की उत्पादन वृद्धि में बड़ी गिरावट आई है। इस्पात और सीमेंट के उत्पादन की वृद्धि दर मई में घटकर क्रमशः पांच फीसद और 8.4 फीसद रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 7.4 फीसद और 9.7 फीसद थी।

आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि मई में बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी 19 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से बुनियादी उद्योगों की समग्र वृद्धि को थोड़ा सहारा मिला है। यानी बिजली उत्पादन को अगर अलग कर दिया जाए, तो इन उद्योगों के उत्पादन में कुल गिरावट संकलित किए गए आंकड़ों से कहीं ज्यादा है। अगर मौजूदा स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो, इसका असर न केवल निर्यात के कारोबार पर पड़ेगा, बल्कि मांग और आपूर्ति के बीच अंतर बढ़ने से देश में वस्तुओं के कीमतों में इजाफे से भी इनकार नहीं किया जा सकता। मगर, संकट की इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस उपाय करने के प्रयास नजर नहीं आते हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि एक तरफ आम आदमी महंगाई के बोझ तले दबता जा रहा है और दूसरी तरफ सरकार यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब भी नियंत्रण में हैं। मौजूदा संकट के लिए भले ही वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हों, लेकिन इसके समाधान के लिए सरकार द्वारा कारगर कदम उठाने के बजाय इसका बोझ जनता पर डाल देने को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

## अपराध का दायरा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बच्ची का अपहरण कर उससे बलात्कार और फिर उसकी हत्या कर देने की घटना ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था को एक बार फिर सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है, बल्कि सामाजिक और मानवीय संवदेनाओं को भी झकझोर दिया है। बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए विशेष कानून बनाए जाने के बाद भी क्या वजह है कि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग नहीं पा रहा है। गौरतलब है कि दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में एक बच्ची को सोमवार तड़के उस समय अगवा कर लिया गया, जब वह अपने परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रही थी। खबरों के मुताबिक, आरोपी कैब चालक ने बच्ची की अस्मिता को तार-तार करने के बाद गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी और शव को फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड के किनारे एक जंगल में फेंक दिया। सवाल है कि सुरक्षा एजंसियां अपराध होने के बाद ही हरकत में क्यों आती हैं। अपराध को होने से रोकने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

देश की राजधानी होने के नाते यह उम्मीद की जाती है कि यहां सुरक्षा व्यवस्था दूसरे शहरों की अपेक्षा बेहतर होगी। मगर यहां आपराधिक घटनाओं के आंकड़ों पर नजर डालें, तो स्थिति इसके विपरीत प्रतीत होती है। घर हो या फुटपाथ, लोग कहीं भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पाते हैं। हैरत की बात है कि बच्ची को अगवा कर उसकी हत्या कर देने के बाद भी आरोपी के भीतर कानून का कोई खौफ नहीं था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह घटनास्थल पर दोबारा आया, लेकिन पुलिसकर्मियों को देख कर वहां से भाग गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर अपराधियों के भीतर कानून का डर खत्म हो गया है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। जाहिर है कि सुरक्षा एवं जांच एजंसियों की लापरवाही की वजह से जब अपराधी कानून के शिकंजे से बच निकलते हैं, तो उनके भीतर किसी तरह का खौफ नहीं रहता है। शासन-प्रशासन को इस बात पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि सिर्फ कानून बना देने से अपराध पर अंकुश नहीं लग पाएगा, उसे प्रभावी तरीके से जमीन पर लागू करने की जरूरत है।

# हिंद-प्रशांत में उभरते नए समीकरण



**हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अवधारणा ने चीन के बढ़ते समुद्री प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए समान हितों वाले देशों को गोलबंद किया था। मगर अमेरिका की नीतियों से अब भरोसे का संकट पैदा हो गया है।**

**ब्रह्मदीप अलूने**

रणनीतिक अवधारणाएं दीर्घकालीन राष्ट्रीय हितों और व्यापक भू-राजनीतिक दृष्टि पर आधारित होती हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अवधारणा भी ऐसी ही एक रणनीतिक पहल थी, जिसने चीन के बढ़ते समुद्री प्रभाव को नियंत्रित और संतुलित करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे समान हितों वाले देशों को गोलबंद किया था। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने इस दीर्घकालीन रणनीतिक नीति को आर्थिक सौदेबाजी और तात्कालिक लाभों की कसौटी पर रख कर इसकी विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंचाई है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमेरिका रणनीतिक प्रतिबद्धताओं की अपेक्षा तात्कालिक आर्थिक फायदों को अधिक महत्त्व दे रहा है। इससे उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति के उद्देश्य कमजोर पड़ गए हैं। एक महाशक्ति के रूप में अमेरिका की साख एवं नेतृत्व क्षमता पर भी संकट खड़ा हो गया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में हिंद प्रशांत क्षेत्र को रणनीतिक पहचान दी थी और जापान, आस्ट्रेलिया, यूरोपीय देशों तथा आसियान ने भी चीन से मुकाबला करने के लिए इसे व्यापकता दी। भारत ने इसे सैन्य रणनीति से कहीं ज्यादा समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन, संपर्क, व्यापार और क्षमता निर्माण से जोड़ कर इसे बहुआयामी बनाया। हिंद-प्रशांत विश्व के सबसे महत्त्वपूर्ण और परस्पर जुड़े हुए क्षेत्रों में शुमार है। यह विशाल समुद्री क्षेत्र पूर्वी अफ्रीका के तट से लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी तट तक फैला हुआ है। विश्व की लगभग आधी जनसंख्या और वैश्विक व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुड़ा है। अपने प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता तथा सांस्कृतिक विविधता के कारण यह क्षेत्र वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का केंद्र बन गया है। हिंद-प्रशांत केवल हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के भौगोलिक जुड़ाव का संकेत नहीं देता, बल्कि यह एशिया, अफ्रीका और आसियान के देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक, आर्थिक तथा सुरक्षा साझेदारी का भी प्रतीक है। समुद्री मार्गों से वस्तुओं और ऊर्जा के साठ फीसद से अधिक व्यापार का आवागमन इसी क्षेत्र से होता है।

भारत हिंद प्रशांत की व्यापक अवधारणा के केंद्र में कई कारणों से है। भारत हिंद महासागर के केंद्र में स्थित है और मलक्का जलमार्ग, अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी जैसे प्रमुख समुद्री मार्गों पर उसकी प्रभावी पहुंच है। विश्व के ऊर्जा व्यापार और समुद्री वाणिज्य का बड़ा हिस्सा इन्हीं मार्गों से होकर गुजरता है। यदि कभी संकट की स्थिति उत्पन्न होती है, तो भारत इन समुद्री मार्गों की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। अमेरिका के लिए यह सामरिक दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है। भारत हिंद-प्रशांत का एक लोकतांत्रिक, स्थिर और विश्वसनीय साझेदार रहा है। अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के साथ भारत की भागीदारी ने 'क्वाड' को क्षेत्रीय स्थिरता का एक अहम मंच बना दिया है। यदि भारत इसका हिस्सा न हो, तो हिंद-प्रशांत की अवधारणा केवल अमेरिकी या पश्चिमी रणनीति तक सीमित दिखाई दे सकती है और इससे विकासशील देश आशंकित हो सकते हैं। भारत की नौसैनिक



क्षमता मजबूत है और यह हिंद महासागर में मानवीय सहायता, समुद्री सुरक्षा तथा आपदा राहत कार्यों में बड़ी भूमिका निभा रही है। भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह मलक्का जलमार्ग के निकट है, जो चीन की समुद्री आपूर्ति शृंखला पर निगरानी रखने की दृष्टि से अहम है। यह सामरिक लाभ अमेरिका

> **भारत हिंद प्रशांत की व्यापक अवधारणा के केंद्र में कई कारणों से है। यह हिंद महासागर के केंद्र में स्थित है और मलक्का जलमार्ग, अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी जैसे प्रमुख समुद्री मार्गों पर उसकी प्रभावी पहुंच है। विश्व के ऊर्जा व्यापार और समुद्री वाणिज्य का बड़ा हिस्सा इन्हीं मार्गों से होकर गुजरता है। यदि कभी संकट की स्थिति उत्पन्न होती है, तो भारत इन समुद्री मार्गों की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। अमेरिका के लिए यह सामरिक दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है। भारत हिंद-प्रशांत का एक लोकतांत्रिक, स्थिर और विश्वसनीय साझेदार रहा है। अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के साथ भारत की भागीदारी ने 'क्वाड' को क्षेत्रीय स्थिरता का एक अहम मंच बना दिया है।**

के पास नहीं है। अब अमेरिका 'इंडो-पैसिफिक' जैसी व्यापक और स्थापित अवधारणा से हट कर इसे 'यूएस-पैसिफिक' कह रहा है, तो इसमें अमेरिकी वर्चस्व का स्पष्ट संकेत है और इससे स्वयं उसे रणनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। हाल के वर्षों में अमेरिका की वैश्विक विश्वसनीयता पर प्रश्न उठे हैं। ट्रंप की नीतियों के कारण अमेरिका अपने दीर्घकालीन रणनीतिक दायित्वों के बजाय अल्पकालिक आर्थिक और घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं को अधिक महत्त्व दे रहा है। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अनेक देश अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों के बीच नया संतुलन तलाशने के लिए चीन के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ कर सकते हैं। अमेरिकी प्रतिबद्धताओं पर अनिश्चितता बढ़ने की स्थिति में चीन का प्रभाव इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत बढ़ सकता है।

चीन की समुद्री विस्तारवादी नीति का मुकाबला करने के लिए अमेरिका के पास भारत से अधिक विश्वसनीय और सक्षम साझेदार नहीं है। हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति, उसकी बढ़ती नौसैनिक शक्ति और स्वतंत्र विदेश नीति उसे हिंद-प्रशांत रणनीति का अपरिहार्य स्तंभ बनाती है। जापान और आस्ट्रेलिया इस भू-रणनीतिक सच्चाई को समझते हुए भारत के साथ रक्षा, समुद्री सुरक्षा और उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में लगातार अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं। यदि अमेरिका इस वास्तविकता की अनदेखी करता है, तो वह पूरे हिंद-प्रशांत में अपनी रणनीतिक बढ़त को भी कमजोर करने का जोखिम उठाएगा। चीन 'वन बेल्ट वन रोड' परियोजना को साकार कर दुनिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और उसके केंद्र में हिंद प्रशांत क्षेत्र की अहम भागीदारी है। भारत अपनी सुरक्षा मजबूरियों के कारण अमेरिका का स्वभाविक सहयोगी बन गया है।

चीन पाकिस्तान की बढ़ती साझेदारी ने भारत की सामरिक समस्याएं बढ़ाई हैं। चीन पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का प्रमुख भागीदार है। श्रीलंका का हंबनटोटा बंदरगाह, बांग्लादेश का चटगांव बंदरगाह, म्यांमा की सितवे परियोजना समेत मालदीव के कई निर्जन द्वीपों पर चीनी कब्जे से भारत की समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ गई हैं। दक्षिण चीन सागर का इलाका हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच है और चीन, ताइवान, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई और फिलीपींस से घिरा हुआ है। अमेरिका को यह समझना होगा कि महाशक्तियां केवल आर्थिक शक्ति से नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीतिक प्रतिबद्धताओं और विश्वसनीय साझेदारियों से अपना नेतृत्व कायम करती हैं। उसने हिंद-प्रशांत की अवधारणा को कमजोर कर अपने सबसे बड़े रणनीतिक निवेश को दांव पर लगा दिया है। उसका यह दृष्टिकोण उन रणनीतिक साझेदारियों और वैचारिक प्रतिबद्धताओं को कमजोर कर रहा है, जिनके बल पर अमेरिका ने दशकों तक वैश्विक नेतृत्व बनाए रखा।

अमेरिकी राष्ट्रपति की नीतियों से यूरोप से लेकर हिंद-प्रशांत तक अनिश्चितता बढ़ी है। अब भारत को हिंद महासागर में अपनी समुद्री कूटनीति और क्षेत्रीय साझेदारियों को नए सिरे से मजबूत करना होगा। जापान, आस्ट्रेलिया और आसियान देश भारत के स्वाभाविक रणनीतिक साझेदार बन सकते हैं। भारत किसी एक महाशक्ति पर निर्भर हुए बिना अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को और सुदृढ़ कर सकता है। बहरहाल, अमेरिका की 'यूएस पैसेफिक' की नई रणनीति को भारत के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में एक विश्वसनीय, स्थिर और नेतृत्वकारी शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को और प्रभावी बनाने के अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

# दिखावे का जीवन

**पूनम पांडे**

आज के समय में अमूमन हर कोई यह दिखाने की कोशिश करता है कि उसके जीवन में सब कुछ सामान्य है, लेकिन सभी के दिल में कोई अनजाना सा बोझ हर समय हावी रहने लगा है। मन में कोई भय और संशय चलता ही रहता है। अगर ऊपर से देखें, तो सब दुरुस्त नजर आता है। शरीर सही सलामत है, दिनचर्या पटरी पर है और चेहरे पर मुस्कान भी बिखरी रहती है। मगर भीतर जैसे कोई सूना सा मकान सिसकता है, जिसमें खिड़कियां तो हैं, पर बंद हैं, इसलिए हवा नहीं आती। कहते हैं- 'सब कुछ होते हुए भी कुछ न होना' यही असली दिक्कत है। हम जी तो रहे हैं, मगर मन में न संतुष्टि है और न शांति।

दिखावे का जीवन वह स्थिति है जहां, व्यक्ति अपनी वास्तविक पहचान, खुशी और स्थिति को छिपाकर दूसरों को प्रभावित करने के लिए एक नकली छवि प्रस्तुत करता है। यह अक्सर सोशल मीडिया, भौतिकवाद और समाज की उम्मीदों से उपजा एक मानसिक तनाव है, जो इंसान को आंतरिक रूप से खोखला कर देता है। जो लोग केवल दूसरों को प्रभावित करने के लिए अपनी क्षमता से अधिक खर्च करते हैं या झूठी जिंदगी जीते हैं, वे अक्सर मानसिक शांति और वास्तविक खुशी से वंचित रह जाते हैं।

### दुनिया मेरे आगे

> **हालात अब ऐसे हो गए हैं कि जीने के लिए संघर्ष के दबाव में उलझनें और असहजता बार-बार हावी होती हैं, जो आत्मविश्वास और भरोसे की हरी-भरी लता को सुखा देती हैं। ऐसे में लोगों के चेहरे पर हंसी जरूर दिखती है, मगर दिल में खामोशी है। यानी हमने जीना नहीं, 'दिखाना' सीख लिया है।**

आजकल जीने के लिए संघर्ष का दबाव इतना अधिक है कि उलझनें और असहजता बार-बार हावी होती हैं, जो आत्मविश्वास और भरोसे की हरी-भरी लता को सुखा देती है। इसीलिए इन दिनों एक चलन सा दिखाई दे रहा है। लोगों के चेहरे पर हंसी, मगर दिल में खामोशी है। यानी हमने जीना नहीं, 'दिखाना' सीख लिया है। दफ्तर में लोग काम में व्यस्त रहते हैं, घर में जिम्मेदार और समाज में संस्कारी, लेकिन जब रात का सन्नाटा उतरता है, तो मन में कई तरह के सवाल तैरने लगते हैं। यह जो भीतर का खालीपन है, यह यों ही नहीं पनपता। यह धीरे-धीरे मन के कोनों में जमा होता है। जैसे घर के उस कोने में धूल, जिसे हम झाड़ू लगाते हुए भी नजरअंदाज कर देते हैं।

थकान का असली मर्ज शायद बाहर नहीं है, कहीं भीतर दबा हुआ है। हम थके हुए हैं, मगर काम से नहीं, बल्कि बनावटीपन से। हर समय खुद को साबित करने की जुगत में लगे रहते हैं- 'लोग क्या कहेंगे'। इस सोच ने लोगों को बुरी तरह जकड़ रखा है। ऊपर से कहते हैं- 'हम सकारात्मक हैं, हम अनुशासित हैं'। भीतर का मन कहता है- दिखावे के बजाय थोड़ा जी भी ले, मगर बनावटी चकाचौंध में हम मन की इस आवाज को सुन नहीं पाते। इस मायावी जगत में कितने सारे इंद्रजाल हैं, हमको वश में करने के लिए। कितनी भागमभाग और बहलावे हैं। जब मन ऊब जाता है, तो हम उसे बहलाने निकल पड़ते हैं- कभी मोबाइल में, कभी नशे में, कभी बेवजह की गपशप में और किसी ऐसे समूह की संगत में, जहां न हमारे विचार मिलते हैं और न हमारे संस्कार। ये सब 'सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे' वाली कोशिश है। यानी दर्द भी दबा रहे हैं और सच का सामना भी नहीं करना चाहते। मगर खालीपन कोई बच्चा नहीं है, जो टाफी या चाकलेट से बहल जाए। वह तो हमेशा चिपका रहता है। इसे खुद से जितना दूर करना चाहो, यह मन में उतना गहरा उतरता जाता है।

कहते हैं कि जिंदगी दुख का दूसरा नाम है। मगर यह भी आधा सच है। असल बात यह है कि हमने जिंदगी को 'मशीन' बना दिया है। चलते रहो, करते रहो, सोचो मत, रुको मत। और जब आदमी 'होने' की जगह सिर्फ 'करने' लगे, तो खालीपन तो पनपेगा ही। खाली बर्तन ज्यादा बजता है, यह कहावत यों ही नहीं बनी है। हम आधुनिकता की दौड़ में ऐसे भागते जा रहे हैं कि अपनी जड़ें ही भूल गए हैं। परंपराएं हमें बांधती नहीं थीं, बल्कि संभालती थीं। यह बात वास्तव में हमें देर से समझ आती है। अब हालत यह है कि हम न पूरी तरह आधुनिक बन पाए हैं, न पूरी तरह पारंपरिक रह पाए। बीच मझधार में नाव डगमगा रही है।

ऐसे में सवाल उठता है कि हम क्या करें? किसी के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है, मगर कुछ रास्ते जरूर हैं। कभी-कभी ब्रेक लगाइए, जिंदगी कोई एक्सप्रेस ट्रेन नहीं है कि बिना रुके ही मंजिल तक पहुंच जाएगी। कुदरत के पास जाइए- पेड़-पौधे, हवा, आसमान, ये मुफ्त के मनोचिकित्सक हैं। सच्चे लोगों से मेल-जोल बनाएं, हर किसी से नहीं, किसी एक से दिल खोलकर बात कर लीजिए। ऐसा करने से मन का बोझ आधा हो जाएगा। पुराने मूल्यों को झाड़-पोंछ कर देखिए हर पुरानी चीज बेकार नहीं होती। कई बार 'पुराना सोना' ही असली चमक देता है। याद रखना चाहिए कि असली आनंद पकड़े रखने से नहीं, जीवन की गति के साथ बहने से ही मिलता है। मगर हम आनंद को पकड़ना चाहते हैं, जैसे वह कोई चीज हो, जो बाजार में मिल जाए।

असल में आनंद तो बरसात की तरह है। जब मन की मिट्टी में संतुष्टि की फसल तैयार होती है, तब वह अपने आप बरसने लगता है। इसके लिए गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जीवन शैली पर अमल करना चाहिए। गुरुदेव जीवन की अंतिम श्वास तक कुछ न कुछ सीखते रहे और आनंद से सराबोर रहे। इसलिए अपने भीतर की जमीन को सूखी मत होने दीजिए। मन का खालीपन दुश्मन नहीं, दूत की तरह होता है। यह गिराने नहीं, बल्कि हमें जगाने आता है। जिंदगी जब बोझिल होने लगे, तो समझ लीजिए कि अब उसे नए सिरे से जीने का वक्त आ गया है।

## तस्करी का संजाल

'जोखिम में बच्चे' (संपादकीय, 20 जून ) पढ़ा। बाल तस्करी समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी है। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के कई बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना इस चिंता का बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों पर मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई। अब दिल्ली में तेरह बाल तस्करों की गिरफ्तारी खतरे की घंटी है। बाल तस्करी मानवता के विरुद्ध घोर अपराध है। इसमें नवजात शिशुओं से लेकर अन्य मासूम बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाकर उन्हें बेच दिया जाता है। यह समस्या विशेष रूप से गरीब और पिछड़े क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलती है, जहां आर्थिक तंगी और जागरूकता की कमी का फायदा उठा कर तस्कर आसानी से अपने जाल में बच्चों को फंसा लेते हैं। पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों को देखें, तो स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है। इससे स्पष्ट है कि बाल तस्करी का संजाल बहुत व्यापक और संगठित है। यह केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है।

*– कांतिलाल मांडोत, लखनऊ*

## अवसर की राजनीति

पिछले कुछ वर्षों से भारतीय लोकतंत्र में अवसर की राजनीति एक गंभीर प्रवृत्ति के रूप में उभरती दिखाई दे रही है। यह प्रवृत्ति केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका प्रभाव राज्यों के शासन और सामान्य जनजीवन पर भी स्पष्ट देखा जा सकता है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह अनुभव किया जा रहा है कि राजनीतिक लाभ और तात्कालिक अवसरों की खोज के कारण नीतिगत स्थिरता प्रभावित होती है। इसके कारण जनता को कई असुविधाओं, अनिश्चितता और प्रशासनिक असंतुलन का सामना करना पड़ता है। इससे विकास कार्यों की निरंतरता बाधित होती है। लोकतंत्र का मूल आधार जनकल्याण, स्थिर नीति और पारदर्शी शासन व्यवस्था है। जब निर्णय अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के आधार पर लिए जाते हैं, तो उसका सीधा और गहरा प्रभाव नागरिकों के जीवन पर पड़ता है।

*– अशोक, पटना, बिहार*

## सुरक्षा की खातिर

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक वर्ग पर अत्याचार और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने की घटनाएं फिर बढ़ी हैं। यह बेहद चिंता की बात है। वहां नई सरकार के सुरक्षा संबंधी दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। अल्पसंख्यकों के खिलाफ घटनाओं को लेकर असंतोष चरम पर है। आखिर बांग्लादेश में क्या हो रहा है? क्यों नहीं हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों की भावनाओं का ध्यान रखा जा रहा है। वैसे तो काफी समय से वहां हालात ठीक नहीं हैं, लेकिन चार महीने की अवधि और आंकड़ों पर नजर डालें, तो धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ और हिंसा की कई घटनाएं दर्ज हुई हैं। चुनाव बाद की हिंसा में अल्पसंख्यक समुदाय के करीब पच्चीस लोगों की मौत हो चुकी है। कुछ भी हो भारत सरकार को इसे संज्ञान में लेकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रोकने और उनकी सुरक्षा के लिए कारगर रणनीति तैयार करनी चाहिए।

*– योगेश जोशी, बड़वाह*

## खतरे में पारिस्थितिकी

सरकार ने हाल ही में एक बड़े क्षेत्रफल को वनों और वन्य जीवों के लिए संरक्षित करने का फैसला किया है। उसने पशिमी घाट के 56 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संवेदनशील माना है। इसीलिए केंद्र सरकार ने गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा जैसे राज्यों में 56 हजार वर्ग किलोमीटर को औद्योगिक और मानव गतिविधियों से दूर रखने की बात कही है। कहा गया है कि ऐसी गतिविधियां पश्चिमी घाट के पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बिगाड़ने का काम कर रही हैं, जिससे वहां के जीव-जंतुओं और वनस्पतियों पर खतरा मंडरा रहा है। इस मुद्दे पर अब तक तीन राज्यों ने सहमति जताई है, लेकिन अन्य तीन राज्यों के बीच विवाद की वजह से अभी भी मामला सुलझा नहीं है। पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए सभी राज्यों को सहयोग करना चाहिए।

*– शाहिद हाशमी, दिल्ली*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## महाराष्ट्र : डेढ़ साल में साइबर धोखाधड़ी के 10,505 मामले, 2379 आरोपी गिरफ्तार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि राज्य में जनवरी 2025 से मई 2026 के बीच साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के 10,505 मामले सामने आए और 2,379 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कई सदस्यों के प्रश्नों के लिखित उत्तर में, फडणवीस ने बताया कि 2025 में अहिल्यानगर जिले में 'डिजिटल अरेस्ट', शेयर खरीद-फरोख्त धोखाधड़ी, होटल रेटिंग में गड़बड़ी और दुर्भावनापूर्ण एपीके (एंड्राइड पैकेज किट) व पीडीएफ फाइल से जुड़े 5,141 मामले सामने आए, जिनमें कुल 37.76 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। फडणवीस के पास महाराष्ट्र के गृह विभाग का भी प्रभार है। उन्होंने बताया कि कुल रकम में से 7.02 करोड़ रुपए के लेन-देन पर रोक लगा दी गई। लिखित जवाब के अनुसार, मुंबई में 2025 में साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के 4,825 मामले दर्ज किए गए और 1,410 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। (ए)

# चारधाम एवं हेमकुंड साहिब की यात्रा सुगम बनाने में जुटी सरकार

सुनील दत्त पांडेय

कर्णप्रयाग में 16 जून को स्थानीय लोगों और निहंग सिखों के बीच मामूली विवाद के दौरान कथित तौर पर तलवार से किए गए हमले में कुछ लोग घायल हो गए थे। घटना में एक निहंग सिख भी घायल हुआ था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर चार निहंग सिखों को गिरफ्तार किया था। कर्णप्रयाग घटना में गिरफ्तार निहंगों की रिहाई की मांग को लेकर 20 जून की शाम कुछ निहंग रुद्रप्रयाग जिले के बदरीनाथ राजमार्ग स्थित नगरासू गुरुद्वारे की छत पर चढ़ गए थे और छत पर जाने का द्वार बंद कर दिया था। हालांकि अब यह विवाद सुलझ गया है और निहंग चले गए हैं, लेकिन इन दोनों घटनाओं के बाद उत्तराखंड में चारधाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा पर असर न पड़े इसके लिए सरकार इसे सुगम बनाने में जुट गई है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि कर्णप्रयाग और नगरासू में सामने आई घटनाओं के संबंध में निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है और जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ यहां हुई उच्चस्तरीय बैठक में कहा, 'सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार, प्रशासन और पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। जांच में जो भी दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है और तथ्यों के आधार पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।' चारधाम यात्रा में अब तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं, हेमकुंड साहिब यात्रा के शुरुआती दिनों में ही श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 25 हजार अधिक दर्ज की गई है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। धामी ने उत्तराखंड को आस्था, संस्कृति और प्रकृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की कि वे देवभूमि के शांत वातावरण में अपनी यात्रा का आनंद लें तथा किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। धामी ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों से समाज और समुदायों को बांटने वाले प्रयासों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि भ्रामक और भड़काऊ खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में सिख गुरुओं द्वारा स्थापित तीन प्रमुख पवित्र स्थल, हेमकुंट साहिब, रीठा साहिब और नानकमत्ता साहिब स्थित हैं, जहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में ऐसा कोई कृत्य स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिससे किसी व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचे या किसी धर्म एवं आस्था को नुकसान पहुंचे।

**तैयारी**

### नगरासू गुरुद्वारे में गतिरोध समाप्त


फाइल फोटो

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में नगरासू स्थित गुरुद्वारे की छत पर चढ़े निहंग सिख चौथे दिन मंगलावार को नीचे उतर आए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि निहंगों को नीचे उतारने के लिए उनकी मांगें मानी गईं या नहीं। पुलिस ने बताया कि निहंग सिखों की कर्णप्रयाग घटना में दूसरे पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग मान ली गई है और निष्पक्ष जांच के लिए दोनों मुकदमों को हरिद्वार जिले में स्थानांतरित कर दिया गया है। सिख शिष्टमंडल ने रुद्रप्रयाग में जिला प्रशासन, गुरुद्वारे के सेवादार और निहंग सरदारों से मुलाकात की और इन सबके बीच आपसी बातचीत सफल रही। शिष्टमंडल ने कहा कि जो गतिरोध था वह खत्म हो गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में निहंग सिख गुरुद्वारे से बाहर निकलकर मोटरसाइकिलों पर सवार होकर जाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में पुलिसकर्मियों को उन्हें सुरक्षित रूप से बाहर निकालने में मदद करते हुए देखा जा सकता है। बदरीनाथ-राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग और गोचर के बीच स्थित नगरासू गुरुद्वारे में गतिरोध शनिवार शाम को उस समय शुरू हुआ था, जब निहंग सिखों का एक जत्था वहां पहुंचा और गुरुद्वारा प्रबंधन से हुए विवाद के बाद छत पर चढ़ गया। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि सभी निहंग छत से नीचे उतरकर चले गए हैं और संपूर्ण प्रकरण शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया है।

# महज 35 सेकंड और खुल जाएगा अपराधियों का चिट्ठा

पंकज रोहिला

उंगलियों के निशान, उनका चेहरा और डीएनए के नमूने अब देश में अपराधियों की पहचान महज 35 सेकंड में करा देंगे। इसके लिए गृह मंत्रालय ने एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन (एप) तैयार किया है। इस तकनीक में जैसे ही अपराधियों के किसी भी नमूने से जांच की जाएंगी, तो संबंधित व्यक्ति सारी जानकारियां एक ही जगह उपलब्ध हो जाएंगी। यह तकनीक अंतरराज्यीय (इंटर स्टेट) अपराधों को लगाम कसने में मदद मिलेगी। अब देश भर में ऐसी 2600 यूनिट तैयार की गई है। ये यूनिट गृह मंत्रालय के एनसीआरबी द्वारा तैयार की गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुताबिक आंखों, चेहरे और वैज्ञानिक (बायोलोजिकल) नमूने करीब 75 वर्ष तक संजोकर रखे जा सकते हैं। इस मोबाइल एप के माध्यम से 5.53 लाख अपराधियों का एक रिकार्ड तैयार हो चुका है, जैसे ही कोई भी पुलिसकर्मी इस रिकार्ड पर जांच करता है, तो संबंधित व्यक्ति की सभी जानकारियां सामने उपलब्ध हो जाती है। इस तकनीक का लाभ सबसे अधिक सीबीआइ व एनआइए को मिला है ओर वे साक्ष्य की पहचान करने में इसका प्रयोग कर रही हैं। आने वाले दिनों में जैसे- जैसे इस एप पर रिकार्ड का आंकड़ा बढ़ेगा, तो जांच एजंसियों को अपराध नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री के मुताबिक न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए रात्रि अदालतों की योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है, इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय (एससी)और उच्चतम न्यायलय (एचसी) के साथ चर्चा जारी है। मंत्रालय द्वारा अभिज्ञान तकनीक को भी लागू किया गया है। इस तकनीक के तहत पुलिस को स्कैनर की मदद से सर्टिफाइड फिंगरप्रिंट उपलब्ध हो जाते हैं। जैसे ही इस तकनीक में जांच कर्ता स्कैनर पर जांच करता है, तो उसे राष्ट्रीय आंकड़ा केंद्र (राष्ट्रीय डाटा बेस) से जांच करने की सुविधा उपलब्ध हो जाती है। इस पहल की मदद से सुरक्षा कर्मियों को अपराध स्थल से ही जांच करने का मौका मिला है। इस एप्लीकेशन को अभिज्ञान एप का नाम दिया गया है, जो कि करोड़ों रिकार्ड में से जांच अधिकारियों को संबंधित व्यक्ति की पहचान उपलब्ध कराता है।

जांच की अगली कड़ी में ई-फोरेंसिक-2 को जोड़ा गया है। न्यायिक जांच प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए जोड़ा गया है। इसकी मदद से घटना स्थल से जांच के नमूनों को संजोया जा सकता है और इनका प्रयोग न्यायिक प्रक्रिया के लिए भी संभव है। केंद्रीय गृह मंत्री ने विभागों को इस एप्लीकेशन में अधिक से अधिक जरूरी सबूत जुटाने के लिए कहा है ताकि किसी भी मामले के दर्ज होने के बाद उस मामले का निपटारा इन साक्ष्यों के आधार पर आसानी से संभव हो सके। उनका भी मानना है कि जांच एजंसियों के पास जितने वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध होंगे, उतना ही किसी भी मामले को तेजी से न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से निपटाया जा सकेगा।



*तकनीक* से कसेगा अपराधियों पर शिकंजा, जल्द मिलेंगी रात्रि अदालत।
*एआइ* आधारित तकनीक से मौके पर ही होगी अपराधियों की पहचान।

*केंद्र* ने साक्ष्यों मजबूत बनाने के लिए की पहल। इस तकनीक में जैसे ही अपराधियों के किसी भी नमूने से जांच की जाएंगी, तो संबंधित व्यक्ति की जानकारियां एक जगह मिलेंगी।

# न्यूयार्क हादसे में मारे गए भारतीय के नाम पर विधेयक

जनसत्ता विशेष

न्यूयार्क में घोड़ा-गाड़ी पर प्रतिबंध लगाने के लिए पेश किए गए एक विधेयक का नाम बदलकर, सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी से जुड़े एक दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले भारतीय किशोर के नाम पर रखा जाएगा। पिछले सप्ताह 18 वर्षीय भारतीय युवक रोमांच महाजन की सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल होने से मौत हो गई थी।

दरअसल, महाजन की मां अचानक घोड़े के बेकाबू होने से घोड़ा-गाड़ी से गिर गईं थीं, जिसके बाद महाजन ने अपने मां को बचाने के लिए गाडी से छलांग लगा दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और बुधवार को उसकी मौत हो गई थी। महाजन की मां को मामूली चोटें आई हैं। इस हादसे के बाद सोमवार को सेंट्रल पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। न्यूयार्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने महाजन की मौत पर शोक व्यक्त किया है। न्यूयार्क सिटी काउंसिल के सदस्य क्रिस्टोफर मार्टे ने यह कार्यक्रम आयोजित किया था। इस दौरान मार्टे ने घोषणा की कि उन्होंने न्यूयार्क शहर में घोड़ा-गाड़ी पर प्रतिबंध लगाने के लिए 'राइडर्स ला' नामक विधेयक पेश किया है और अब उसका नाम बदलकर दिवंगत किशोर के सम्मान में 'रोमांचह्लस ला' किया जाएगा।

उन्होंने पहले इस विधेयक का नाम 26 वर्षीय घोड़े 'राइडर' के नाम पर रखा था। इस घोड़े को अगस्त 2022 में जबरन गाड़ी खींचने के लिए मजबूर किया जा रहा था और इस दौरान वह गिर पड़ा था। राइडर की उस वर्ष अक्टूबर में मौत हो गई थी। इसके बाद 'एनिमल लीगल डिफेन्स फंड' सहित कई पशु अधिकार एवं संरक्षण समूहों ने न्यूयार्क शहर में घोड़ा-गाड़ी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें पूरी तरह समाप्त करने के लिए कानून बनाए जाने की मांग शुरू कर दी। मार्टे ने श्रद्धांजलि सभा में कहा, 'पिछले सप्ताह जो हुआ, वह हमारे शहर पर एक कलंक है। हम तुरंत कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं?' इसी दौरान उन्होंने घोषणा की कि 'राइडर्स ला' का नाम बदलकर 'रोमांचह्लस ला' रखा जाएगा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मार्टे ने महाजन के परिवार का एक पत्र भी पढ़ा, जिसमें पिछले सप्ताह हुई इस दुखद घटना के बाद न्यूयार्क शहर में घोड़ा-गाड़ी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

पत्र में कहा गया, 'मेरे भतीजे की मौत के लिए जिम्मेदार यह उद्योग इस मंगलवार से फिर से पर्यटक यात्राएं शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जैसे रोमांच की जान जाना मामूली बात हो।' पत्र में कहा गया, 'यह हमारे परिवार का गहरा अपमान है और न्यूयार्क शहर में हर पर्यटक तथा निवासी की सुरक्षा के लिए स्पष्ट खतरा है। हम आपसे मांग करते हैं कि आप अपने पद और शक्ति का उपयोग करते हुए इन सवारी सेवाओं की बहाली को तुरंत रोकें। जब हमारा परिवार अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा है, उसी समय घोड़ा-गाड़ियों को फिर से सड़कों पर आने देना यह साबित करता है कि शहर मानव जीवन से अधिक पर्यटन को महत्व देता है।'

*पिछले* सप्ताह 18 वर्षीय भारतीय युवक रोमांच महाजन की सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल होने से मौत हो गई थी।
*न्यूयार्क* सिटी काउंसिल के सदस्य क्रिस्टोफर मार्टे ने घोषणा की कि उन्होंने न्यूयार्क शहर में घोड़ा-गाड़ी पर प्रतिबंध लगाने के लिए 'राइडर्स ला' नामक विधेयक पेश किया है और अब उसका नाम बदलकर दिवंगत किशोर के सम्मान में 'रोमांचह्लस ला' किया जाएगा।

**सम्मान**

## प्रथा


त्रिपुरा के अगरतला में लक्ष्मी नारायण बाड़ी में अंबुवाची मेले के दौरान विवाहित महिलाएं सिंदूर लगाती हुईं।

# वैष्णो देवी यात्रा में जून तक 50 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे

जनसत्ता विशेष

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित पवित्र गुफा मंदिर श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा ने 22 जून को 50 लाख श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार कर इस साल एक अहम उपलब्धि हासिल की है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल इसी अवधि में तीर्थस्थल पर आने वाले 39.84 लाख दर्शनार्थियों की तुलना में यह 27.3 फीसद से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि है। श्राइन बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा, 'साल 2025 की इसी अवधि में लगभग 39.84 लाख तीर्थयात्रियों ने इस पवित्र मंदिर के दर्शन किए थे, जबकि इस साल यात्रा में 50.70 लाख तीर्थयात्री आए हैं, जो 10.86 लाख श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।'

उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की संख्या में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी, देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की इस पवित्र तीर्थ-स्थल के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा का प्रमाण है। प्रवक्ता ने कहा, 'तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं और यात्रा के प्रबंधन से जुड़े सभी पक्षों के आपसी सहयोग पर श्रद्धालुओं के भरोसे को भी दर्शाती है।' उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में, श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं के लिए तीर्थयात्रा के अनुभव को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए व्यापक उपाय किए हैं। उन्होंने कहा, 'बुनियादी ढांचे, ठहरने की सुविधाओं, साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन प्रणालियों, स्वास्थ्य सेवाओं, बैटरी कार संचालन, रोपवे सेवाओं, आपदा प्रबंधन की तैयारियों और डिजिटल पहलों में लगातार सुधार से तीर्थयात्रियों की सुविधा और कुल मिलाकर सेवा वितरण में काफी बेहतरी आई है।'

प्रवक्ता ने कहा कि साल की इस अवधि तक 50 लाख का आंकड़ा पार करना श्रद्धालुओं के बीच बढ़ते उत्साह को दर्शाता है और साल के बाकी महीनों में यात्रा की निरंतर प्रगति के लिए शुभ संकेत है।

**आस्था**

# 'लडार' तकनीक से दुश्मनों के ड्रोन किए जा सकते हैं नष्ट

सर्वेश कुमार

हालिया वैश्विक संघर्ष ने यह दिखाया है कि चंद लाख रुपए के ड्रोन, करोड़ों रुपए के सामरिक हथियारों के लिए खतरे का सबब बन सकते हैं। युद्ध में ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साथ एंटी-ड्रोन प्रणाली क्षेत्र में भी तेजी से विकास हो रहा है। अत्याधुनिक प्रणाली के जरिए दुश्मनों के नापाक मंसूबे की पहचान कर इसे बेअसर करने के लिए रडार, रेडियो फ्रिक्वेंसी की पहचान, आप्टिकल सेंसर, जैमर, इंटरसेप्टर ड्रोन और लेजर गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। रडार की तर्ज पर लेजर लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (लडार) तकनीक के जरिए दुश्मनों के ड्रोन को चंद सेकेंड में खाक किया जा सकता है।

वर्तमान में देश में 400 से अधिक ड्रोन विनिर्माण कंपनियां और 250 से अधिक ड्रोन उपकरण निर्माता काम कर रहे है। इनमें कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र के लिए अलग अलग ड्रोन प्रणालियां विकसित कर रही हैं। लेकिन युद्ध के दौरान ड्रोन के इस्तेमाल के तरीकों में तेजी से हो रहे बदलाव से चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इससे अगली चुनौती स्वायत्तता( आटोनामी), एंटी-जैमिंग, कृत्रिम मेधा और बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग में महारत हासिल करना है।

ड्रोन फेडरेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष स्मित शाह के मुताबिक, कामिकेज ड्रोन या घूमने वाले हथियार की क्षमता को मिसाइल हमले की क्षमता के मुताबिक तय करते हैं। ऐसे में वे हमला करने से पहले 30 मिनट से लेकर कई घंटों तक लक्ष्य के इर्द गिर्द घूम सकते हैं। ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल के साथ अब यह भी जरूरी हो गया है कि भार उठाने की क्षमता और दूरी में बढ़ोतरी के जरिए कैसे लक्ष्य पर सटीक निशाना साध सकें। 2-5 किलोग्राम से लेकर बड़े मंच के लिए 20-50 किलोग्राम या उससे अधिक होती हैं। डिजाइन के आधार पर 20-30 किलोमीटर से सौ किलोमीटर से अधिक तक भी काम कर सकते हैं। आधुनिक प्रणाली के जरिए जीपीएस की गैर मौजूदगी में भी अपना अभियान जारी रखने के लिए सैटकाम और स्वायत्त (आटोनामस) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

आइआइटी गुवाहाटी के सेंटर फार ड्रोन टेक्नोलाजी के शोधार्थी सुधाकर कनोजिया ने बताया लेजर लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (लडार) के जरिए लक्ष्य की पहचान कर दुश्मन के ड्रोन को चंद सेकंड में खाक किया जा सकता है। लडार तकनीक की मदद से रोशनी की किरण को हवा में छोड़ने से लक्ष्य की पहचान की जाती है। इसके साथ ही लेजर गन से लैस ड्रोन से निकलने वाले उच्च तापमान वाले लेजर चंद सेंकेंड में ही दुश्मन के ड्रोन को खाक करने में सक्षम है। देश में इसका प्रयोग करने की तैयारी है। स्वार्म अभियान के तहत एक साथ झुंड में सैकड़ों ड्रोन के आक्रमण को भी नाकाम करने में लेजर आधारित एंटी ड्रोन प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है। कनोजिया के मुताबिक ड्रोन प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे बदलाव के साथ जीपीएस डिनाइड ड्रोन तमाम चुनौतियों के बावजूद लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। अगर लक्ष्य की पहचान करने के लिए जीपीएस की सुविधा नहीं भी है, फिर भी आप्टिकल सेंसर की मदद से खोजी ड्रोन लक्ष्य पहचान कर अपने दुश्मनों से खुद को बचाने के साथ साथ घातम हमले भी कर सकता है। इसपर शोध जारी है ताकि भविष्य में जीपीएस की सुविधा नहीं मिलने पर भी किसी भी हालात में लक्ष्य पर निशाना साधना संभव हो सके।

*एंटी* जैमिंग, लेजर, जीपीएस के बगैर लक्ष्य पर सटीक निशाना साधने वाले ड्रोन का बढ़ रहा है इस्तेमाल।
*वर्तमान* में देश में 400 से अधिक ड्रोन विनिर्माण कंपनियां और 250 से अधिक ड्रोन उपकरण निर्माता काम कर रहे है। इनमें कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र के लिए अलग अलग ड्रोन प्रणालियां विकसित कर रही हैं। लेकिन युद्ध के दौरान ड्रोन के इस्तेमाल के तरीकों में तेजी से हो रहे बदलाव से चुनौतियां भी बढ़ रही हैं।

**सामरिक**


फाइल फोटो

## प्रेरणा

दोस्त वो होते हैं जो तुम्हें खींचकर अपने साथ खुशहाली की दुनिया में ले जाते हैं। -नेल्सन मंडेला

## संपादकीय

# लगातार होते हादसों का दोषी कोई एक-दो नहीं, सिस्टम है

अगर दुर्घटना-पूर्व सतर्कता या घटना के बाद मानव-जीवन बचाने के उपायों में कमी के लिए बने नियमों की अनदेखी वर्षों से हो रही हो तो वह संस्थागत दोष माना जाता है। लखनऊ के वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में 15 लोगों की आग से मौत में एक नहीं दर्जनों नियमों की अनेक नियामक संस्थाओं द्वारा अनदेखी की गई। अवैध निर्माण शुरू हो जाता है। सिविक संस्थाओं- विकास प्राधिकरण, निगम, फायर विभाग के कर्मचारियों की विवेक-दृष्टि उसे रोकती नहीं। नोटिस के बाद भी वर्षों तक इमारत के मालिक का धंधा चलता रहता है। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मी सुनिश्चित करते हैं कि नोटिस के बाद की कार्रवाई नहीं होगी। अगर वाणिज्यिक गतिविधि के लिए निगम टैक्स ले रहा था तो भवन में आपात निकास क्यों नहीं था? चूंकि स्थाई निर्माण हो चुका होता है, लिहाजा अगर किसी लेन-देन में विभेद पर कार्रवाई शुरू भी की तो कोर्ट से स्टे मिलना सहज हो जाता है। इन घटनाओं के बाद भी जांच का एक पैटर्न है, जो अंततः अप्रभावी साबित होता है। दिल्ली के उपहार सिनेमा हॉल कांड के बाद दशकों तक केस चला, लेकिन किसी को सजा नहीं हुई। चिंता तो तब होती है जब सरकार के मुखिया ऐलान करते हैं कि दोषी बचने नहीं पाएंगे। वे भूल जाते हैं कि दोषी कोई एक नहीं, सिस्टम है। बिल्डिंग का निर्माण रातोंरात नहीं हो जाता, न ही वह कोई दबा-छिपा उपक्रम है। आखिर कैसे अवैध निर्माण वर्षों तक किसी को नजर नहीं आता? और वह भी उस दौर में, जब बुलडोजर-न्याय की तूती बोलती हो?

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# देश की ह्यूमन कैपिटल का सदुपयोग करना चाहिए

हमारे देश की समस्याओं की सूची में आबादी एक बहुत बड़ा मसला है। जनसंख्या के मामले में हम दुनिया में नंबर एक हो गए। इस समस्या को लेकर जानकार लोगों के मत अलग-अलग हैं। एक वर्ग का मानना है, धर्म की दृष्टि से जनसंख्या वृद्धि को देखें तो असंतुलन है, आगे खतरा बढ़ सकता है। आर्थिक विकास की दृष्टि से देखें तो कुछ लोगों का मानना है, खतरे की कोई बात नहीं है। लेकिन सामान्य आबादी क्या चाहती है? अब इसका भी अध्ययन होना चाहिए। हमारे देश की ह्यूमन कैपिटल का सदुपयोग किया जाए। पहली बात, भोजन सबको मिले और दूसरी बात, योग्यता का पर्याप्त उपयोग हो। अपनी आबादी के लिए रक्षा और विकास का अद्भुत प्रयोग श्रीकृष्ण ने किया था। उन्होंने द्वारिका बसाई। द्वारिका की व्यवस्था उन्होंने ऐसी की थी कि सब सुरक्षित रहें और सबका विकास हो। क्योंकि कृष्ण का मानना था यदि मैं आगे बढ़ूं तो मेरे साथ जो लोग हैं, वे भी आगे बढ़ें। केवल राजा की ख्याति न बढ़े, प्रजा की भी जय-जयकार हो। तो समय आ गया है कि हमारे देश की आबादी के साथ द्वारिका जैसे प्रयोग किए जाने चाहिए।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### ऋतुओं की रस्में



कवियों ने वसंत के गीत असंख्य गढ़े हैं
पढ़े हैं कसीदे निबंध अनंत उसके
की हैं कसरतें तमाम सुख शांति आह्लाद
ढूंढ पा लेने की महज इसी मौसम में
मानो अन्य तमाम ऋतुओं को ऋजु दिखाकर
वसंत की सरदारी में लताड़ लगानी जरूरी हो

किसी ने वीरों का वसंत ढूंढा
किसी ने प्रेमी जोड़ों के प्यार की पेंगें
वसंत में ही बढ़ाने की कड़ियां जोड़ीं

ऋतुओं की रस्मों से जो जन
ठीक से दो चार तक नहीं होते
होते हैं भरसक सर्वथा अनभिज्ञ
होटलों क्लबों में वे भी
सावन और वसंत के रस्मी गीत गा आते हैं
जबकि दो जून की रोटी को
संघर्षरत मजूरों व कामगारों का
या कि आम जनों का ही
न तो कोई सावन होता है न भादो
वसंत तो अलग से बिलकुल ही नहीं।

-मुसाफिर बैठा, पटना, बिहार
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### सेना के पास हों आधुनिक विमान

असम के जोरहाट में वायुसेना का विमान क्रैश होने की घटना चिंताजनक थी। तकनीक, प्रशिक्षण एवं कार्यप्रणाली में सुधार करके ही ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। पुराने विमानों का उपयोग बंद करना होगा। वर्तमान में सेना के पास अत्याधुनिक विमान होने चाहिए। -डॉ. राजेंद्र कुमावत, जयपुर, राजस्थान

### घरों के बाहर पौधे लगाएं

हर गांव-शहर में स्थानीय निकायों को लोगों को घरों के सामने पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पौधों को नुकसान पहुंचाने वाले पशुओं की भी रोकथाम होनी चाहिए। जगह नहीं होने पर छत या गैलरी में पौधे लगाना भी पर्यावरण सुधार में योगदान होगा।
-भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलिया स्टेशन, मध्य प्रदेश

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

### समय का बहुत पाबंद है यह तूफान

ऑस्ट्रेलिया के तिवी द्वीप समूह में सितंबर से मार्च के बीच रोजाना दोपहर ठीक तीन बजे 'हेक्टर' नामक तूफानी बादल उठते हैं। द्वीप समूह की पिरामिडनुमा भू-आकृति के कारण सतही गर्म हवाएं रोज विचित्र ढंग से एक ही समय पर समुद्री हवाओं से मिलती हैं और हेक्टर का निर्माण करती हैं।

20 किलोमीटर की ऊंचाई तक चले जाते हैं इस तूफान के बादल।

## बामुलाहिज़ा • सत्ता से बाहर होते ही कई दल टूट क्यों जाते हैं, वहीं कुछ दल हमेशा अटूट क्यों रहते हैं...

# क्या राजनीति में सिद्धांत मायने रखते हैं?

## सियासत



शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
X @ShekharGupta

सामूहिक दलबदल के इस मौसम में कई सवाल उभरते हैं : पार्टियां टूटती क्यों हैं? नेता दल क्यों बदलते हैं? क्या विचारधारा, सिद्धांत या वफादारी की कोई अहमियत है? इनके साथ एक और सवाल उभरता है : कुछ दल क्यों टूट जाते हैं, मगर कुछ क्यों नहीं टूटते?

पहले यह देखें कि भारी 'आवाजाही' के इन महीनों में क्या-क्या हुआ। ममता बनर्जी की टीएमसी का आंतरिक तख्तापलट सबसे बड़ी खबर बनी। लेकिन उससे होड़ लेते हुए उद्धव ठाकरे की बची-खुची शिवसेना भी फिर टूटी। झारखंड में 'इंडिया' गठबंधन के विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवाणी को जिता दिया। कांग्रेस खुश हो सकती है कि कर्नाटक में डीके शिवकुमार ने एमएलसी के चुनाव में एनडीए के कुछ विधायकों से क्रॉस वोटिंग करवा ली। आम आदमी पार्टी ने सात सदस्य गंवाए। बीजू जनता दल ने एनडीए की झोली में अपने तीन सदस्यों का 'योगदान' दिया। अभी ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब वाईएसआरसीपी ने भी अपने कुछ सदस्य कम किए थे। सबने एनडीए (भाजपा) की संख्या में इजाफा ही किया। शिरोमणि अकाली दल के अंदर से भी विदाई हुई, मनप्रीत सिंह बादल समेत। उनमें मनजिंदर सिंह सिरसा भी हैं, जो अब दिल्ली में मंत्री हैं।

अगर मैं भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेसियों की सूची बनाने लगूं तो यह पूरा कॉलम भी छोटा पड़ेगा। इसलिए मैं केवल उनके नाम लूंगा, जो भाजपा में जाकर मुख्यमंत्री या केंद्रीय मंत्री बने या कांग्रेस में मुख्यमंत्री थे। मुख्यमंत्री की कुर्सी आखिर उन सबसे बड़े पदों में है, जिसकी पेशकश कोई पार्टी कर सकती है।

आज भाजपा के मुख्यमंत्रियों में से तीन कांग्रेस से आए हैं : असम के हिमंत बिस्वा सरमा, अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू और त्रिपुरा के माणिक साहा। हाल तक मणिपुर के मुख्यमंत्री रहे एन. बीरेन सिंह का नाम भी आप इनमें शामिल कर सकते हैं। ये चारों कांग्रेस में प्रमुख पदों पर थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरण रिजिजू, राव इंदरजीत सिंह, जितिन प्रसाद और रवनीत सिंह बिट्टू का नाम भी लिया जा सकता है। लगभग ये सारे नेता कांग्रेस के ख्यात परिवारों के हैं। भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्रियों की संख्या एक फुटबॉल टीम के बराबर है : कैप्टन अमरिंदर सिंह, पेमा खांडू, अशोक चव्हाण, एसएम कृष्णा, नारायण दत्त तिवारी, दिगंबर कामत, किरण कुमार रेड्डी, विजय बहुगुणा आदि-आदि। पेमा खांडू के सिवा किसी को कोई लाभ नहीं हासिल हुआ।

कहा जा सकता है कि सभी पार्टियों में नुकसान में रहे नेताओं के लिए भाजपा चुम्बक जैसी है, क्योंकि लाभ वहीं जाकर मिल सकता है। इसके अलावा, 'साम, दाम, दंड, भेद' की नीति भी अपनाई जाती है। सामूहिक दलबदल कराने की कला में तो महारत हासिल कर ली गई है। उनके दो-तिहाई सदस्यों को पाला बदलने के लिए तैयार कर लो और दावा करो कि अलग हुआ गुट ही असली पार्टी है। इससे सवाल पैदा होता है कि विरोधी पार्टियों में तोड़फोड़ का चलन क्या अब शुरू हुआ है?

कांग्रेस इस खेल की उस्ताद रह चुकी है। वास्तव में, सुप्रीम कोर्ट ने जब तक बोम्मई मामले में (11 मार्च 1994 को) फैसला नहीं सुनाया था, तब तक कांग्रेस अनुच्छेद 356 का मनमाना इस्तेमाल करके विरोधी दलों की सरकारों को गिराती रही। अब फर्क यह आया है कि अपने विस्तार के लिए 'अधिग्रहण' का सहारा लिया जा रहा है। यह हमें हमारे दूसरे सवाल के सामने ला खड़ा करता है। अधिकतर पार्टियां क्यों टूट जाती हैं और कुछ पार्टियों में टूट क्यों नहीं होती? जो नहीं टूटतीं, उनमें केवल तीन के नाम मैं बता रहा हूं। भाजपा तो है ही, उसके अलावा समाजवादी पार्टी और वाम दल। वामपंथियों में लेनिन-ट्रॉट्स्की, मॉस्को-बीजिंग को लेकर खूब बहस और टूट-फूट हो चुकी है,





### साम, दाम, दंड, भेद की नीति

**कहा जा सकता है कि सभी पार्टियों में नुकसान में रहे नेताओं के लिए भाजपा चुम्बक जैसी है, क्योंकि लाभ वहीं जाकर मिल सकता है। 'साम, दाम, दंड, भेद' की नीति भी अपनाई जाती है। कांग्रेस भी इस खेल की उस्ताद रह चुकी है। वह अनुच्छेद 356 का मनमाना इस्तेमाल करके विरोधी सरकारों को गिराती रही है।**

लेकिन वे एक मोर्चे के रूप में एकजुट रहे हैं। वाम दल आज सत्ता से बाहर हैं और अपने इतिहास में सबसे निचले स्तर पर हैं। लेकिन उनमें से कोई भी कहीं जाने का रास्ता नहीं तलाश रहा है।

कांग्रेस लोकसभा में अपने सबसे निचले स्तर (44 सीटें) पर 2014 में पहुंची। 1984 के आम चुनाव में भाजपा मात्र दो सीटों पर सिकुड़ गई थी, फिर भी एकजुट रही। वास्तव में, अपनी स्थापना (भारतीय जनसंघ के रूप में) के 75 वर्षों में भाजपा 2014 से पहले केवल छह साल सत्ता में रही। लेकिन उसमें कोई विभाजन नहीं हुआ, और उसमें से केवल एक उल्लेखनीय और अल्पकालिक दलबदल का मामला गुजरात में शंकर सिंह वाघेला का है। इसके उलट कांग्रेस कई बार टूटी।

हालांकि भाजपा से कुछ उल्लेखनीय अलगाव हुए, जिनका जिक्र जरूरी है। पहला उदाहरण बलराज मधोक का है, जो जम्मू से 'स्वयंसेवक' थे और जिनकी अध्यक्षता में पार्टी ने 1967 के चुनाव में 35 सीटें जीतीं, जो सबसे बड़ी संख्या थी। मधोक आर्थिक नीति के मामले में स्वतंत्र पार्टी जैसी ताकतों से पार्टी को जोड़ने के मुद्दे पर अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी सरीखे साथी नेताओं से लड़ पड़े थे। विरोधाभास यह था कि संघ इस मामले में गांधीवाद के ज्यादा करीब था और मधोक इसे वामपंथी झुकाव के रूप में देखते थे या इंदिरा गांधी के विचारों से समानता मानते थे। 1973 में मधोक को जनसंघ के अंदर किनारे कर दिया गया, और वे नाराज हो गए। उन्होंने पार्टी के नेताओं, खासकर वाजपेयी पर तीखे हमले किए, लेकिन किसी विरोधी दल में नहीं गए। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि इंदिरा गांधी ने 1980 में उन्हें मंत्री पद की पेशकश की थी, लेकिन स्वयंसेवक होने के नाते वे लालच में नहीं फंसे।

बाद में हमने पूर्व भाजपाई मुख्यमंत्रियों कल्याण सिंह, उमा भारती और बीएस येदियुरप्पा को बगावत करते देखा। लेकिन इन सबने घर वापसी की। शंकर सिंह वाघेला कांग्रेस के सहयोग से एक साल तक मुख्यमंत्री रहे। बाद में, उन्होंने अपने गुट का कांग्रेस में विलय कर दिया, उसके टिकट पर दो बार सांसद चुने गए और 2004 में केंद्रीय कपड़ा मंत्री बने। आज 85 की उम्र में वे अलग-थलग जीवन जी रहे हैं। भाजपा के अंदर असंतोष तो उभरता रहा है लेकिन बगावत नहीं हुई है। संघ और कार्यकर्ताओं के बीच गुरु-शिष्य वाले रिश्ते ने इसे एकजुट बनाए रखा है। इसमें सत्ता भी अपने घर में उभरे नेताओं के हाथों में ही रही है, जिनमें वैचारिक शुद्धता रही है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## स्पीक-अप • कम कानून और ज्यादा न्याय...

# अंग्रेजों के जमाने के कानूनों का आज के दौर में क्या काम

## कानून



मिन्हाज मर्चेंट
लेखक, प्रकाशक और सम्पादक
mmleditorial@gmail.com

संसद ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ऐसा कानून पारित किया है, जो पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को खत्म करने तथा न्याय प्रक्रिया को तेज करने में गेम-चेंजर साबित हो सकता है। जन विश्वास अधिनियम, 2026 अप्रैल में लागू हुआ था। इसके जरिए ऐसे कानूनों को निरस्त किया गया, जिन्होंने न्याय-व्यवस्था को बाधित कर रखा था। इसके तहत एक हजार से अधिक कानून हटाए जा चुके हैं। न्यायपालिका पर इसके दूरगामी प्रभाव होंगे।

विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी के अचरज कौर टुटेजा, ईशान बंबा और नवेद महमूद अहमद उस टीम का हिस्सा थे, जिसने इस प्रक्रिया को बेहतर करने में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की मदद की। उन्होंने अपने एक लेख में लिखा कि 2026 के इस अधिनियम की प्रमुख खूबी इसका विशाल दायरा है। संसद ने एक ही विधायी प्रक्रिया में 23 मंत्रालयों से जुड़े 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन किया, 784 प्रावधानों में सुधार किया और 1018 अपराधों पर इसका असर पड़ा है। इन खूबियों से यह भारत में अब तक की सबसे बड़ी डी-क्रिमिनलाइजेशन कवायद बन गया है।

जो कानून निरस्त किए गए, उनमें से कई आजादी के बाद बनाए गए थे। इनमें से कई में तो सामान्य गतिविधियों को भी अपराध माना जाता था। 'विधि' की लीगल टीम ने एक उदाहरण दिया। कल्पना कीजिए कि एक स्ट्रीट वेंडर रेलवे स्टेशन के बाहर चाय की छोटी-सी दुकान चलाता है। शाम तक वह गुजारे लायक कमा लेता है। लेकिन वह एक साल तक जेल जाने के जोखिम में रहता है, क्योंकि रेलवे क्षेत्र में बिना लाइसेंस फेरी लगाने पर पहले एक साल की कैद हो सकती थी। रोजमर्रा की कई दूसरी गतिविधियों में भी अपराधी ठहराए जाने का खतरा मंडराता रहता था। मसलन, किसी दूसरे यात्री को आवंटित सीट छोड़ने से इन्कार करना, छावनी क्षेत्रों में भीख मांगना या छह वर्ष या उससे अधिक उम्र के बच्चे को सार्वजनिक स्थान पर शौच करने देना। कुछ अपराध तकनीकी प्रकृति के थे- जैसे रिटर्न दाखिल न करना, लाइसेंस न दिखाना या लिखित अनुमति के बिना विज्ञापन करना। ये कार्य न तो गंभीर रूप से हानिकारक हैं और न ही आपराधिक मंशा से किए जाते हैं। यदि इनसे कोई नुकसान होता भी है तो उसे आसानी से सुधारा जा सकता है।

अंग्रेजों के जमाने के भी कई कानून हटाए गए हैं। इनमें ऐसे छोटे-मोटे अपराध शामिल थे, जिन्हें ब्रिटिश अधिकारियों ने गैरकानूनी घोषित कर दिया था। मसलन, आजादी से पहले किसी कुएं के पास नहाना अपराध माना जाता था और अप्रैल 2026 में निरस्त किए जाने तक यह कानून प्रभावी रहा! औपनिवेशिक काल और आजाद भारत तक देश में सदियों से ऐसा कानूनी ढांचा बनाया गया, जो आमजन को दंडित करता और राज्यसत्ता को असीमित ताकत देता रहा है। आमजन आज भी 'तारीख पर तारीख' वाली स्थिति का सामना करते हैं। लेकिन जन विश्वास अधिनियम जैसी

**आजादी से पहले किसी कुएं के पास नहाना अपराध माना जाता था और अप्रैल 2026 में निरस्त किए जाने तक यह कानून प्रभावी रहा! औपनिवेशिक काल में ऐसा कानूनी ढांचा बनाया गया था, जो आमजन को दंडित करता हो।**

सुधारवादी पहल सकारात्मक प्रभाव लाती है। लोकसभा में यह कानून पारित होने के तुरंत बाद महाराष्ट्र ने राज्य में 80 अप्रचलित कानूनों को निरस्त कर दिया। इनमें से कुछ तो बाबा आदम के जमाने के थे। उदाहरण के लिए, 1864 और 1909 के व्हिपिंग एक्ट चोरी और दुष्कर्म के लिए अधिकतम 150 कोड़ों की सजा देते थे!

हालांकि कानूनी किताबों की ये सफाई पहले ही हो जानी चाहिए थी, लेकिन कानून और न्यायिक व्यवस्था की अनेक मूल समस्याएं अब भी जस की तस हैं। न्यायिक व्यवस्था में गहरे सुधारों की दरकार है। जन विश्वास अधिनियम, 2026 के तहत अप्रचलित कानूनों को हटाने के अलावा आपराधिक न्याय प्रणाली को भी एक नए प्रशासनिक ढांचे की जरूरत है। वरिष्ठ वकीलों को बार-बार एडजर्नमेंट मांगने से रोका जाना चाहिए। नेशनल जुडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) को फिर से लागू करना भी आवश्यक है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मुद्दा • डेटा सेंटर्स से पेयजल का संकट गहरा सकता है

# भारतीय के बजाय विदेशी कंपनियों को टैक्स छूट क्यों?

## डेटा सेंटर



विराग गुप्ता
सुप्रीम कोर्ट के वकील
viraggupta@hotmail.com

एआई के लिए सेमीकंडक्टर बनाने वाली एनवीडिया कंपनी की वैल्यू भारत की जीडीपी से ज्यादा है। इलॉन मस्क अपनी स्पेस एक्स कंपनी के शेयरों के दम पर 174 देशों से भी अधिक सम्पत्ति वाले दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति बन गए हैं। डेटा, तेल और एआई- इन तीन बड़ी बातों से डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका की बादशाहत को कायम रखने की कोशिश कर रहे हैं। अगले 5 सालों में 500 अरब डॉलर यानी 47 लाख करोड़ रुपए की अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं के आयात के लिए भारत पर दबाव बढ़ रहा है। उसी कड़ी में भारत में डेटा सेंटर्स की स्थापना हो रही है, क्योंकि अमेरिकी डेटा सेंटरों के लिए मशीनों और सेवाओं का भारत में आयात होगा। इस परिदृश्य के पांच पहलुओं को समझना जरूरी है :

1. अमेरिकी एआई कंपनियों को सफल होने के लिए बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर की जरूरत है। हमारे आम बजट में सिर्फ 1 साल के लिए टैक्स के नियम बनाए जाते हैं। लेकिन अमेरिका के दबाव में इस साल के बजट में विदेशी क्लाउड कम्पनियों को साल 2047 तक इनकम टैक्स में छूट दे दी गई है। इस टैक्स छूट की वजह से अगले चार सालों में 5000 मेगावॉट यानी पांच गीगावॉट के विदेशी डेटा सेंटर्स स्थापित करने का लक्ष्य है। स्वदेशी कंपनियों को टैक्स छूट नहीं मिलना संविधान की समानता के उल्लंघन के साथ सार्वभौमिकता का भी हनन है।

2. दुनिया के कुल डेटा का लगभग 25% भारत से जनरेट हो रहा है। भारत में डेटा सुरक्षा कानून लागू नहीं होने से अमेरिका की टेक कंपनियां और मालिक मालामाल हो रहे हैं। पिछले साल यूपीआई से 314 लाख करोड़ के लेनदेन हुए, जो ग्लोबल रियल टाइम पेमेंट का 49% है। रिजर्व बैंक ने 2018 में डेटा को भारत में सुरक्षित रखने के लिए नियम बनाए थे, जिन्हें विदेशी कंपनियों पर लागू नहीं किया जा रहा है।

3. केंद्र सरकार ने पिछले साल कहा था कि विदेशी कंपनियों को भारत में परमानेंट एस्टैब्लिशमेंट स्थापित करने के बाद ही टैक्स में छूट मिलेगी। अब उन्हें भारत में ऑफिस स्थापित करने की बाध्यता नहीं है, इससे भारत के श्रम कानून उन पर लागू नहीं होंगे। विदेशी डेटा सेंटर कंपनियों को राज्यों की सरकारें जमीनों का आवंटन और रियायतें दे रही हैं। खरबों डॉलर के निवेश वाले इन डेटा सेंटर्स से औद्योगिक क्रांति नहीं होने से दीर्घकालिक रोजगारों का सृजन भी नहीं होगा।

4. डेटा सेंटर्स को चौबीसों घंटे बिजली चाहिए या डीजल वाले जनरेटर सेट के बैकअप की जरूरत होगी। चार सालों में डेटा सेंटर्स में बिजली की खपत 6 गुना बढ़ जाएगी। इनकी सहूलियत के लिए भारत में परमाणु बिजली का कानून नया बनाया गया है। इनसे चेर्नोबिल जैसे हादसे होने का खतरा बढ़ गया है। राज्यों की बिजली कंपनियां सात लाख करोड़ के कर्ज से दबी हैं। डेटा सेंटर्स की वजह में ऊर्जा के साथ विदेशी मुद्रा का संकट गहरा सकता है।

**हमारे आम बजट में सिर्फ 1 साल के लिए टैक्स के नियम बनाए जाते हैं। लेकिन अमेरिका के दबाव से इस साल के बजट में विदेशी क्लाउड कम्पनियों को साल 2047 तक इनकम टैक्स में छूट दे दी गई है। इसका क्या कारण है?**

5. गर्मी के उत्सर्जन और रैडिएशन की वजह से अमेरिका में डेटा सेंटर बंद करने का आंदोलन चल रहा है। दुनिया के सबसे गर्म 100 शहरों वाले भारत में नदियां और तालाब पहले ही सूख रहे हैं। गर्मी से भारत की जीडीपी को 4.5 फीसदी का झटका लग सकता है। भारत में 60 करोड़ से ज्यादा लोग जल संकट से ग्रस्त हैं। खरबों गैलन पानी निगलने वाले डेटा सेंटर्स की वजह से भूगर्भजल के साथ पेयजल का संकट गहरा सकता है। अंतरिक्ष और समुद्र में डेटा सेंटर के ख्वाब बेचकर मस्क टेक-कुबेर बन गए हैं।

गरीबी, एकाधिकार, बेरोजगारी, जलवायु जोखिम और साम्राज्यवाद बढ़ाने वाले विदेशी डेटा सेंटर्स की टैक्स छूट खत्म हो। संविधान के अनुसार डेटा सेंटर्स में पर्यावरण संरक्षण और श्रम कानूनों को लागू करने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## डिफ्रेंट एंगल • क्या हम सच में ही समय के इतने पाबंद हैं कि किसी बेटी को परीक्षा देने से रोक दें...

# हमारे प्रजातंत्र का अंतिम व्यक्ति 2 मिनट के विलम्ब से क्यों हारा?

## देशकाल



नन्दितेश निलय
वक्ता, एथिक्स प्रशिक्षक एवं लेखक
nanditeshnilay@gmail.com

रोजाना सिर्फ तीन सौ रुपये कमाने वाले पिता ने जब बेटी की आंखों में डॉक्टर बनने का ख्वाब देखा तो कर्ज लेने से नहीं चूके, लेकिन बेटी को नीट के परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंचाने से जरूर चूक गए। कुछेक रुपये कमाने वाले पिता ने सत्तर किलोमीटर की यात्रा बेटी के साथ तय तो कर ली पर वे दो मिनट लेट हो चुके थे। और इस तरह उस बेटी और पिता की सारी मिन्नतें, क्रंदन, रुदन अप्रासंगिक हो गए, क्योंकि परीक्षाएं नियम से चलती हैं। परीक्षा केंद्र के दरवाजे पर मौजूद संतरी को आदेश था कि नियत समय के एक मिनट बाद भी कोई परीक्षार्थी आता है तो वह लेट माना जाएगा और उसे प्रवेश नहीं मिलेगा।

हताश पिता जमीन पर गिर चुके थे और बेटी उनसे लिपटकर रो रही थी। लेकिन संस्थाओं की दीवारें निस्तेज बस इस घड़ी की ओर इशारा कर रही थीं, यह कहते हुए कि आप लेट हैं, भले ही दो मिनट। पर एक मिनट का लेट भी लेट होता है। नहीं पता तो कभी जापान से पूछिए कि समय का महत्व क्या होता है।

जापान में समय का अनुपालन उनकी संस्कृति का अहम हिस्सा है। वहां इसे जिकन-गेंशु यानी समय का सख्ती से पालन के नाम से जाना जाता है। समय पर रहना कोई नीरस जीवनशैली नहीं है, बल्कि यह सम्मान है उस हर व्यक्ति के लिए, जो आपका इंतजार कर रहा होता है। साथ ही यह दूसरों के लिए सोच और भरोसे से गहराई से जुड़ा है। जापान में समय पर होने का मतलब किसी के भी शेड्यूल का सम्मान करना है और यह उनकी हर संस्था और नागरिक-व्यवहार में देखा जा सकता है। रेलवे ऑपरेटर और सरकारी अधिकारी भी मामूली देरी के लिए भी औपचारिक रूप से सार्वजनिक माफी मांगते हैं। वहां के पब्लिक ट्रांसपोर्ट समय की पाबंदी के लिए जाने जाते हैं और अगर किसी कारणवश बस या ट्रेन कुछ मिनट लेट हो जाती है, तो स्टाफ एक आधिकारिक देरी का सर्टिफिकेट जारी करता है, ताकि यात्री इसे दफ्तर या स्कूल में दिखा सकें।

लेकिन उस पिता के पास तो कोई सर्टिफिकेट नहीं था। सिर्फ एक मानवीय सत्य था कि बारिश के बावजूद वे समय पर पहुंचना चाह रहे थे, पर पहुंच नहीं सके। नियम के अनुसार तो वो लेट थे लेकिन परीक्षा केंद्र भी उनके प्रति संवेदना दिखाने में देरी कर गया। क्योंकि समय का अनुपालन एक विनम्र समाज बनाता है और उस संवेदना को सम्प्रेषित करने से नहीं चूकता। प्रजातंत्र का अंतिम व्यक्ति दो मिनट लेट से हार चुका था।

इस घटना ने मुख्य रूप से दो प्रश्न खड़े किए? एक यह कि क्यों नहीं हमारे देश में समय का अनुपालन एक सामाजिक व्यवहार बन सकता है? और दूसरा, क्या किसी परिस्थिति में लेट का नियम लचीला हो सकता है? परीक्षा केंद्रों पर किसी खास परिस्थिति में एक-दो मिनट का लचीलापन क्या संभव नहीं? क्योंकि कोई परीक्षार्थी एक-दो मिनट के लेट को प्लान करके तो नहीं आना चाहेगा। और उससे भी बड़ी बात यह कि हम समय को लेकर क्या आदर का भाव रखते हैं? उसके प्रति कितनी प्रतिबद्धता रखना चाहते हैं? क्या देश में समय के प्रति ऐसी निष्ठा है? क्या समय की पाबंदी हमारी जीवनशैली का हिस्सा है? क्या मीटिंग्स समय पर शुरू होकर समय पर खत्म होती हैं? क्या किसी को इंतजार कराना हमें अपराधबोध से ग्रस्त करता है? या किसी के लिए समय पाबंद होता है और किसी के लिए लचीला?

उस पिता और बेटी को यह यकीन था कि मनुष्य और मनुष्य की करुणा अभी बची हुई है। उनकी मिन्नतें सुन किसी का दिल जरूर पसीजेगा। लेकिन ऐसा ना हुआ और बेटी का एक साल बर्बाद हो गया। उसके एक साल पर वह दो मिनट का विलम्ब भारी पड़ गया।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**कंज्यूमर सेंटीमेंट** • भू-राजनैतिक तनाव के बावजूद 2027 की धमाकेदार शुरुआत, एसी की बिक्री 18% व कपड़ों की 14% बढ़ी

# गर्मी में एसी-कपड़ों की रिकॉर्ड बिक्री; लेकिन मानसून ने बढ़ाई चिंता

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

वित्त वर्ष 2027 की शुरुआत मजबूत रही है। भू राजनैतिक तनाव के बावजूद अप्रैल से जून तक कपड़ों की बिक्री 12-14%, एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर की मांग 17-18% बढ़ी। प्रीमियम ब्यूटी प्रोडक्ट्स में भी दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज हुई। हालांकि ईरान युद्ध से उपजे भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने रोजमर्रा के सामानों के सेगमेंट एफएमसीजी कंपनियों को दाम बढ़ाने के लिए मजबूर किया। साबुन, डिटर्जेंट, टूथपेस्ट और खाद्य तेलों में 4 से 11% तक के दाम बढ़े। पैकेज्ड फूड में 3-15%, डिटर्जेंट में 5-12% और पर्सनल केयर में 5-10% की मूल्यवृद्धि हुई। आनंद राठी रिसर्च के अनुसार यह मूल्यवृद्धि किसी एक सेगमेंट तक सीमित नहीं, यह व्यापक है।

हालांकि इनपुट लागत के मोर्चे पर कुछ राहत भी है। क्रूड ऑयल की कीमत 3 महीने में 29% गिरी है, कॉफी 22% (6 महीने में) सस्ती हुई है। लेकिन पॉलिप्रोपिलीन 54% और पैकेजिंग 60% महंगी हुई है, जो पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स लागत को बढ़ाए रखेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार कमजोर मानसून' की 60% और सामान्य से कम बारिश की 24% आशंका है। जून में ही 46% कम बारिश हुई है। इसका नकारात्मक असर खरीफ की पैदावार और खाद्य महंगाई पर पड़ सकता है, जो ग्रामीण खपत और एफएमसीजी कंपनियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है।

### एफएमसीजीः महंगाई की मार, 5-10% बढ़े दाम

| इनपुट कमोडिटी | 6 माह में बदलाव |
|---|---|
| क्रूड ऑयल | ↓29%* |
| कॉफी | ↓22% |
| पाम ऑयल | ↑15% |
| पॉलिप्रोपिलीन | ↑54% |
| पैकेजिंग | ↑60% |
| पेंट्स | ↑18% |



*क्रूड के दाम 3 माह के उतार-चढ़ाव से
स्रोतः ब्लूमबर्ग, आनंद राठी रिसर्च

### रिटेल सेक्टर का बेहतर प्रदर्शन, 7% ग्रोथ दर्ज

आईसीआईसीआई डायरेक्ट के विश्लेषकों के अनुसार वित्त वर्ष 2027 की पहले ढाई महीनों में रिटेल सेक्टर ने दमदार प्रदर्शन किया। कपड़ों की बिक्री 12-14% बढ़ी, जबकि अप्रैल 2026 में फूड व ग्रॉसरी 9%, रेस्टोरेंट चेन 8%, फुटवेयर 7% और समग्र रिटेल सेल्स 7% की दर से बढ़ी। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सुस्ती रह सकती है। लेकिन फेस्टिव सीजन के दौरान डिस्क्रेशनरी खर्च में मजबूत वापसी की उम्मीद है।

### एसी की बिक्री का रिकॉर्ड; एलजी, वोल्टास ने बेचे 10-10 लाख यूनिट

इस गर्मी में 10-12% कीमत बढ़ने के बावजूद एसी की बिक्री ने नया इतिहास रचा। एलजी इंडिया ने कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही में ही 10 लाख एसी बेच दिए और पूरे साल 20 लाख यूनिट पार करने का लक्ष्य रखा है। वोल्टास ने वित्त वर्ष 2027 के पहले तीन महीनों में ही 10 लाख एसी बिक्री का मील का पत्थर छू लिया। एलजी के डायरेक्टर संजय चितकारा का कहना है कि एसी अब जरूरत की चीज बन गई है, लेकिन पेनिट्रेशन अभी सिर्फ 11% है।' यानी बाजार की 89% संभावना अभी बाकी है। वोल्टॉस के एमडी मुकुंदन मेनन ने कहा कि यह मील का पत्थर ब्रांड पर उपभोक्ताओं के भरोसे और टीम की क्षमता का प्रमाण है।

**दबदबा** • भारतीय कंपनियों का वैश्विक विस्तार

# घरेलू कंपनियों का विदेशी निवेश 4 लाख करोड़ पार

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और सुस्ती के बीच भारतीय कंपनियों ने विदेशी निवेश की रफ्तार तेज कर दी है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष में भारत का बाहरी एफडीआई 47 अरब डॉलर (करीब 4.45 लाख करोड़ रुपए) के स्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा वैश्विक रुझानों के बिल्कुल विपरीत है, जहां यह 2021 के 1.9 ट्रिलियन डॉलर से घटकर 2024 में 1.6 ट्रिलियन डॉलर रह गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 के बाद भारत के विदेशी निवेश में शानदार यू-शेप सुधार देखा गया है। वित्त वर्ष 2024 में यह 25 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 42 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2026 में 47 अरब डॉलर पर पहुंच गया। निवेश के तरीकों में भी बड़ा संरचनात्मक बदलाव आया है। इक्विटी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2017 के 31% से बढ़कर 2026 में 42% हो गई है, जिससे साफ है कि भारतीय कंपनियां सीधे मालिकाना हक को प्राथमिकता दे रही हैं। इसी तरह, संयुक्त उद्यमों के मुकाबले 'पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों' की हिस्सेदारी 77% से बढ़कर 91% तक हो गई है।

### सिंगापुर और अमेरिका शीर्ष पसंद, यहां 44% निवेश

| देश | कुल निवेश में हिस्सेदारी # | निवेश राशि* |
|---|---|---|
| सिंगापुर | 30.0% | 12.7 |
| अमेरिका | 13.6% | 5.7 |
| नीदरलैंड्स | 10.6% | 4.5 |

• *निवेश अरब डॉलर में स्रोतः सीएमआईई, सीईआईसीसी, बैंक ऑफ बड़ौदा रिसर्च

### कहां कर रहीं भारतीय कंपनियां निवेश?

• रिपोर्ट के मुताबिक, पूंजी-प्रधान मैन्युफैक्चरिंग के बजाय अब वित्त और ज्ञान-आधारित आईटी सेवाओं में निवेश तेजी से बढ़ रहा है।

• वित्तीय सेवाओं की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2017 के 14.5 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 42.5 प्रतिशत हो गई है।

• दूसरी ओर, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022 के 22.9% से घटकर वित्त वर्ष 2026 में केवल 15% रह गई है। इस बदलाव में गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' और वैश्विक स्तर पर एआई तकनीकों का बड़ा योगदान है।

### विदेश में निवेश का ट्रेंड आगे बना रहेगाः एक्सपर्ट

बैंक ऑफ बड़ौदा के इकोनॉमिस्ट दीपान्विता मजूमदार के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत भी बेहद उत्साहजनक रही है, जहां अप्रैल-मई 2026 की अवधि में ही आउटवर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 10 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आने वाले समय में वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की बढ़ती पैठ और नए कारोबारी समझौतों के चलते इस रफ्तार के और मजबूत होने की उम्मीद है।

# वैश्विक बाजारों में गिरावट से सहमा सेंसेक्स, 893 अंक की गिरावट

**मुंबई** | वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और मुनाफे की वसूली के कारण भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती बढ़त को बरकरार रखने में नाकाम रहने के बाद बाजार में बिकवाली देखी गई, जिससे प्रमुख सेक्टर्स लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स 893 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 279 अंक फिसलकर 23,824 के स्तर पर आ गया। बाजार की इस गिरावट में ब्रॉडर मार्केट्स भी अछूते नहीं रहे; निफ्टी मिडकैप 100 में 1.1% और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.5% की कमजोरी दर्ज की गई। एसबीआई सिक्युरिटीज के रिसर्च हेड सनी अग्रवाल के मुताबिक एशियाई बाजारों में कमजोरी, विशेष रूप से दक्षिण कोरिया के कोस्पी में आए क्रैश के बाद घरेलू निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिकी डॉव फ्यूचर्स और यूरोपीय बाजारों में गिरावट ने भी सेंटिमेंट बिगाड़ा।

### मेटल और आईटी में भारी गिरावट

गिरती वैश्विक कीमतों और मांग की चिंताओं के कारण निफ्टी मेटल इंडेक्स 3% से अधिक टूट गया। वैश्विक टेक मंदी और भारतीय आईटी क्षेत्र में एआई के कारण होने वाले व्यवधानों के चलते निफ्टी आईटी 2.2% और निफ्टी पीएसयू बैंक 2.0% नीचे बंद हुआ।

बुलियन मार्केट में भी गिरावट

## सोना 2,315, चांदी 10 हजार रुपए सस्ती हुई

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू सराफा बाजार में एक दिन की तेजी के बाद मंगलवार को फिर गिरावट देखने को मिली। 24 कैरेट सोने की कीमत 2,315 रुपए घटी। चांदी भी 10,318 रुपए नीचे आई। 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1,44995 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। वहीं, चांदी 2,27,483 रुपए किलो पर बिकी। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक एक दिन पहले सोमवार को 24 कैरेट सोना 2,340 रुपए और चांदी 5,828 रुपए प्रति किलो महंगी हुई थी। इस साल 29 जनवरी को 24 कैरेट सोना 1,75,340 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 3,79,988 रुपए किलो के रिकॉर्ड स्तर पर थे। फिलहाल सोना इससे 30,345 रुपए (17.3%) और चांदी 1,52,505 रुपए (40.1%) नीचे आ चुके हैं।



**भास्कर एनालिसिस** कोरियाई इंडेक्स कोस्पी में 20 मिनट टक रोकनी पड़ी ट्रेडिंग

# एआई शेयरों में बिकवाली से कोरियाई बाजार क्रैश, भारत लौट सकते हैं विदेशी निवेशक

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

अमेरिकी टेक शेयरों में गिरावट का असर एशियाई बाजारों पर भी दिखा। एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में अत्यधिक वैल्युएशन की चिंता से दक्षिण कोरिया का शेयर बाजार कोस्पी इंडेक्स 10% टूट गया, जिसके बाद एक्सचेंज को पूरे बाजार में 20 मिनट के लिए कारोबार रोकना पड़ा। गिरावट की एक बड़ी वजह विदेशी निवेशकों की बिकवाली रही। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को करीब 5 ट्रिलियन वॉन के शेयर बेचे। जब बड़े विदेशी फंड लगातार मुनाफावसूली करते हैं तो बाजार पर दबाव और बढ़ जाता है। इससे छोटे निवेशकों में भी घबराहट फैलती है और बिकवाली तेज हो जाती है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार के मुताबिक, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में आई इस गिरावट से भारत को फायदा हो सकता है, क्योंकि सुरक्षित और स्थिर रिटर्न की तलाश में विदेशी फंड्स फिर भारतीय बाजार का रुख कर सकते हैं।

**भास्कर एक्सपर्ट**



**अंबरीश बालिगा,** स्वतंत्र बाजार विश्लेषक

### मजबूत फंडामेंटल्स के दम पर भारत को मिल सकता है फायदा, स्थिरता सबसे बड़ी ताकत

**कोरियाई-ताइवान बाजार क्यों गिरे?** • वजह यह रही कि एशियाई सेमीकंडक्टर और टेक्नोलॉजी कंपनियों के शेयरों में जरूरत से ज्यादा निवेश हो चुका था, जिससे इनका वैल्युएशन बेहद महंगा हो गया था। इसके अलावा, सितंबर 2026 तक अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की अटकलों ने आग में घी का काम किया और बिकवाली तेज हो गई।

**ट्रिगर बना 'अनरियलाइज्ड कैपिटल गेन्स टैक्स'** • दक्षिण कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में सैमसंग और एसके हाइनिक्स की हिस्सेदारी 52% है, वहीं ताइवान के इंडेक्स में अकेले टीएसएमसी का वेटेज 42% है। पिछले 6 महीनों में कोस्पी दोगुना हो चुका है और ताइवानी बाजार 65% चढ़ा है। इस तेजी के कारण बाजार में भारी सट्टेबाजी और कर्ज लेकर ट्रेडिंग की जा रही थी। बाजार को गिरने के लिए एक बहाने की जरूरत थी, जो कोरियाई सरकार के प्रस्ताव से मिल गई। सरकार ने 'अनरियलाइज्ड कैपिटल गेन्स' (बिना शेयर बेचे हुए मुनाफे) पर टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा। निवेशकों में घबराहट फैल गई और प्रॉफिट-बुकिंग शुरू हुई कि दोनों देशों के बाजार ढह गए।

**भारत के लिए क्या संकेत छिपे हैं?** • कोरिया और ताइवान के विपरीत, भारतीय बाजार का आधार बहुत व्यापक है। पिछले कुछ समय से विदेशी निवेशक भारत से पैसा निकालकर कोरिया और ताइवान में लगा रहे थे, क्योंकि वहां एआई कंपनियों के कारण ज्यादा रिटर्न मिल रहा था। अब वहां गिरावट आने से विदेशी फंड्स दोबारा भारत जैसे सुरक्षित बाजार का रुख कर सकते हैं। भारतीय बाजार मुख्य रूप से घरेलू उपभोग पर आधारित है और इसकी लॉन्ग-टर्म ग्रोथ स्टोरी बेहद मजबूत है। हालिया भू-राजनैतिक तनाव के बीच भारत ने जिस तरह का लचीलापन दिखाया है, वह वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है।

### एआई शेयरों के महंगे वैल्युएशन से रिस्क बढ़ा

**1. जेफरीज की चेतावनीः** वैश्विक इक्विटी रणनीति के प्रमुख क्रिस्टोफर वुड ने चेतावनी दी कि स्पेसएक्स, एंथ्रोपिक और ओपनएआई के मेगा आईपीओ बाजार से लिक्विडिटी (नकदी) को सोख लेंगे। स्पेसएक्स का आईपीओ एआई के चरम का संकेत हो सकता है।

**2. पारंपरिक आईटी शेयरों में पैसा लौटेगाः** अल्फानीति फिनटेक के यूआर भट के मुताबिक एआई का कॉन्सेप्ट लंबा चलेगा, लेकिन इन कंपनियों का वैल्युएशन चिंताजनक है। निवेशक असहज हैं। इस गिरावट से पैसा वापस पारंपरिक आईटी शेयरों में लौट सकता है।

**3. यह स्वाभाविक मुनाफावसूलीः** वैलेंटिस एडवाइजर्स के ज्योतिवर्धन जयपुरिया ने कहा एआई में बड़ी रैली के बाद मुनाफा वसूली हो रही है। निवेशक इन कंपनियों के कैपिटल एक्सपेंडिचर पर सवाल उठा रहे हैं।

**एजीएम** • एआई से 37 लाख करोड़ के अवसर बनेंगे

# एआई से आईटी को खतरा नहीं, यह ताकत बनेगाः नंदन नीलेकणी

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरु

आईटी कंपनी इन्फोसिस साल 2030 तक 30 से 37 लाख करोड़ रुपए के 'एआई-फर्स्ट' सर्विस मार्केट पर अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के चेयरमैन नंदन नीलेकणी ने भरोसा जताया है कि एआई टेक्नोलॉजी सर्विस कंपनियों को खत्म करने के बजाय उन्हें और अधिक मजबूत बनाएगा। कंपनी की 45वीं एजीएम में नीलेकणी ने जेनरेटिव एआई के कारण आईटी इंडस्ट्री में नौकरियों और भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों पर विराम लगाया। उन्होंने कहा कि जेनएआई के आने के तीन साल बाद भी इन्फोसिस पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है और पूरी तरह तैयार है। हालांकि कोडिंग टूल्स से उत्पादकता बढ़ी है, लेकिन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट लाइफ साइकिल में अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। असली वैल्यू तब पैदा होगी जब इंटेलिजेंट एआई सिस्टम को पारंपरिक ट्रांजैक्शन सिस्टम के साथ जोड़ा जाएगा। इन्फोसिस शीर्ष 200 क्लाइंट्स में से 90% के साथ उनके एआई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है।



### बड़ी कंपनियों में एआई डिप्लॉयमेंट गैप खत्म करना बड़ी चुनौती

नीलेकणी के अनुसार, बड़ी कंपनियों के सामने चुनौती एआई की क्षमताओं और उसे जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर लागू करने के बीच का अंतर है। इसी अंतर को पाटना हमारा मुख्य काम है। एआई हमारी जैसी कंपनियों को रिप्लेस नहीं करेगा, बल्कि यह उनकी ताकत बढ़ाएगा जो उद्देश्य के साथ आगे बढ़ेंगी और तेजी से खुद को बदलेंगी।

**बिजनेस ब्रीफ**

### स्क्वेयर याड्र्स यूनिकॉर्न, बनी, जुटाए 900 करोड़

**नई दिल्ली** | रियल एस्टेट कंसल्टेंट कंपनी स्क्वेयर याड्र्स ने कारोबार के विस्तार और कर्ज चुकाने के लिए निवेशकों से 900 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस फंडिंग के बाद कंपनी का वैल्यूएशन 1 अरब डॉलर से अधिक हो गया है, जिससे यह यूनिकॉर्न बन गई है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का रेवेन्यू 48% बढ़कर 2,086 करोड़ रुपए रहा।

### भारती एयरटेल ने अफ्रीका यूनिट में शेयर बढ़ाया

**नई दिल्ली** | एयरटेल ने 28,200 करोड़ रुपए के शेयर-स्वैप सौदे के जरिए एयरटेल अफ्रीका में हिस्सेदारी 16.3% बढ़ाकर 79% कर ली। यह सौदा कैशलेस है, जिससे कंपनी को बिना कर्ज लिए हाई ग्रोथ वाली एसेट्स में हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिला। एयरटेल अफ्रीका का मुनाफा बीते वित्त वर्ष में दोगुना होकर 81.3 करोड़ डॉलर रहा है।

### आरबीआई ने बैंकिंग सिस्टम में डाली नकदी

**मुंबई** | आरबीआई ने बैंकिंग सिस्टम में कैश की किल्लत दूर करने के लिए 1.41 लाख करोड़ रुपए डाले। ऐसा सात दिवसीय वेरिएबल रेट रेपो नीलामी के माध्यम से किया गया। जीएसटी भुगतान के चलते सिस्टम में नकदी की तंगी हो गई थी, जिससे बाजार दरें प्रभावित हुई थीं। केंद्रीय बैंक बीते कुछ दिनों से नकदी उपलब्ध करा रहा है, ताकि मनी मार्केट में ब्याज दरें स्थिर रह सकें।

### नियम बदले, MSME को मिलेगा सस्ता कर्ज

**मुंबई** | आरबीआई ने 23 जून 2026 को ट्रेड्स (TReDS) प्लेटफॉर्म के नियमों को सरल बनाते हुए फाइनेंसरों के लिए क्रेडिट गारंटी अनिवार्य कर दी है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एमएसएमई अपने बिलों को नीलाम कर तुरंत नकदी जुटा सकते हैं। गारंटी मिलने से फाइनेंसरों का जोखिम कम होगा और छोटे व्यापारियों को सस्ती दरों पर कर्ज मिलेगा।

### गोल्ड लोनः एनबीएफसी का बढ़ रहा है दबदबा

**मुंबई** | गोल्ड लोन बाजार में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी घट रही है। बेहतर डिस्ट्रीब्यूशन और तेज सर्विस के कारण निजी बैंक और एनबीएफसी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। एक्सपेरियन की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 की मार्च तिमाही में एनबीएफसी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 44% हो गई। अब ग्राहक आसान लोन प्रक्रिया के कारण गैर-बैंकिंग संस्थानों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## आकासा एयर 2 साल में आईपीओ लाएगी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

विमानन कंपनी आकासा एयर अगले दो से चार वर्षों में अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के सीएफओ अंकुर गोयल ने स्पष्ट किया कि आईपीओ आना पूरी तरह तय है, बस इसकी टाइमिंग कंपनी के विभिन्न कारोबारी लक्ष्यों को हासिल करने पर निर्भर करेगी। इन लक्ष्यों में लगातार लाभप्रदता, मजबूत कैश फ्लो और एबिटा पॉजिटिव बने रहना शामिल है। सितंबर 2025 से मार्च 2026 के दौरान कंपनी का एबिटा पॉजिटिव रहा है। अगस्त 2022 में परिचालन शुरू करने वाली आकासा एयर के पास वर्तमान में 39 विमानों का बेड़ा है, जिसे साल 2032 तक बढ़ाकर 226 करने का लक्ष्य है। फिलहाल एयरलाइन 34 गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

## स्पेसएक्स... वैल्युएशन 66 लाख करोड़ घटी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

रिकॉर्ड लिस्टिंग के बाद इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में सोमवार को 16% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इस बड़ी बिकवाली के कारण कंपनी के शेयर पहली बार अपनी 150 डॉलर की लिस्टिंग प्राइस से नीचे बंद हुए। कंपनी के मार्केट कैप में 700 बिलियन डॉलर (करीब 66 लाख करोड़ रुपए) की भारी कमी आई है, जिससे स्पेसएक्स दुनिया की चौथी सबसे मूल्यवान कंपनी के पायदान से खिसककर सातवें स्थान पर आ गई है। 1.9 लाख करोड़ के भारी-भरकम इन्वेस्टमेंट-ग्रेड बॉन्ड जारी करने की घोषणा से निवेशक सतर्क हो गए हैं।



## सिर्फ विदेशी जमा कवर करेगी स्वैप सुविधा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट (एफसीएनआर) डिपॉजिट के लिए स्वैप सुविधा सिर्फ मूल जमा राशि को कवर करेगी। यह वह विदेशी मुद्रा खाता है जिसमें अनिवासी भारतीय अपनी कमाई जमा रखते हैं। इस योजना में ब्याज का हिस्सा शामिल नहीं होगा। आरबीआई ने एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट, एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग और ओवरसीज फॉरेन करेंसी बॉरोइंग पर जारी दिशा-निर्देशों में यह स्पष्ट किया। खाताधारकों को इस जमा राशि के बदले लोन दे सकेंगे। गिरवी रखने की छूट होगी। विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए बैंक अपनी डॉलर जमा राशि को आरबीआई के साथ रुपए के बदले स्वैप करने की सुविधा ले सकते हैं।

**रफ्तार** • शाओमी की इलेक्ट्रिक कार ने रचा इतिहास, बिना ड्राइवर 210 किमी प्रति घंटे से दौड़ी वाईयू7 जीटी, 73 मोड़ से भी गुजरी



**बीजिंग**| चाइनीज टेक कंपनी शाओमी की इलेक्ट्रिक 'वाईयू7 जीटी' ने सबसे तेज ऑटोनॉमस (बिना ड्राइवर के) कार का रिकॉर्ड बनाया है। इस एसयूवी ने नूरबर्गिंग के खतरनाक 21 किमी लंबे 'नॉर्थ लूप' को बिना किसी इंसानी मदद के सिर्फ 10:29.483 मिनट में पूरा किया। इस दौरान कार ने 73 मोड़ों और 1,000 फीट के उतार-चढ़ाव को पार किए। साथ ही, 210 किमी/घंटा की टॉप स्पीड हासिल की। 990 हॉर्सपावर और डुअल-मोटर से लैस यह फ्लैगशिप एसयूवी महज 3 सेकंड में 0 से 96 किमी/घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है।

**बिजनेस एंकर** जीरो निवेश और मुनाफे के इस अनोखे फॉर्मूले से सोल में उमड़ रहे हैं लाखों विदेशी पर्यटक

# द कोरिया के टूरिज्म का ग्लोबल इंजन बने 'बर्थडे कैफे'

भास्कर न्यूज़ | सोल

दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल का होंगडे इलाका कैफे के घने जंगलों के लिए मशहूर है। लेकिन इन दिनों यहां की हवाओं में सिर्फ कॉफी की महक नहीं, बल्कि अरबों डॉलर की के-पॉप इंडस्ट्री की आर्थिक ताकत भी तैर रही है। यहां हर कुछ कदमों पर कैफे के बाहर किसी न किसी खूबसूरत स्टार के बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर्स दिख जाएंगे। मोबाइल थामे युवाओं की भारी भीड़ इन दुकानों के चक्कर काट रही है। यह दक्षिण कोरिया का तेजी से बढ़ता 'बर्थडे कैफे' कल्चर है, जो अब एक बेहद सफल और संगठित बिजनेस मॉडल का रूप ले चुका है। बर्थडे कैफे का पूरा ढांचा 'फैन-क्रिएटेड और फैन-फंडेड' इकोनॉमी पर टिका है।

स्टार्स के जन्मदिन से महीनों पहले, फैन क्लब खुद आपस में पैसे जुटाते हैं और इवेंट प्लानर की भूमिका में आ जाते हैं। वे कैफे मालिकों से संपर्क कर कुछ दिनों के लिए पूरा कैफे किराए पर लेते हैं या उनके साथ पार्टनरशिप करते हैं। इसके बाद कैफे को पूरी तरह उस स्टार की तस्वीरों, गुब्बारों और थीम आधारित मर्चेंडाइज से सजा दिया जाता है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक कैफे मालिकों के लिए यह 'जीरो-इन्वेस्टमेंट और हाई-प्रॉफिट' यानी शून्य निवेश और तगड़े मुनाफे का सौदा है। सजावट और मर्चेंडाइज का पूरा खर्च फैंस उठाते हैं, जबकि कैफे मालिक सिर्फ कॉफी और डेजर्ट बेचते हैं। सामान्य दिनों की तुलना में इन इवेंट्स के दौरान कैफे की बिक्री कई गुना बढ़ जाती है। 'कैफे ईयू'की मालकिन यू जी-ह्ये बताती हैं कि पीक सीजन में यहां पैर रखने की जगह नहीं होती। ग्राहक आकर्षित करने के लिए एक अनोखा मार्केटिंग टूल 'कप स्लीव्स' और "फोटो कार्ड्स' अपनाया जाता है।

जब कोई फैन ड्रिंक खरीदता है, तो उसे स्टार की तस्वीर वाला कस्टमाइज्ड कप होल्डर और स्टिकर्स मुफ्त मिलते हैं। इस बिजनेस मॉडल की सफलता को देखते हुए अब इसका दायरा के-पॉप से बाहर निकलकर कोरियन एक्टर्स, फुटबॉल-बेसबॉल खिलाड़ियों तक फैल चुका है। यहां तक कि धार्मिक संस्थाएं भी इसे अपना रही हैं। सोल के योनह्वासा मंदिर के पास बुद्ध पूर्णिमा पर 'हैप्पी बुद्धा डे' थीम वाला बर्थडे कैफे खोला गया, जहां युवाओं को 'लोटस लाते' के साथ बुद्ध के फोटो कार्ड दिए गए।

### ग्लोबल फैंस आकर 8 से 10 अलग-अलग कैफे जा रहे, होटल, परिवहन को भी बूस्ट




यह ट्रेंड दक्षिण कोरिया के टूरिज्म का ग्रोथ इंजन बन गया है। अमेरिका, यूरोप और एशिया के देशों से लाखों के-पॉप प्रशंसक पसंदीदा आइडल का 'बर्थडे वाइब' महसूस करने सोल आते हैं। ये विदेशी पर्यटक सोल आकर बकायदा कैफे टूर प्लान करते हैं, जिसमें वे एक दिन में 8 से 10 अलग-अलग कैफे की यात्रा करते हैं। इससे कैफे इंडस्ट्री, स्थानीय होटलों, परिवहन और रिटेल मार्केट को भी बूस्ट मिल रहा है। इस नेटवर्क को संभालने के लिए अब बकायदा डिजिटल प्लेटफॉर्म और एप्स बन चुके हैं, जहां फैंस इवेंट की लिस्टिंग, मर्चेंडाइज की डिटेल और मैप देख सकते हैं।

**चिंता** • टेक फर्म में एआई से बड़ी छंटनी

## ओरेकल ने 1 साल में 21,000 कर्मचारियों को बाहर किया

एजेंसी | न्यूयॉर्क

दुनिया की दिग्गज टेक कंपनियों में से एक ओरेकल कॉर्प ने बीते 12 महीनों में अपनी वर्कफोर्स से 21 हजार कर्मचारियों को बाहर कर दिया है। यह कटौती पहले के अनुमानों से काफी अधिक है। इसमें एआई तकनीक के उपयोग से प्रभावित पद भी शामिल हैं। इस छंटनी का बड़ा हिस्सा भारत में भी देखा गया, जहां कंपनी के कुल भारतीय वर्कफोर्स में से बड़ी संख्या में पद प्रभावित हुए हैं। कंपनी ने सोमवार को अपनी एनुअल फाइनेंशियल रिपोर्ट में पुष्टि की कि कंपनी के ऑपरेशंस में एआई का उपयोग बढ़ने से छंटनी का सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है। वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी के वैश्विक पूर्णकालिक कर्मचारियों की संख्या 1.62 लाख से घटकर 1.41 लाख रह गई। इस पुनर्गठन प्रक्रिया पर कंपनी को करीब 17,057 करोड़ रुपए खर्च करने पड़े हैं। ओपनएआई जैसे ग्राहकों के लिए एआई डेटा सेंटर्स का महंगा निर्माण ओरेकल पर वित्तीय दबाव बढ़ा रहा है। नकदी बचाने के लिए इस साल की शुरुआत में ही ओरेकल ने छंटनी शुरू कर दी थी। मई अंत तक कंपनी में 49 हजार अमेरिकी और 92 हजार अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी थे।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

- 📍English Editorials PDF with International Neespapers Editorials [35-40pages]
- 📍 Hindi Editorials PDF
- 📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International
[Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world.
Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

## Click below to Join this Community 👇

Click Here